

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 05 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## ट्रंप की तारीफ में बिछे जा रहे थे शहबाज

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे बिछे नजर आए. मिस्र के शर्मअल शेख में गाजा पीस समिट के दौरान उन्होंने न केवल ट्रंप की खुलकर तारीफ की, बलकि यहां तक कह डालाकि अगर ये सज्जन न होते... तो भारत और पाकिस्तान परमाणु शक्ति हैं, ये कौन बता पाता. उन्होंने ट्रंप को 'मैन ऑफ पीस' कहकर पुकारा. उधर, उनकी तारीफ सुनकर ट्रंप खुशी से झूमते नजर आए. लेकिन असली खेल तब हुआ, जब ट्रंप ने मोर्चा संभाला. उन्होंने उसी वक्त भारत को महान देश बता दिया. इतना ही नहीं, शहबाज शरीफ भी हुकारी भी परवाई. शहबाज शरीफ ने डोनाल्ड ट्रंप को एक ऐसा नेता बताया, जिसकी इस समय दुनिया को सबसे ज्यादा जरूरत है. साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार दिए जाने की वकालत भी की. शहबाज शरीफ ने कहा, आज का दिन समकालीन इतिहास के सबसे महान दिनों में से एक है.

# पीएम मोदी से कनाडा की विदेश मंत्री ने की मुलाकात, व्यापार, कृषि और एनर्जी समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्लीः पीएम मोदी ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से सोमवार को मुलाकात की। इसमें दोनों देश के बीच व्यापार, टेक्नोलॉजी, एनर्जी, कृषि और पारस्परिक विकास और समृद्धि के लिए लोगों के बीच आदान-प्रदान में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। इस बैठक की जानकारी शेयर करते हुए पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा,"कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद आपका स्वागत है। उनके साथ दोनों देश के बीच व्यापार, टेक्नोलॉजी, एनर्जी, कृत रहीषि और पारस्परिक विकास और समृद्धि के लिए लोगों के बीच आदान-प्रदान में सहयोग बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की गई।"



अनीता आनंद ने इस बैठक के बारे में सोशल मीडिया पर लिखा कि मैंने आज सुबह नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस गर्मी में जी7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की पीएम मोदी से हुई मुलाकात के बाद, कनाडा और भारत अपने देशों के बीच संबंधों को मजबूत कर रहे हैं, साथ ही कानून प्रवर्तन और सुरक्षा संवाद को बनाए रखते हुए और अपने आर्थिक संबंधों का विस्तार कर रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, विज्ञान भवन में कनाडा की विदेश मंत्री ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से भी बातचीत की। बैठक की जानकारी देते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जानकर मुझे बहुत खुशी हुई।

हमारी चर्चा एनर्जी, टेक्नोलॉजी और फूड सिक्योरिटी के क्षेत्र में सहयोग पर केंद्रि। साथ ही, विश्वास और सम्मान पर आधारित पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए भारत की तत्परता पर भी जोर दिया गया।

इससे पहले, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी उनकी मुलाकात हुई और इसके बाद एक साझा बयान जारी भी किया गया। बयान में कहा गया कि दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर रोडमैप तैयार किया गया। दोनों मंत्रियों ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अस्थिरता एवं तनाव के समय में मजबूत साझेदारी जरूरी है।

## जीएसटी कटौती से महंगाई दर घटकर 1.54% पर पहुंची खुदरा मुद्रास्फीति दर 8 वर्षों के निचले स्तर पर

समाज जागरण

नई दिल्लीः खुदरा मुद्रास्फीति दर सितंबर में कम होकर 1.54



प्रतिशत हो गई है। यह महंगाई का जून 2017 के बाद सबसे निचला स्तर है। यह जानकारी सरकार की ओर से जारी किए गए डेटा में दी गई। सितंबर में खुदरा महंगाई दर में अगस्त के मुकाबले 0.53 प्रतिशत की कमी आई है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से बताया गया कि खाद्य महंगाई दर सितंबर में -2.28 प्रतिशत रही है। ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई दर -2.17 प्रतिशत और शहरी इलाकों में खाद्य महंगाई दर -2.47 प्रतिशत रही है।

खाद्य महंगाई दर अगस्त में 0.64 प्रतिशत थी। महंगाई दर में कमी की वजह GST सुधार को माना जा रहा है, जिससे देश में दैनिक उपभोग से लेकर गाड़ियों तक की कीमतों में कमी देखी गई है।

सरकार की ओर से बताया गया कि सितंबर में आवासीय मुद्रास्फीति 3.98 प्रतिशत रही है, जो कि अगस्त में 3.09 प्रतिशत थी। शिक्षा मुद्रास्फीति की दर सितंबर में 3.44 प्रतिशत रही है, जो कि अगस्त 2025 में 3.60 प्रतिशत थी।

परिवहन और संचार में मुद्रास्फीति दर सितंबर 2025 में कम होकर 1.82 प्रतिशत हो गई है, जो कि अगस्त 2025 में 1.94 प्रतिशत थी। ईंधन और ऊर्जा में खुदरा मुद्रास्फीति दर सितंबर में 1.98 प्रतिशत रही है, जो कि अगस्त में 2.32 प्रतिशत थी।

इस महीने की शुरूआत में फ्ङक एमपीसी के फैसलों का ऐलान करते हुए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्त वर्ष 26 के लिए महंगाई दर अनुमान को घटा दिया है। केंद्रीय गवर्नर ने वित्त वर्ष 26 (चालू वित्त वर्ष) के लिए रिटेल महंगाई दर के अनुमान को घट-ाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया, जो कि अगस्त एमपीसी में 3.1 प्रतिशत पर था।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए महंगाई दर के अनुमान को 2.1 प्रतिशत से घटाकर 1.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही के अनुमान को 3.1 प्रतिशत से घटाकर 1.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही के लिए 4 प्रतिशत कर दिया है। फ्ङकने अनुमान में आगे बताया कि वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में महंगाई 4.5 प्रतिशत रह सकती है।

# राजस्थान में समय पर न्याय सुनिश्चित करेंगे तीन नए कानूनः अमित शाह

समाज जागरण

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान में नए आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि 160 साल पुराने कानून को समाप्त कर केंद्र सरकार जो तीन नए कानून लाई है, उनके माध्यम से 2027 के बाद जो भी एफआईआर होगी, उस पर तीन साल के अंदर ही सुप्रीम कोर्ट तक न्याय दिलाने की व्यवस्था इस कानून से हो जाएगी।

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, "तीन नए कानून सभी को सरलता से और समय पर सुलभ न्याय देने का कार्य करेंगे

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, "तीन नए कानून सभी को सरलता से और समय पर सुलभ न्याय देने का कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री




नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को 'ईज ऑफ लिविंग' दिया है और इन कानूनों से 'ईज ऑफ जस्टिस' भी मिलेगा। हमारी न्याय प्रणाली अब दंड के स्थान पर न्याय के सिद्धांत पर कार्य करेगी।"

### आपराधिक न्याय से जुड़े लोगों को मेरा विनम्र अनुरोध है कि राजस्थान में लगाए गए तीन नए कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी जरूर देखें

उन्होंने अपील करते हुए कहा, "आपराधिक न्याय से जुड़े लोगों को मेरा विनम्र अनुरोध है कि राजस्थान में लगाए गए तीन नए कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी जरूर देखें।" उन्होंने कहा कि राजस्थान में सजा दिलाने की दर पहले महज 42 प्रतिशत थी। तीन नए कानून लागू हुए सिर्फ एक साल ही हुआ है और यह दर बढ़कर 60 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। अमित शाह ने कहा, "जब इनका पूर्ण रूप से इंप्लीमेंटेशन हो जाएगा, तब सजा दिलाने की दर 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। इन कानूनों में सभी प्रकार की वैज्ञानिकता की व्यवस्था की गई है।

### तीन नए कानूनों में 29 से अधिक स्थानों पर समय-सीमा भी निर्धारित की गई है

उद्घाटन भाषण में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, "तीन नए कानूनों में 29 से अधिक स्थानों पर समय-सीमा भी निर्धारित की गई है। 90 दिनों में पीड़ित को अपडेट देना अनिवार्य है। 14 दिनों में पुलिस रिपोर्ट की प्रति पीड़ित को देनी होगी। 60 दिन और 90 दिन में चार्जशीट दाखिल करनी होगी।" अमित शाह ने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में मोदी सरकार के सुधार 21वीं सदी के सबसे बड़े रिफॉर्म्स हैं। इसके लागू होने के बाद हमारी न्याय प्रणाली पूरी दुनिया में सबसे आधुनिक बन जाएगी।(इनपुट-आ-ईएएनएस)

## बिहार चुनाव 2025: राजद के दो विधायक जदयू में, नवादा में नया सियासी समीकरण, टिकट कटने से पहले बदला पाला

समाज जागरण

नवादा. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखें नजदीक आते ही नवादा ज़िले की राजनीति में एक बड़ा भूचाल आ गया है. राष्ट्रीय जनता दल को एक झट-के में दो बड़े विधायक गंवाने पड़े हैं. नवादा सीट से विधायक विभा देवी और रजौली (सुरक्षित) सीट से विधायक प्रकाश वीर ने राजद का साथ छोड़कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड का दामन थाम लिया है. यह दल-बदल बिहार की चुनावी गहमागहमी के बीच सबसे बड़ी खबर है. दोनों विधायकों ने सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 को पटना में जदयू के पार्टी कार्यालय में विधिवत रूप से पार्टी की सदस्यता ली.




### पल भर में बदल गई नवादा की सियासी हवा

आपको बता दें कि यह सारा घटनाक्रम बेहद तेजी से हुआ है। दोनों विधायकों के बारे में लंबे समय से यह चर्चा थी कि वे RJD से खुश नहीं हैं. दरअसल, नवादा में राजद को तब एक बड़ा झटका लगा था जब राजद के पूर्व विधायक कौशल यादव राजद में शामिल हो गए थे. माना जा रहा है कि कौशल यादव को नवादा से राजद का टिकट मिलने की पूरी संभावना है, जिसके बाद विभा देवी के लिए अपनी पुरानी सीट पर खतरा बढ़ गया था. इसी टिकट कटने की आशंका और पार्टी से नाराजगी के चलते इन दोनों विधायकों ने रविवार को ही विधानसभा की सदस्यता और राजद पार्टी से इस्तीफा दे दिया था.

## EPFO का बड़ा फैसलाः अब PF अकाउंट से निकाल सकेंगे 100 फीसदी रकम!

नई दिल्ली. नौकरीपेशा लोगों के लिए एक सरकार ने एक और खुशखबरी देने की तैयारी की है. अब कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने पीएफ खाते से पात्र रकम की 100 फीसदी धनराशि निकालने की अनुमति दे दी है. ये फैसला कर्मचारियों की भलाई को बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है. नई दिल्ली में हुई कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) की 238वीं सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (CBT) बैठक में ये बड़ा फैसला लिया गया. बैठक की अध्यक्षता श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने की. इस बैठक में यह तय किया गया कि अब कर्मचारी अपने PF Aकाउंट से कर्मचारी और नियोक्ता दोनों का पूरा अंशदान (100%) निकाल सकते हैं. पहले पूरी निकासी केवल रिटायरमेंट या बेरोजगारी की स्थिति में ही संभव थी.

### आसान हुए आंशिक निकासी के नियम

फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक खबर के मुताबिक अब आंशिक निकासी के 13 जटिल नियमों को मिलाकर तीन आसान श्रेणियां बना दी गई हैं- जरूरी जरूरतें (बीमारी, शिक्षा, शादी), आवास संबंधी जरूरतें, और विशेष परिस्थितियां. इसके अलावा, अब शिक्षा के लिए 10 बार और शादी के लिए 5 बार तक निकासी की अनुमति होगी, जबकि पहले ये सीमा तीन बार तक ही थी. साथ ही, आंशिक निकासी के लिए न्यूनतम सेवा




अवधि अब 12 महीने कर दी गई है. विशेष परिस्थितियों के तहत अब सदस्यों को निकासी का कारण बताने की भी जरूरत नहीं होगी- यानी अब क्लेम रिजेक्शन की समस्या नहीं रहेगी.

## ट्रम्प ने फिर दोहराया दावाः 200% टैरिफ की धमकी ने भारत-पाक विवाद सुलझाया

नई दिल्ली / वॉशिंगटन, 13 अक्टूबर 2025 – अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने कुछ अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का समाधान टैरिफ की धमकी से कराया – जिनमें भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनातनी भी शामिल है – और कहा कि वे कुछ पक्षों पर 100%, 150%甚至 200% तक के टैरिफ लगाने की बात कह चुके हैं।

ट्रम्प ने मिस्र जाकर इजराइल-हमास के बीच हुए युद्धविराम समझौते पर आयोजित शांति शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के क्रम में यह टिप्पणी की। उन्होंने यह भी कहा कि उनके टैरिफ दबाव ने कई घटनाओं को 24 घंटे के भीतर शांत कर दिया।

उन्होंने यह भी दावा किया कि उनसे जुड़े शांति प्रयासों में यह समझौता कुल मिलाकर उनका आठवाँ सुलझाया गया संघर्ष होगा। ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ ने उन्हें "कूटनीतिक और वातार्कार क्षमता" दी है और इसी रणनीति का इस्तेमाल उन्होंने अन्य मामलों में भी किया।

प्रमुख समाचार एजेंसियों और मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ट्रम्प के इन दावों पर कुछ विश्लेषक और विदेश नीति विशेषज्ञ संदेह जता रहे हैं, क्योंकि टैरिफ-कदमों का प्रभाव और संधि-बाँध समझौतों की पृष्ठभूमि बहु-आयामी और जटिल होती है। वहीं प्रशासन ने इस प्रकार की दावों का विस्तार से स्वतंत्र सत्यापन अभीतक सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत नहीं किया है।

## भारत की तकनीकी राजधानी में विदेशी अनुभव ने मचाई चर्चा
# रूसी महिला ने बताया, "बेंगलुरु अब यूरोप जितना महंगा"

समाज जागरण

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रहने वाली एक रूसी महिला ने अपने जीवन-यापन के खर्च का ब्यौरा साझा कर सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। यूलिया असलमोवा नाम की इस महिला ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो और लंबा कैप्शन साझा किया है, जिसमें उन्होंने भारत में अपने 11 साल के अनुभव और खर्चों की तुलना यूरोपीय शहरों से की है।

असलमोवा ने लिखा, "जब मैं 11 साल पहले अपने काम के प्रोजेक्ट के लिए बेंगलुरु आई थी, तब सब कुछ बहुत ही किफायती था। एचएसआर में एक सुंदर 2 BHK घर मात्र 25,000 में



किराए पर मिल जाता था, और हवाई अड्डे तक कैब का किराया ₹700 के आसपास था।"

वह आगे लिखती हैं, "अब हालात बदल गए हैं। आज तीन लोगों के परिवार के लिए ठीक-ठाक जीवनयापन का खर्च ₹2.5 लाख रुपये प्रति माह से कम नहीं है। घरेलू सहायिका के लिए ही 45,000 देने पड़ते हैं। बेंगलुरु की जीवनशैली अब स्पेन, पुर्तगाल, ग्रीस या रूस के सेंट पीटर्सबर्ग जैसी हो चुकी है।"

हालाँकि असलमोवा ने यह भी कहा कि वह शिकायत नहीं कर रही हैं। "मुझे मेहनत करना और ज़िंदगी का आनंद लेना पसंद है। भारत मेरे लिए अवसरों से भरा देश है," उन्होंने लिखा।

इस वीडियो के बाद सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने भारतीय शहरों में बढ़ती महंगाई और जीवनशैली पर अपने विचार स-ाझा किए हैं।

### बिलों का ब्यौरा

अपने वीडियो में, असलमोवा ने अपने परिवार के मासिक खर्चों को इस प्रकार सूचीबद्ध किया: किराया 1,25,000, स्कूल 30,000, भोजन और घरेलू खर्च 75,000, घरेलू नौकरानी 45,000, स्वास्थ्य और फिटनेस 30,000, और पेट्रोल 5,000।

### ऑनलाइन मिली-जुली प्रतिक्रियाएँ

इस क्लिप को लगभग 3 लाख बार देखा जा चुका है और सोशल मीडिया पर लोगों की मिली-जुली राय है। एक यूजर ने टिप्पणी की, "घरेलू सहायिका 45,000? आप असल में ज्यादा पैसे दे रहे हैं और यह स्थानीय लोगों के लिए एक समस्या होगी।"

# सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका खारिज की – कहा, "मामला चुनाव आयोग के समक्ष उठाएँ"

समाज जागरण

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों पर दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले पर किसी विशेष जाँच दल की आवश्यकता नहीं है और याचिकाकर्ता को यह मुद्दा चुनाव आयोग के समक्ष उठाना चाहिए।

राहुल गांधी ने हाल ही में आरोप लगाया था कि 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान बेंगलुरु मध्य निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हेराफेरी हुई। उन्होंने चुनाव



आयोग पर कार्रवाई न करने का भी आरोप लगाया था।

हालाँकि, चुनाव आयोग ने इन आरोपों को "निराधार" बताते हुए कांग्रेस नेता से या तो माफी माँगने या शपथ लेकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराने को कहा था।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब मामला पूरी तरह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में चला गया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूची से जुड़ी शिकायतें पहले चुनाव आयोग के पास ही दर्ज कराई जानी चाहिए। इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक हलकों में एक बार फिर पारदर्शिता और मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर बहस छिड़ गई है।

# देश से ज्यादा विदेश में क्यों बोलते हैं मुख्य न्यायाधीश ?



भरी इजलास में अपनी और हवा में उछाला हुआ जूता देखकर अविचलित रहे मुख्य न्याधीश जस्टिस बीआर गवई उन गिने लोगों में शुमार किए जा सकते हैं जो राहुल गांधी जैसे हैं. जस्टिस गवई मुख्य न्यायाधीश होकर देश से ज्यादा विदेश में ज्यादा मुखर होकर बोलते हैं ठीक राहुल गांधी की तरह.जस्टिस गव ई भी सनातनियों और अंधभक्तों के निशाने पर उसी तरह हैं जैसे राहुल हैं.
गत दिनों वियतनाम के हनोई में आयोजित "ला एशिया" सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि न्यायाधीश अपने निर्णयों में जिन सिद्धांतों को व्यक्त करते हैं, वे न्यायालय की प्रशासनिक नीतियों में भी परिलक्षित हों। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि वकीलों और न्यायाधीशों की यह जिम्मेदारी है कि वे न्याय प्रणाली को मजबूत करें। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसकी पहुंच सिर्फ महानगरों तक ही सीमित न रहे, बल्कि देश के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए भी सुलभ हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि न्यायाधीश अपने निर्णयों में जिन सिद्धांतों को व्यक्त करते हैं, वे न्यायालय की प्रशासनिक नीतियों में भी परिलक्षित हों। उन्होंने कहा, मैं यह बताना चाहता हूं कि जब मैंने मई में भारत के प्रधान न्यायाधीश का पदभार ग्रहण किया था, तो मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक यह सुनिश्चित करना था कि न्यायालय में प्रशासनिक पदों की भर्ती में सकारात्मक कार्रवाई न केवल कागजों में, बल्कि पूरी तरह से लागू हो। मैंने निर्देश दिया कि हाशिये पर पड़े समुदायों को सभी प्रशासनिक नियुक्तियों में उनका उचित हिस्सा मिले और इन नीतियों को सुसंगत और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाए। गौतम बुद्ध, महात्मा गांधी और बीआर आंबेडकर द्वारा देखा गया समानता का सपना भारत के संविधान में निहित था और इसने उन लाखों लोगों के भाग्य का रुख मोड़ दिया, जो ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर थे और अपने मूल अधिकारों से वंचित थे। उन्होंने कहा कि वकीलों को मातृत्व अवकाश या समय की कमी जैसी धाराणाओं के कारण महिलाओं को नियुक्त करने में संकोच नहीं करना चाहिए इससे पहले गवई साहब मारीशस मे भी जस्टिस गवई ने कहा था कि भारत में कानून का राज है बुलडोजर का नहीं. जबकि सब धडल्ले से बुलडोजर चला रहे हैं. जस्टिस गव ई इस समय भगवान विष्णु की प्रतिमा पर की गई टिप्पणी को लेकर सनातन के निशाने पर हैं. सवाल ये कि जस्टिस गवई भारत में मुखर क्यों नहीं होते. क्या वे सनातनियों और भाजपाइयों से खौफ खाते हैं या फिर जानबूछ कर इन सबकी अनदेखी कर रहे हैं.क्या इस मुद्दे पर माननीय गवई साहब 23 नवंबर 2025 को सेवानिवृत होने बाद बोलेंगे ? क्या संविधान बचाने की राहुल गांधी की राष्ट्रव्यापी मुहिम को आने वाले कल में जस्टिस गवई का साथ मिलेगा?
गौर तलब है कि जस्टिस बीआर गवई की माँ कमला ताई ने जब से आर एस एस के शताब्दी हमारोह का निमंत्रण ठुकराया है तभी से संघ भी गवई को अघोषित रूप से अपना द्रोही मानने लगा है.

@ राकेश अचल

# भूखे भजन न होहिं गोपाला

भूखे भजन न होहिं गोपाला।
ले तेरी कंठी ले तेरी माला ॥
कोई कैसे यह बात मान ले।
कोई कैसे कोई वृत रख ले।

आज निर्जला वृत है महिलाओं का,
पूरा दिन परिवृता वह निराहार रहेंगी,
भूखी दिन भर रहकर पति की रक्षा का
वह दिन भर ईश्वर का भजन करेंगी।

खुद वह भूखी प्यासी होंगी
सबका भोजन तैयार करेंगी,
शायद ही कोई उनमें होगा,
यह निर्जल वृत नहीं रहेंगी।

उसकी कंठी, उनकी माला,
उसका सुखी परिवार ही है,
जिसकी रक्षा खातिर वो सारा
जीवन ईश्वर से प्रार्थना करती है।

भजन भी होंगे भाव भी होंगे,
घर बाहर के काम भी होंगे,
भूख भी होगी, गोपाल भी होंगे,
आदित्य कंठी और माल भी होंगे।

डॉ कर्नल आदि शंकर मिश्र
आदित्य, विद्यावाचस्पति लखनऊ

## बैठकी

# कलयुगी राजनीति से छुटकारा कब मिलेगा!!

बैठकी जमते हीं उमाकाका बोल पड़े --"सरजी, हमारे देश में दलितों, पिछड़ों और वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले राजनीतिक नेतागण खाकपति से अरबपति कैसे हो जाते हैं!! इस विषय पर आम जनता क्यों नहीं सोचती है!! केंद्र और राज्य स्तरीय नेताओं की बात तो छोड़िये,एक साइकिल पर चलने वाला पार्षद या गांव का प्रधान एक साल में हीं बोलोरो और स्कार्पियो पर चलने लगता है।जनता क्यों नहीं ध्यान देती!!"

काकाजी,इ घुसखोरी आ भ्रष्टाचार के विषइया कइसे याद आ गईल!!--मुखियाजी सोफे पर पसरते हुए।

मुखियाजी,कल दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी होटल घोटाले



'हर घर में एक सरकारी नौकरी, सरकार बनते ही 20 दिन में बनाएंगे कानून'; तेजस्वी यादव का बड़ा एलान

और रेलवे में जमीन के बदले नौकरी के भ्रष्टाचार में आखिरकार, लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर अपराधिक शाजिस के गंभीर आरोपों को तय कर दिया है। ये सारे घोटाले लालू प्रसाद यादव जब रेलमंत्री थे तब किये गये थे। उस समय श्रीमान लालू जी,रेल मंत्रालय को पारिवारिक दुकान बना दिये थे। इस केस में 14 अन्य आरोपी भी हैं। तुष्टीकरण, जातिवादी और परिवारवादी राजनीति का प्रभाव देखिये कि चारा घोटाले में सजायाफ्ता, लालूजी का नौंवी फेल तेजस्वी, जो इन घोटालों में भी चार्जशीटेड है, बिहार में होने वाले चुनाव में अपने को "बिहार के भविष्य अर्थात मुख्यमंत्री का चेहरा" बता रहा है। जबकि लालू का मुस्लिम तुष्टीकरण और जातिवादी राजनीति ही मुख्य आधार रहा है। जिसके दम पर "सामाजिक न्याय" दिलवाने के सहारे,सत्ता पर बैठाना, बिहार का दूर्भाग्य बन गया है।--मास्टर साहब मुंह बनाये।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमसभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता में.........

ठीक बोले मास्टर साहब! गरीबों,




वंचितों, दलितों, पिछड़ों की राजनीति करने वाले खाकपति नेताओं और उनके परिवार की अमीरी के किस्से अब जनता सुनने और देखने को मजबूर है।--सुरेंद्र भाई हाथ चमकाये।

मुखियाजी, विगत के बिहारी राजनीतिक तिकड़मबाजी की सफलता को देखते हुए,इन नेताओं को पक्का विश्वास है कि इस बार भी बिहार की जनता को मूर्ख बनाना,बायें हाथ का खेल है। तभी तो लालू सुपुत्र और राजद के मुख्यमंत्री दावेदार,तेजस्वी यादव ने बिहार चुनाव को लेकर एलान किया है कि "मेरी सरकार बनते हीं 20 दिनों के भीतर कानून बनाकर, बिहार के हर परिवार को एक सरकारी नौकरी देंगे।"
आइये,अब जरा इनके वादे की समीक्षा की जाय---
बिहार की आबादी लगभग 13 करोड़ है। यदि एक परिवार में 5 सदस्य मानकर चलते हैं तो 2 करोड़ 60 लाख परिवार




होते हैं। अभी बिहार में सरकारी कर्मचारियों की कुल संख्या करीब 23 लाख है तो कुल 2 करोड़ 37 लाख नौकरियां देनी होगी। यदि एक कर्मचारी का वेतन 30-40 हजार मान लिया जाय तो गणना कर लिजिये कि प्रतिवर्ष बिहार को दस लाख करोड़ से भी अधिक का बजट चाहिए। जबकि बिहार का कुल सालाना बजट हीं करीब 3 लाख करोड़ का है। मतलब तेजस्वी,जो जनता को सपना दिखा रहे हैं उसे पुरा करने में शायद 50 से 100 साल तो लगेंगे हीं फिर भी संदेह है क्योंकि जनसंख्या विस्फोट,बजट को उसी अनुपात में बढ़ा देगी। तो ऐसे असंभव काम करने का चुनावी वचन देना वो भी नौंवी फेल नेता के मुखारबिंदु से जो बस इस कहावत को चरितार्थ कर रहा है कि --"वचनम किम दरिद्रम"।--डा. पिंटू व्यंग्यात्मक लहजे में।

देश में,अइसन गंदा राजनीतिक परिवेश काहे बन गईल ए भाई!!--मुखियाजी खैनी ठोकते हुए।

मुखियाजी, आजादी के साथ हीं सर्वोच्च सत्ताशीन व्यक्तित्व का चुनाव हीं गलत हुआ। जहां राजनीति का आधार त्याग, इमानदारी, समरसता,हर व्यक्ति और धर्म के लिए समान भाव होना चाहिए था लेकिन दूर्भाग्य से इसके ठीक विपरित हुआ। ऐसे लोगों ने सत्ता सम्हाली,जिसने वो सारे तिकड़म और षड़यंत्र रचे ताकि भारत की सत्ता और सारे सुख उसके परिवार और समुदाय तक सीमित रहे। इतना हीं नहीं,संविधान को हथियार बनाकर एक ओर हिंदुओं को दुसरे दर्जे का नागरिक बनाया गया तो दुसरी ओर परिवारवाद, जातिवाद और संप्रदायवाद को प्रश्रय देकर, इसे हीं भारतीय राजनीति का आधार खड़ा किया गया। नियत यही रही कि "देश जाये भाड़ में,मेरा परिवार सर्वोपरि रहे। देश में कुछ लोग हीं रहे जो देश और देशवासियों के हित को सर्वोच्च लक्ष्य मानकर राजनीति किये लेकिन उनकी चली नहीं। आज मोदी और योगी सरकार भ्रष्टाचारियों पर एक्शन ले रही है और उनकी पोल खुल रही है। मोदी जहां "भ्रष्टाचार मुक्त भारत" की बात करते हैं तो विपक्ष कहता है कि "बदले की राजनीति हो रही है"।--कुंवरजी अखबार पलटते हुए।




ए सरजी,त भ्रष्टाचार आ घुसखोरी खत्म ना हो सकेला का!!--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी, हमारे देश की बात हीं अनमोल है। देख नहीं रहे हैं। हजारों करोड़ का नेशनल हेराल्ड घोटाले का आरोपी गांधी परिवार,किस मजे से बेफिक्र जमानत पर बाहर घुम रहा है!! सोनिया गांधी आज विश्व की चौथी सबसे धनी महिला हैं।यहां 70 हजार का कामनवेल्थ घोटाला,1 लाख 76 हजार का टूजी घोटाला,1 लाख 86 हजार करोड़ का कोयला घोटाला, बैंकों का लाखों करोड़ का लोन घोटाले को अंजाम दिया गया लेकिन निष्कर्ष क्या निकला!! प्रखंड स्तर पर देखिये तो एक अदना सा चपरासी से लेकर साहब लोग,सभी भ्रष्ट हैं। एक जेन्विन आदमी का राशनकार्ड बगैर 2 हजार घुस के नहीं बनता। मैं खुद ब्लॉक में देख चूका हूँ। अभी बिहार में किसानों से सर्वे फार्म जमा किया जा रहा है।ऑफलाइन फार्म जमा करने के लिए प्रति मौजा 100-200 रुपये कर्मचारी लेते हैं तब जमा करते हैं। मुखियाजी, मुगलों ने 500 बरसों में जितना लूटा, उतना हीं करीब




200 बरसों में अंग्रेजों ने लूटा लेकिन मात्र 50-60 बरसों में हीं उतनी लूट, देश के राजनीतिज्ञों ने की है। भारत आज भी सोने की चिड़िया है तभी न! जैसा कि कुंवर जी ने कहा--एक साइकिल चलाने वाला अदना सा पार्षद और गांव का मुखिया पद पाते हीं एक साल के भीतर स्कार्पियो या बोलेरो पर चलने लगता है!!--मैं खिन्न था।

आखिर का कमी बा जे भ्रष्टाचार जान नईखे छोड़त!!--मुखियाजी गंभीर दिखे।

मुखियाजी, भारत में भ्रष्टाचार की जड़ में यहां कि सड़ी-गली न्यायिक व्यवस्था, पुलिस व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था है। हमारे यहां की व्यवस्था कलयुगी है।




सिंगापुर,जापान और चीन में भ्रष्टाचार क्यों नहीं है!! इसलिए कि वहां की भ्रष्टाचार के संदर्भ में सतयुगी व्यवस्था है। अभी कुछ दिनों पहले चीन में भ्रष्टाचार को लेकर दो मंत्रियों और एक सरकारी बड़े ऑफिसर को फांसी की सजा दे दी गई। सच पुछिये तो जहां एक ओर हमारी सड़ी-गली भ्रष्टाचार नियंत्रण व्यवस्था है तो दुसरी ओर मूर्ख जनता, जो जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा,संप्रदाय आदि के आधार पर राजनीतिक दलों का समर्थन करती है और इन भ्रष्टाचारियों के बहकावे में आ जाती है।--मैं चुप हुआ।

ठीक बोले सरजी, एक समय था कि केंद्र से जनता के लिए 100 रुपये चलते थे तो आम आदमी तक आते आते 10-15 रुपये हो जाते थे। लेकिन मोदीजी की ईमानदार प्रयास है कि जनता को पुरा पैसा मिलता है। ईश्वर की कृपा से हीं मोदी,योगी जैसे कुछ ईमानदार राजनीतिज्ञ, आज देश को मिला है। लेकिन देखिये, बिहार का चुनाव सर पर है, और जनता,तुष्टीकरण करने वाली, परिवारवादी और जातिवादी राजनीति करने वाले दल को सत्ता सौंपती है या मोदीजी के बातों पर विश्वास जताती है!! अच्छा अब चला जाय।--कहकर डा. पिंटू उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.......!!!!!



प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

# स्वदेशी की धमक और दीए की चमक

दीप पर्व दिवाली का छोटा सा दीया अपनी टिमर - टिमर रोशनी के साथ बहुत बड़ा संदेश देता है। नन्हा सा दीपक कहता है कि दीपावली, प्रकाश का पर्व है । हर दीया संदेश देता है कि जीवन में सबके साथ हिलमिल कर रहने ,खुशियों की रोशनी बांटने,सबके जीवन में , सुख का उजास भरने और सबको मधुरता का अहसास कराने का ही दूसरा नाम है दीवाली ।
यह व्यष्टि नहीं समझती का पर्व है यानि अकेले आप कितना चमकें, कितना जलें पर दीवावली नहीं बन सकते ।समष्टि,व्यष्टि और देश व समाज की खुशहाली का महापर्व है दीपावली। । जो एक नहीं अनेक संदेश लेकर आता है।

**एक दिवाली अनेक संदेश :**

**सर्वजन हिताय का भाव :**
दीवाली का पर्व संदेश देता है कि जैसे दीपक प्रकाश के लिए है वैसे ही व्यक्ति समाजहित के लिये है । यदि दीया प्रकाश बांटने में कोई अवदान नहीं करता है तो महज मिट्टी का आग में पका पिंड मात्र है, उसकी कोई महत्ता नहीं है इसी प्रकार यदि व्यक्ति भी केवल अपने तक सीमित है वह राष्ट्र , धर्म व समाज के लिए कुछ नहीं कर रहा है तो उसका भी होना न होना बराबर है ।

**पांचो तत्वों का समभाव**
इतना ही नही हिल - मिलकर रहने के संदेश के रूप में दीया यह इंगित करता है कि उसकी महत्ता महज उसकी वजह से नहीं वरन बाती व तेल के कारण है । जब तक यें तीनों हिल-मिल कर रहते व कार्य करते हैं तभी तक समाज को रोशन कर सकते हैं तीनों एक दूसरे के बिना अधूरे हैं । साथ - साथ हों तब भी बात नहीं बनती उसके लिए भी अग्नि चाहिए, तूलिका चाहिए यानि प्रकाश अपने आप में जीवन के पांच तत्वों को समेटे है जो प्रतीक रूप में जल , अग्नि ,वायु , पृथ्वी व आकाश का प्रतिनिधत्व करते हैं दीए , तेल बाती आग व तूलिका के रूप में ।

**बांटें हर्ष और प्रकाश**
यदि हम देश समाज व जरूरतमंदो के लिए कुछ नहीं करते तो सब व्यर्थ है । अर्थ होने पर भी अर्थहीन है समाज के लिए कुछ नहीं करने वाला व्यक्ति । पर क्या आज इस छिपे संदेश को हम पढ़ समझ पा रहे हैं ? अगर समझते तो दिखावे पर धन न फूंकते, दुखियों के दुख को देख कर भी अनदेखा न करते अपितु दीए की तरह खुशियां बांटते ।

**समष्टि के प्रकाश का पर्व**
दीपावली में 'पांच' का बड़ा महत्व है यह सृष्टि के पंचतत्वों, पंच पुण्यों , पंच विकारों , मिष्टान्नों व पांच दीयों से शुरू होने वाला पर्व है । कार्तिक मास की अमावस्या को हम समष्टि के प्रकाश का पर्व बना सकते हैं । मिल जुलकर रहने का संदेश दे सकते हैं । जैसे प्रकाश पर्व अकेला नहीं आता बल्कि अपने साथ पांचपर्व धनतेरस, रूपचतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा, तथा यमद्वितीया लेकर आता है । वैसे ही हम भी सात्विक विचारों व गुणों को जोड़ कर, खुद दीए जैसे बनकर दीवाली की रोशनी को कहीं ज्यादा सार्थक बना सकते हैं ।

**मिलकर दें झिलमिल प्रकाश**
मिथकों में कहा गया है कि इन पांचों पर्वों की पूजा से चंचला लक्ष्मी स्थिर रूप से उस घर में विराजती हैं जहां कम से कम पांच लोग मिलकर पूजा करते हैं । धन , यश , वैभव , ज्ञान व बुद्धि की प्राप्ति के लिए दीवाली मनाने का उल्लेख वेदों में है तो इससे भी सबक लें हम । धर्म,जातिवाद,संप्रदायवाद,क्षेत्रियतावाद, संकीर्णता व सामाजिक कुरीतियों को नष्ट कर अपनी लक्ष्मी को स्थिर करने का प्रण लें इस बार दीवाली पर ।

**जोड़ें राम आयाम**
दिवाली मुख्यतः हिंदुओं का पर्व है और हिंदू इसे अपने तौर तरीकों, रीति-रिवाजों और संस्कृति के अनुसार मनाने के लिए स्वतंत्र हैं । उनके लिए राम के अयोध्या लौटने का बड़ा महत्व है । रावण का वध करके जहां दशरथ पुत्र राम अयोध्या वापस आते हैं और बाद में उसे समृद्ध व आदर्श राज्य बनाते हैं उसी तरह हम भी दिवाली के पर्व पर राम को महज दशरथ पुत्र राम की वापसी न मानकर राम रूपी तत्व में नए आयाम जोड़कर कुछ इस तरह मनाएं कि सत्य,न्याय मयार्दा, संस्कृति और अच्छाइयों का रामराज्य स्थापित हो सके। इसके लिए हमें अपने अंदर के उस रावण को मारना होगा जो हमारी नैतिकता, उज्ज्वल, चरित्र और उन अच्छे विचारों को मार रहा है ।

**प्रदर्शन नहीं दर्शन**
दिवाली पर हम मिट्टी के दीए जलाकर गरीबों के घर में दिवाली का प्रकाश भेजें जो हमारी ओर आशा भरी निगाहों से निहारते हैं । संपन्नता का प्रदर्शन भारत में कभी भी अच्छा नहीं माना गया है हम संपन्न हों, लक्ष्मी पुत्र बनें इसमें बुराई नहीं है लेकिन, अगर हम अपने आसपास के दुखी लोगों के चेहरों पर एक मुस्कान ला सकें तो इससे बड़ी संपन्नता और आत्म संतुष्टि दूसरी नहीं हो सकती ।

**सूरज न सही जुगनू तो बनें**
जैसे एक छोटा सा दीप घनघोर अंधेरे में जलता है और जितना भी हो सके प्रकाश करके अंधकार को लगातार चुनौती देता है उसी तरह हम भी अपनी जिजीविषा और नेक कमाई के जरिए इस घने अंधेरे में एक दीपक बनकर किसी के जीवन में चमक ला सकते हैं । सूरज न सही जुगनू तो बन ही सकते हैं।

**दीप नहीं दीपमाला बनें**
यह सोचना कि एक अकेले से भला क्या होने वाला है उचित नहीं है क्योंकि अगर हर दीया यह सोचने लगे कि उस अकेले के जलने से क्या होगा तो फिर दीपावली यानी दीपमाला अथवा दीपों की पंक्ति कैसे बनेगी और अंधेरा कैसे हारेगा ? इसी तरह मानव एक इकाई के रूप में जितना बन पड़े उतना करें और समष्टि के हितभाव के साथ मिलकर परोपकार की उजास फैलाएं ।

**अप्पो दीपः भवः**
दिवाली केवल प्रकाश पर्व नहीं अपितु मुक्ति का पर्व भी है जब यह जग हर तरह के तमस से मुक्त हो जाएगा तो रामराज्य कल्पना मात्र का विषय नहीं अपितु यथार्थ बन जाएगा आइए, राम की वापसी का जश्न स्वदेशी दीपों के प्रकाश के साथ राष्ट्रीयता, सामाजिक समरसता तथा उच्च आदर्शों से उज्ज्वल रामराज्य की स्थापना में अप्पो दीपः भवः के भाव के साथ योगदान दें।

डॉ घनश्याम बादल

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला 15 अक्टूबर को करेंगी महिला जनसुनवाई, ब्लॉक बिसरख में होगा "पोषण पंचायत कार्यक्रम" का आयोजन

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 13 अक्टूबर 2025। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला आगामी 15 अक्टूबर (बुधवार) को जनपद गौतम बुद्ध नगर के ब्लॉक बिसरख, ग्रेटर नोएडा में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करेंगी। यह जनसुनवाई प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगी।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद की महिलाओं से संबंधित शिकायतों, समस्याओं और सुझावों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना है। महिला आयोग की यह पहल महिलाओं को न्याय और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। जनसुनवाई के उपरांत डॉ. मीनाक्षी भराला "मिशन शक्ति" अभियान के तहत आयोजित "पोषण पंचायत कार्यक्रम" में भी भाग लेंगी। इस अवसर पर वे महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनकल्याणकारी कार्यक्रम का लाभ उठाएँ। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 13 अक्टूबर 2025। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 नवम्बर 2025 के आधार पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद, मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 06 नवम्बर 2025 तक पात्र स्नातक और शिक्षक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने हेतु फार्म-18 (स्नातक हेतु) और फार्म-19 (शिक्षक हेतु) में आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदन जनपद के 13 नामांकित मतदान केन्द्रों – जिनमें राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (सेक्टर-39, नोएडा), श्री अग्रसेन आदर्श इंटर कॉलेज (दादरी), अमीचन्द इंटर कॉलेज (कासना), जनता इंटर कॉलेज (जेवर) सहित अन्य केन्द्र शामिल हैं – पर कार्यालय समय में संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकरण हेतु आवेदक को अर्हता तिथि से तीन वर्ष पूर्व स्नातक होना आवश्यक है, जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकरण हेतु आवेदक को पिछले छह वर्षों में से कम से कम तीन वर्ष शिक्षक के रूप में कार्यरत रहना अनिवार्य है। आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाणपत्रों की प्रमाणित प्रति, निवास प्रमाण और पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो संलग्न करना होगा। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# कृषकों की समस्याओं के समाधान हेतु 15 अक्टूबर को होगा किसान दिवस का आयोजन

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 13 अक्टूबर 2025। जनपद गौतम बुद्ध नगर में किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आगामी 15 अक्टूबर (बुधवार) को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे से विकास भवन स्थित सभागार में संपन्न होगा। उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान दिवस का उद्देश्य किसानों की विभिन्न समस्याओं का स्थायी समाधान करना और कृषि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देना है। उन्होंने सभी किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्याएँ रखें। साथ ही उप कृषि निदेशक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर स्वयं उपस्थित रहकर किसानों की शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# गौतम बुद्ध नगर में 13 से 17 अक्टूबर तक मनाया जा रहा "सीपीआर जागरूकता सप्ताह"

गौतम बुद्ध नगर, 13 अक्टूबर 2025। जनपद गौतम बुद्ध नगर में 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका शुभारंभ आज जिलाधिकारी मेधा रूपम ने विकास भवन सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया।



इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सीपीआर जनजागरूकता की शपथ दिलाई और कहा कि हर व्यक्ति को आपात स्थिति में जीवन रक्षक तकनीकों का ज्ञान होना चाहिए, ताकि हृदयाघात जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में समय पर जीवन बचाया जा सके।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग और राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के विशेषज्ञों ने सीपीआर की महत्ता, प्रक्रिया और सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मानवेंद्र वैद्य ने बताया कि आपात स्थिति में सीपीआर कब और कैसे किया जाए, और किन बातों का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।

इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य आमजन में सीपीआर के प्रति समझ और संवेदनशीलता बढ़ाना है, ताकि जनपद में जीवन रक्षक उपायों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, निदेशक राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा ब्रिगेडियर डॉ. राकेश कुमार गुप्ता, जिला अधिकारीगण, चिकित्सकगण और कलेक्ट्रेट व विकास भवन के कर्मचारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# मा० सांसद एवं मा० विधायक खेल स्पर्धा की तैयारी हेतु बैठक 14 अक्टूबर को आयोजित

गौतम बुद्ध नगर, 13 अक्टूबर 2025। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार मा० सांसद एवं मा० विधायक खेल स्पर्धा के आयोजन की दिशा में आवश्यक तैयारियों पर चर्चा हेतु 14 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, गौतम बुद्ध नगर में बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे और इसमें खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न आयु वर्गों – सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर में पुरुष/बालक एवं महिला/बालिका वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन से संबंधित कार्ययोजना पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, खेल प्रशिक्षक और अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# दिवाली डांडिया नाइट में जमकर झूमे सेक्टर वासी।

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर 11 आरडब्ल्यूए द्वारा सेक्टर वासियों के लिए रविवार की शाम दिवाली डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिंगर अमन कश्यप के गीतों पर सभी सेक्टर वासी जमकर झूमे। सभी के लिए रविवार की शाम एक बार फिर यादगार बन गई। सेक्टर 11 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता के नेतृत्व में यह तीसरा दिवाली मिलन था। बच्चों और महिलाओं संग पुरुषों ने भी खूब ठुमके लगाए और डांडिया खेली। सभी सेक्टर वाले काफी प्रसन्न नजर आ रहे थे उनका कहना था कि ऐसे आयोजनों से व्यक्ति अपनी टेंशन भूल कर एक नई दुनिया में पहुंच जाता है, जो की एक अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। लोगों ने अनुज गुप्ता के नेतृत्व में सेक्टर के हित में हुए हर एक कार्य की प्रशंसा की। इस आयोजन में महासचिव दिनेश कृष्णन,




कोषाध्यक्ष एस सी अग्रवाल, सतीश कुमार, संजय वर्मा, कुंवर सिंह, रामचंद्र, विनय मोहन, पारस सक्सेना, ए एन गुप्ता, गिरीश नारायण, GL गिरोतरा ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महासचिव के के जैन, समाजसेवी डीपी गोयल, अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल जी, अग्रवाल मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार गोयल, तुषार गोयल संदीप अग्रवाल, शैलजा सक्सेना, राहुल द्विवेदी समेत सेक्टर व नोएडा के की गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में जिला रजिस्ट्रेशन एवं अल्ट्रासाउंड समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 13 अक्टूबर 2025। जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिला रजिस्ट्रेशन एवं अल्ट्रासाउंड समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के



विभिन्न अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण, नवीनीकरण एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने समिति को जनपद में संचालित चिकित्सा संस्थानों से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और हाल ही में किए गए निरीक्षणों की जानकारी दी। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अस्पताल एवं अल्ट्रासाउंड केंद्र पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नियमित निरीक्षण किए जाएँ और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे, एसीएमओ डॉ. चंदन सोनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# "संगीत मेरे लिए साधना है, प्रसिद्धि नहीं" — डॉ. बबीता शर्मा

### नोएडा सेक्टर-50 'बागबान' की सफलता पर मीडिया संवाद एवं दिवाली मिलन समारोह

समाज जागरण

नोएडा, 13 अक्टूबर 2025 – भक्ति संगीत और समाजसेवा की जगमगाती आवाज डॉ. बबीता शर्मा ने रविवार को नोएडा सेक्टर-50 स्थित अपने निवास पर आयोजित मीडिया संवाद एवं दिवाली मिलन समारोह में कहा –

**"संगीत मेरे लिए साधना है, प्रसिद्धि नहीं।"**

बागबान' कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में आयोजित इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने अपने जीवन की प्रेरणादायक यात्रा और सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला।

**संगीत और संस्कार की जड़ें अलवर से**

डॉ. बबीता शर्मा का जन्म अलवर के एक संयुक्त परिवार में हुआ, जहाँ रामचरितमानस की ध्वनि और भक्ति संगीत के सुर बचपन से ही उनके जीवन का हिस्सा रहे। उनके बाबा और चाचा प्रसिद्ध मानसगायक रहे, और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए डॉ. बबीता ने अलवर से स्नातक और जयपुर विश्वविद्यालय से संगीत में उच्च शिक्षा प्राप्त की।

महान गायक संगीत सम्राट पं. भीमसेन जोशी उनके शोध का विषय रहे। उसी पर उन्होंने अपना डॉक्टरेट शोध पूरा किया, जो उनके समर्पण और साधना का प्रमाण है।

**संगीत का पुनर्जन्म — पुत्र की प्रेरणा से**

विवाह और पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण कुछ वर्षों तक संगीत पीछे रह गया। किन्तु उनके पुत्र उत्कर्ष शर्मा के एक सरल प्रश्न –

"माँ, आपका स्वर इतना मधुर है... आपने संगीत क्यों छोड़ दिया?"

ने उनके भीतर के कलाकार को पुनः जागृत कर दिया। यही वह क्षण था जब डॉ. बबीता ने निश्चय किया कि संगीत उनके जीवन का साधना मार्ग बनेगा।



**नोएडा बनी कर्मभूमि**

नोएडा में उन्होंने सबसे पहले सेक्टर-19 के सनातन धर्म सभा मंदिर में सुंदरकांड का गायन किया। इस प्रस्तुति की अपार सफलता के बाद उनका संगीत सफर फिर से शुरू हुआ।

श्री टी.एन. गोविल, संजय बाली, विपिन मलहन, मान सिंह चौहान, वीरेश तिवारी, किरण बंसल, संजय गोयल और राजीव गर्ग जैसे संगीतप्रेमियों ने उनके प्रयासों को नई दिशा दी।

आज डॉ. बबीता शर्मा नोएडा और दिल्ली में भक्ति संगीत की एक सशक्त पहचान बन चुकी हैं।

**संगीत से समाजसेवा तक**

स्थिरता प्राप्त होने के बाद उन्होंने अपने संगीत को सेवा का माध्यम बनाया। उनकी प्रमुख सामाजिक सेवाएँ हैं:

1. गौ-सेवाः दिल्ली और नोएडा की गौशालाओं में नियमित सहयोग।
2. पक्षी संरक्षणः प्रतिदिन पक्षियों को दाना डालना उनकी दिनचर्या का हिस्सा है।
3. बाल शिक्षा सहायताः आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा का संपूर्ण दायित्व।
4. महिला सशक्तिकरणः संगीत प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना।
5. वरिष्ठ नागरिक सेवाः बुजुर्गों के लिए प्रेरणादायी मंच ह्यबागबानह्न का आयोजन।
6. पर्यावरण संरक्षणः प्रकृति के प्रति उनके गहरे लगाव का प्रमाण है सवा लाख पौधे लगाने का संकल्प, जिस पर वे निरंतर कार्यरत हैं।

**उनका मानना है —**

"हर पौधा एक जीवित प्रार्थना है, जो धरती को जीवन देता है।"

**'बागबान' — बुजुर्गों को स्नेह और सम्मान का मंच**

वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान हेतु शुरू किया गया कार्यक्रम ह्यबागबानह्न आज नोएडा की एक पहचान बन चुका है। इस आयोजन के माध्यम से डॉ. शर्मा न केवल बुजुर्गों को स्नेह और सम्मान का वातावरण देती हैं, बल्कि संगीत के माध्यम से उनके जीवन में नई ऊर्जा भरती हैं।

**दिवाली मिलन के अवसर पर उन्होंने कहा —**

"यह सफलता मेरी नहीं, उन सबकी है जिन्होंने मुझे प्रेम, विश्वास और सहयोग दिया।"

**समरसता का स्वर**

डॉ. बबीता शर्मा आज केवल एक गायिका नहीं, बल्कि एक संवेदनशील समाजसेवी और पर्यावरणप्रेमी के रूप में भी जानी जाती हैं। वे संगीत, समाज और प्रकृति – तीनों के बीच एक सेतु का कार्य कर रही हैं। उनके प्रयास इस संदेश को साकार करते हैं कि

"अगर स्वर सच्चा है, तो जीवन में कभी देर नहीं होती।"

सेक्टर-50 स्थित अपने घर में वे पति, पुत्र उत्कर्ष और बहू के साथ सुखद पारिवारिक जीवन जी रही हैं, परंतु उनका हृदय अब भी सेवा, संगीत और संवेदना के लिए समर्पित है।

**अंतिम सुर**

जहाँ से डॉ. बबीता शर्मा का स्वर उठता है, वहाँ से करुणा, भक्ति और हरियाली झरती है।

उनका जीवन इस सत्य का साक्षी है कि संगीत केवल सुना नहीं जाता, जिया जाता है।

**"संगीत मेरे लिए साधना है, प्रसिद्धि नहीं।"**

# सलाम नमस्ते में मानक टॉकीज का शुभारंभ

नोएडा। उपभोक्ता जागरूकता और गुणवत्ता मानकों के प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में रेडियो कार्यक्रम मानक टॉकिज का शुभारंभ किया गया। यह पहल भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), नोएडा शाखा के सहयोग से की गई है। कार्यक्रम के दौरान बतौर अतिथि बीआईएस नोएडा ब्रांच के उप निदेशक विष्णु दयाल जट ने उपस्थिति दर्ज करायी। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन, सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड छबारिया मौजूद रही।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि मानक केवल गुणवत्ता का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि यह उपभोक्ता विश्वास, सुरक्षा और राष्ट्र की सतत प्रगति की मजबूत नींव हैं। गुणवत्ता मानकों का पालन न केवल उत्पादों और सेवाओं की विश्वसनीयता को बढ़ाता है, बल्कि समाज में जागरूकता और उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित करता है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं और समाज को गुणवत्ता संस्कृति से जोड़ने, उनमें उत्कृष्टता के प्रति समर्पण जगाने और ह्यवोकल फॉर लोकलह्न के संदेश को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बनते हैं।

बीआईएस नोएडा शाखा के उप निदेशक विष्णु दयाल जट ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं में गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता के प्रति विश्वास स्थापित करना है। ह्यमानक टॉकिजह्न जैसे कार्यक्रम आम जनता तक मानकों की जानकारी को सरल और रोचक ढंग से पहुँचाने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। जब उपभोक्ता जागरूक होगा, तभी उद्योग बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रेरित होंगे। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हर नागरिक 'गुणवत्ता पहले' के विचार को अपने जीवन का हिस्सा बनाए।

वहीं सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि विश्व मानक दिवस 2025 के अवसर पर हमने भारतीय मानक ब्यूरो, नोएडा शाखा के साथ मानक टॉकीज पॉडकास्ट श्रृंखला का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य उपभोक्ता जागरूकता और उपभोक्ता अधिकारों के बारे में जानकारी पूर्ण श्रृंखला प्रस्तुत करना है। उन्होंने बताया कि मानक टॉकीज के माध्यम से हम लोगों तक गुणवत्ता और सुरक्षा से जुड़े विषयों को मनोरंजक ढंग से पहुंचाएंगे, ताकि हर उपभोक्ता जागरूक और सशक्त बन सके।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत जिलाधिकारी मेधा रूपम ने अंत्योदय लाभार्थियों को सौंपे राशन कार्ड

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 13 अक्टूबर 2025। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाधिकारी मेधा रूपम ने अंत्योदय योजना की आठ महिला लाभार्थियों को राशन कार्ड वितरित किए।



यह वितरण खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 महिलाओं एवं वंचित वर्गों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जिलाधिकारी ने सभी लाभार्थियों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त करें और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने बताया कि जिन लाभार्थियों को राशन कार्ड वितरित किए गए हैं, वे सभी तहसील दादरी क्षेत्र से संबंधित हैं। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# इंडोनेशिया में भारत की डॉक्टर ज्याहेदा खानम व गौरी यसूफ के चित्रों ने मचाई धूम

समाज जागरण

प्रयागराज। इंडोनेशिया के जकार्ता में स्थित इस्लामिक सेंटर गैलरी में चित्रकला एवं कैलीग्राफी कला प्रदर्शनी का उद्घाटन जकार्ता के वाइस गवर्नर नूर सलाह ने फीता काटकर किया। इस प्रदर्शनी के संयोजक भारत के मशहूर क्यूरेटर गोरी यूसुफ हुसैन हैं, इस अवसर पर जकार्ता इस्लामिक सेंटर के महासचिव मुहय्युद्दीन इशाक और सूचना विभाग के प्रमुख आफिफुद्दीन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समिति के सदस्य दीपू खिरुल इस्लामी और खानम आर्ट गैलरी प्रयागराज की निदेशक मशहूर कलाकार जाहेदा खानम, हन्नी फितरिया, अद्रियन देसमावती, असरुल, आंधी अजहार नाबिल, सरिता गाल भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



भारत के कैलीग्राफी कलाकार गौरी युसूफ एवं डॉ जाहेदा खानम के चित्रों की इंडोनेशिया में दर्शकों के विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। प्रदर्शनी भारतीय इस्लामी कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई है, जिसमें विभिन्न देशों के कलाकारों की कृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। भारत के प्रसिद्ध अकादमी चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा, एमिनेंट आर्टिस्ट तलत महमूद, कसीम फारूकी, राजेंद्र भारती, शुभम कशवाहा, नीरज हिंदुस्तानी इत्यादि कलाकारों ने इंडोनेशिया में भारत का मान बढ़ाने के लिए डॉ जाहेदा खानम एवं गौरी यसूफ को बधाई दी है।

# जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुरू किया अभियान

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 13 अक्टूबर 2025। आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जनपद के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य एवं पेय पदार्थों के नमूने संग्रहित करना शुरू कर दिया है। इस अभियान का उद्देश्य जनपद वासियों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि आज की कार्रवाई में सय्यद इबादुल्लाह, विशाल गुप्ता, रविंद्र नाथ वर्मा और अमर बहादुर सरोज की टीम ने मिजार्पुर रोड, रबूपुरा स्थित तंजीम की टोफू निर्माणशाला से टोफू का नमूना लिया। जेवर स्थित मंगला ट्रेडर्स से हल्दी पाउडर, मिजार्पुर रोड दनकौर स्थित एवन डेयरी से पनीर का नमूना संग्रहित किया गया।



साथ ही, सेक्टर-39, नोएडा से मोटरसाइकिल द्वारा दूध बेचने वाले मनोज चौहान से गव्यधारा ब्रांड के गाय के दूध के दो नमूने, और ग्राम सोरखा से दिवाकर पांडेय से एक नमूना लिया गया। इस प्रकार कुल 6 नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। सर्वेश मिश्रा ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार नियमित जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि जनपदवासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जा सकें। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# भारत विकास परिषद, नोएडा द्वारा दीपोत्सव 2025 का भव्य आयोजन

समाज जागरण

भारत विकास परिषद, नोएडा द्वारा आयोजित "दीपोत्सव 2025" का भव्य और सांस्कृतिक आयोजन सेक्टर-51 स्थित डायमंड क्राउन बैंक्वेट में अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ परिषद् के अध्यक्ष देवेन्द्र गंगल एवं सचिव रामरतन शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। दीपों की रौशनी से सजे इस आयोजन में संगीत, डांडिया और दीपावली मिलन की रंगारंग झलक ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध गायिका प्रीति भल्ला की संगीतमय प्रस्तुति रही, जिन्होंने एक से बढ़कर एक गीतों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। विशेष रूप से महिलाओं ने देर रात तक रंग-बिरंगे परिधानों में पारंपरिक डांडिया रास में भाग लेकर आयोजन को और भी जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम में नोएडा विधायक पंकज सिंह, प्रदेश महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा विमला बाथम, दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली तथा प्रमुख उद्योगपति डॉ. पीयूष द्विवेदी शामिल रहे। सभी अतिथियों ने पूर्व अध्यक्ष प्रताप मेहता, पंकज जिंदल एवं राजीव गोयल, केशव गंगल, कुलदीप गुप्ता के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और भारत विकास परिषद के सामाजिक एवं सांस्कृतिक योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र गंगल ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पर्व मनाना नहीं है, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और संस्कृति के मूल्यों को बढ़ावा देना है। दीपोत्सव 2025 केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने नोएडा के नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से सामाजिक समरसता और भारतीय परंपराओं को जीवित रखें।

इस अवसर पर परिषद के पूर्व अध्यक्ष बिपिन मल्हन, राकेश कत्याल, कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, अतुल वर्मा, सतनारायण गोयल, महिला सहसंयोजिका कंचन गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक मुकेश गुप्ता एवं अक्षय पारिख, भूपेन्द्र मित्तल, दीपक गौतम गौतम, मनीष गुप्ता, संजय गोयल, आदि मौजूद थे।

# चुनाव आते हैं तो प्रधान कहते हैं, मुझे वोट दो, मैं सड़क बनवा दूंगा

### चुनाव खत्म होने के बाद वादा भी खत्म हो जाता है।

समाज जागरण

शाहजहांपुर जैतीपुर ग्राम पंचायत धुबला करीमनगर कच्चा रोड होने के कारण रास्ते की स्थिति बहुत ही खराब हो गई है। जहां ग्रामीण कई बार सड़क निर्माण के लिए मांग कर चुके हैं इसके बाद भी सड़क निर्माण की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। वहीं कीचड़ होने की वजह से आवाजाही में हो रही परेशानी को लेकर लोगों में रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव बरसात की शुरूआत होते ही कीचड़ की समस्या बनी रहती है। कीचड़ की वजह से आए दिन कोई ना कोई दोपहिया वाहन चालक व पैदल आने जाने वाले राहगीर फिसल कर गिरते रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ जहां सरकार स्वच्छता अभियान चलाकर समूचे देश को स्वच्छ बना रही है वहीं गांवों की स्थानीय सरकार सफाई को नजरअंदाज कर रही है। इस मामले को लेकर कई बार प्रधान जानकारी दी गई लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच को पंचायत की समस्या की तरफ ध्यान नहीं है और न ही प्रशासन ध्यान दे रहा है। धुबला करीमनगर गांव में हर साल यही कीचड़ की समस्या रहती है। गांव की मुख्य सड़क पर कीचड़ होने से ग्रामीण बेहद परेशान रहते हैं। गांव में न तो पक्की नालियों का निर्माण कराया गया और न ही पक्के रोड बनवाए गए। इस कारण रास्ते पर वर्ष कीचड़ पसरा रहता है। पुनीत कुमार गुप्ता ने बताया कि कीचड़ भरे रास्ते से गुरजने वाली महिलाएं व बच्चे भी परेशान हैं। सबसे अधिक परेशानी वृद्धों को होती है। वहीं बाइक सवार भी परेशान रहते हैं। कीचड़ अधिक होने के कारण रोड पर बाइक फिसल जाती है। इससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्राम सचिव व सरपंच को बार-बार अवगत कराने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# गुन्नौर बालिकाओं को बताए गए हेल्पलाइन नंबर और योजनाएं कोतवाल अखिलेश कुमार प्रधान

**समाज जागरण**




मिशन शक्ति अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय सैजना मुस्लिम के विधालय में बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन और योजनाओं के बारे में बताया गया।
छात्राओं को 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और उनके सही उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, तथा राष्ट्रीय पोषण मिशन जैसी लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि वे इन योजनाओं से अधिकतम लाभ उठा सकें।
इस मौके पर उपनिरीक्षक सुभाष कुमार, महिला कांस्टेबल कल्पना, पूनम, अनुराधा, प्रियंका सहित पुलिस टीम व पूर्व प्रधान अख्तर अली सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# बबराला ईको गाड़ी की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**पुलिस से ग्रामीणों की जमकर नोकझोंक एक घंटे के बाद कार्रवाई के भरोसे पर ग्रामीणों ने खोला जाम**

**समाज जागरण**



बबराला थाना क्षेत्र के बबराला अनूपशहर मार्ग पर सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि मृतक के तीनों भतीजे मामूली चोटिल हो गए, सड़क हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा किया। लगभग एक तक जाम लगा रहा और ग्रामीणों की पुलिस से जमकर नोकझोंक हुए मगर पुलिस के ज्यादा ईको गाड़ी चालक के खिलाफ कार्रवाई के भरोसा मिलने ग्रामीणों ने जाम को खोल दिया।
बबराला थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर जागीर निवासी मनोज कुमार पुत्रहरप्रसाद उम्र 22 वर्ष बाइक से ही अपने तीनों भतीजो को राविराम इंटर कॉलेज जिजोडा डांडा से लेकर आ रहा था।
सोमवार दोपहर करीब दो बजे बबरालाझअनूपशहर रोड से भीकमपुर जागीर संपर्क मार्ग पर बाइक सवार युवक की ईको गाड़ी से जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक मनोज की मौके पर मौत है गई। जबकि भतीजे चोटिल हो गए । हादसे के बाद ईको गाड़ी चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया।
घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस थानाध्यक्ष नरेंद्र सिंह मय बल के मौके पर पहुंच गए, लेकिन परिजनों व ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए पुलिस से नोकझोंक की। करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा ।किसी तरह पुलिस के समझाने पर कार्रवाई का भरोसा मिलने पर जाम को खोला गया।
ग्रामीणों ने हादसे के लिए ईको गाड़ी चालक को युवक की मौत का जिम्मेदार बताते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थिति को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
वही मृतक पांच भाईयों में चौथे नंबर का था। वही मृतक मनोज की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया ।
वही ईको गाड़ी चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई वही तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया।

# साहनपुर मे नुक्कड़ सभा आयोजित होने पर जनता खुर्शीद मंसूरी को विधायक के चुनाव की तैयारी के लिए हुई एकजुट

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद उत्तर प्रदेश की राजनीति में 2027 विधानसभा चुनावों की तैयारी तेज हो चुकी है। नजीबाबाद विधानसभा में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेतृत्व में नगर पंचायत साहनपुर में 'मिशन 2027' को मजबूत करने के लिए जनता एकजुट हो रही है। साहनपुर के मोहल्ला मेमरान में आयोजित नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन साहनपुर व मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने शिरकत की। इस सभा में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद का खुलकर जिक्र हुआ, जिन्हें बहुजन समाज के मसीहा के रूप में याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पार्टी पूरे प्रदेश में हर सीट पर चुनाव लड़ने को तैयार है,
सभा का आयोजन कासिम, फहीम और फुरकान ने किया, जबकि अध्यक्षता नीशू लाला जी ने की। संचालन उवैश मंसूरी ने किया। सभा में वीरेंदर राजपूत ने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "साहनपुर के लोगों ने पहले भी एकजुट होकर कई विधायकों को विधानसभा भेजा है। इसी तरह, अगर आजाद समाज पार्टी खुर्शीद मंसूरी को टिकट देती है, तो जनता चंद्रशेखर आजाद के मार्गदर्शन में एकजुट होकर उन्हें वोट देगी। चंद्रशेखर आजाद जैसे दूरदर्शी नेता के नेतृत्व में हमारा मिशन सफल होगा।"
शेख शमीम ने कहा, "खुर्शीद मंसूरी ने साहनपुर को दूसरी बार चेयरमैन बनकर विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। चंद्रशेखर आजाद के प्रेरणा से वे विधायक बनकर नजीबाबाद विधानसभा का भी विकास करेंगे। आजाद जी का मिशन 2027 बहुजन समाज को सशक्त बनाने का संकल्प है।"
मुख्य अतिथि खुर्शीद मंसूरी ने संबोधित करते हुए कहा, "अगर पार्टी ने टिकट दिया और आपने विधानसभा भेजा, तो क्षेत्र की हर समस्या को विधानसभा में उठाया जाएगा। चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में हम विकास को पटरी पर लाएंगे। पिछले 15 वर्षों में नजीबाबाद विधानसभा काफी पिछड़ गई है। मौजूदा विधायक जनता से दूर रहे, लेकिन आजाद समाज पार्टी चंद्रशेखर आजाद के विजन से हर वर्ग को न्याय देगी।"
इस सभा में सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिनमें लईक, लड्डन मेम्बर, जाकिर शेख, राम सिंह, जाफर सलमानी, नोशाद, फैजान, सरताज राईन, सलमान, नवाजिश, कफील अंसारी, डॉ. इकबाल, इस्माइल, वकील अहमद, मूलचंद, मुस्तकीम मेम्बर, दीपक, कासिम मेम्बर, सरफराज मंसूरी, वसीम भानी, नवाब मेम्बर, फैजान, हनीफ शेख आदि प्रमुख थे।
चंद्रशेखर आजाद हाल ही में गाजीपुर, आगरा, अलीगढ़ जैसे जिलों में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित कर मिशन 2027 की रणनीति बता चुके हैं। साहनपुर की यह सभा मिशन 2027 का एक मजबूत कदम साबित हो रही है,

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई पर जश्न, शिकायतकर्ता ने 500 लोगों को दी दावत, ये है पूरा मामला

**समाज जागरण**

बागपत। निरपुड़ा गांव में रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर प्रेमवीर राणा पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज होने के बाद गांव में जश्न का माहौल है। ग्रामीणों ने दावत भोज का आयोजन कर सरकार की कार्रवाई की सराहना की। प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई पर अब दावतें उड़ाई जाने लगी हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई होने पर जश्न मनाने का ये मामला बागपत जनपद के निरपुड़ा गांव का है। जहां एक रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज होने के बाद ग्रामीणों ने सामूहिक भोज का आयोजन किया। शिकायतकर्ता और ग्रामीणों ने मिलकर सरकार की कार्रवाई की सराहना करते हुए सामूहिक दावत भोज का आयोजन किया। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की ओर से आदेश है कि भ्रष्टाचार की शिकायत पर इनाम दिया जाएगा और नाम गुप्त रखा जाएगा, लेकिन निरपुड़ा निवासी शिकायतकर्ता ने अपना नाम सार्वजनिक करने का फैसला किया। बताया गया कि दावत में 500 से अधिक लोगों को आमंत्रित किया गया। इस दावत में ग्रामीण चाय-पकौड़े-चटनी और खीर का लुत्फ लेते नजर आए। ग्रामीणों ने कहा कि प्रारंभिक जांच हुई है और आयकर विभाग की विस्तृत जांच अभी जारी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई इसी तरह लगातार होती रहनी चाहिए। हालांकि दूसरे पक्ष ने अभी तक इस मामले में कोई बयान नहीं दिया है।

# रिमांड पर लिए गए आरोपी से बरामद हुआ फायरिंग में इस्तेमाल तमंचा

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर। थाना आरसी मिशन पुलिस ने रिमांड पर लिए गए एक शातिर आरोपी से फायरिंग में इस्तेमाल किया गया तमंचा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में 16 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गुवारी गांव निवासी मोहन अवस्थी एक मामले में कोर्ट में पेश होकर जेल भेजा गया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो उसने फायरिंग में प्रयुक्त तमंचा छिपाने की जानकारी दी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस



ने मौके से एक तमंचा बरामद किया। पुलिस के मुताबिक, मोहन अवस्थी के खिलाफ हत्या के प्रयास, धमकी, लूटपाट और अवैध असलहा रखने सहित कई गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद तमंचे को कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। आरोपी से अन्य आपराधिक मामलों में भी पूछताछ की जा रही है।

# जस्ट राइट्स फाउंडेशन ने रिठाली में लगाया बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**समाज जागरण**




सम्भल। जस्ट राइट्स फाउंडेशन की तरफ से सोमवार को सम्भल के रिठाली गांव में बालिकाओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक व्यापक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल के तहत बालिक-ाओं स्वास्थ्य को पोषण संबंधी सलाह, और स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय की युवा पीढ़ी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। शिविर का शुभारंभ संस्था के निदेशक गौरीशंकर चौधरी ने किया, जिन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का महत्व बताया। ग्राम प्रधान नवतेस कुमार ने इस अवसर पर कहा कि स्वस्थ बालिकाएं ही परिवार और समाज की नींव मजबूत कर सकती हैं बालिकाओं को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, और व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे बुनियादी पहलुओं पर ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने माता-पिता से भी अपील की कि वे अपनी बेटियों के स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता दें। जस्ट राइ-ट्स फाउंडेशन ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि बालिकाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण में योगदान दिया जा सके। स्थानीय निवासियों और अभिभावकों ने इस प्रयास को सम्भल जैसे क्षेत्रों में एक सकारात्मक बदलाव की शुरूआत बताया, जो न केवल स्वास्थ्य सुधार में सहायक होगा, बल्कि बालिकाओं के आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। इस अवसर पर सिराज अहमद फील्ड कोर्डिनेटर साहित तमाम महिला एवं बच्चियां मौजूद रहे।

# चार सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट एवं बार काउंसिल उत्तर प्रदेश को सौपा ज्ञापन

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नगीना। बार एसोसिएशन के चार सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट एवं बार काउंसिल उत्तर प्रदेश में नगीना सिविल कोर्ट में अतिरिक्त परिवार न्यायालय की स्थापना अपर सिविल जज की रिक्त कोर्ट में न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति की मांग समेत समेत कई प्रस्ताव मांग पत्र सोप कर सभी बिंदुओं को पूरा किए जाने की मांग उठाई है।
नगीना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी ने जारी प्रेस नोट में कहां की चार सदस्य बार प्रतिनिधिमंडल जिसमे अध्यक्ष अशोक त्यागी एड, महासचिव नईम अहमद एड, कोषाध्यक्ष शरद थापन एड, एवं निवर्तमान महासचिव व सदस्य फरीद अहमद खान एड शामिल रहे। इलाहाबाद हाई कोर्ट के मनजीत सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी न्यायमूर्ति जस्टिस संजय कुमार एव बार कोउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने अलग-अलग ज्ञापन ज्ञापन देकर नगीना मे रजिस्ट्रार जनरल से संबंधित समस्याओं नगीना में अति-रक्त परिवार न्यायालय की स्थापना, अपर सिविल जज की रिक्त कोर्ट में न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति, अपर जिला जज नगीना में क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले जमानत प्रार्थना पत्रों के निस्तारण अधिकार प्रदान करने की पुरजोर मांग की।
ज्ञापन के बाद बार प्रतिनिडल अशोक त्यागी, नईम अहमद, शरद थापन एवं फरीद अहमद खान ने बताया कि नगीना में एडीजे कोर्ट होने के बाद भी कार्य क्षेत्र नगीना ऐडीजे कोर्ट को नहीं मिल सके जितना मिलना चाहिए था। आज भी नहटौर, नजीबाबाद, स्योहारा, अफजलगढ़, शेरकोट, क्षेत्र के वादकारी आज भी बिजनौर न्यायालय जा रहे हैं। जिससे बाद कार्यों का अधिक पैसा और समय दोनों खर्च हो रहे हैं जबकि एडीजे कोर्ट बनने से पूर्व शेरकोट अफजलगढ़ नहटौर नगीना म्युनिसिपल के कार्य क्षेत्र में आते थे। जिन्हें अलग कर दिया गया है। उपरोक्त उपरोक्त क्षेत्र को नगीना एडीजे कोर्ट से जोड़ने की मांग की है जिससे वादकारियों का समय और पैसे की बचत हो सके।

# कलेक्ट्रेट सभागार में आईजी आरएस से संबंधित कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित हुई

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर के निदेर्शों के क्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक आंशिक दीक्षित की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा बैठक आयोजित हुई।
अपर जिलाधिकारी ने आबकारी पंचायत राज बेसिक शिक्षा तथा सिंचाई विभाग की आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का असंतोष जनक फीडबैक प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की सही प्रकार से जांच करते हुए उनका ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन के निदेर्शों के अनुरूप उसी शिकायत के निस्तारण को निस्तारित माना जाएगा, जिस पर शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्राप्त हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायत की मौके पर जांच करने से पूर्व शिकायतकर्ता और जिनके विरुद्ध शिकायत की गई दोनों पक्षों को सूचित करें, तदुपरांत दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद जांच की प्रक्रिया को पूर्ण करें। जांच पूरी होने के बाद शिकायतकर्ता द्वारा शिकायती पत्र पर दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करें और ओटीपी नंबर सहित उसकी उसकी संतुष्टि प्राप्त करने के बाद संबंधित अधिकारी उस पर अपनी टिप्पणी अंकित कर आ-इजीआरएस पोर्टल पर शिकायत को निस्तारित करें।
उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण कार्य को पूर्ण गंभीरता और गुणवत्ता के साथ संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि शिकायत का प्रकरण अदालत में विचार अधीन है तो शिकायतकर्ता को उसके बारे में संज्ञानित करते हुए निस्तारण न होने का स्पष्ट कारण बताएं और उसकी संतुष्टि भी प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि आइजीआ-रएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।
इस अवसर पर विकास, स्वास्थ्य पंचायत राज बेसिक शिक्षा आ-ईसीडीएस लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# कलान खंड विकास अधिकारी ने भूख हड़ताल पर बैठे बाबा धर्मेन्द्र गिरि को आज जूस पिलाकर अनशन को करवाया समाप्त

- जनहित की पाँच मांगो को शासन को भेजा जाएगा
- तहसील स्तर की समस्याओं का जल्द होगा निस्तारण

**समाज जागरण**



कलान /शाहजहांपुर की तहसील कलान क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुण्डरिया में जन समस्याओं को लेकर बंशी वाले बाबा के मन्दिर में भूख हड़ताल पर बैठे बाबा धर्मेन्द्र गिरि ने जनसमस्याओं को लेकर शासन प्रशासन से कुछ मांगे रखी है भूख-हड़ताल पर बैठे बाबा धर्मेन्द्र गिरि ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत कुण्डरिया में रामगंगा नदी के कटान का खतरा बना रहता है जिस पर ठोकरें बनवा दी जाए और मजरा बोझी के तरफ को निकले का कोई रास्ता नहीं है वहां के लिए एक पक्का पुल बनवाया जाए और गांव में एक बरात घर बनवाने की भी मांग की है धर्मेन्द्र गिरि बाबा ने आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे यहां छुट्टा गौवंश घूमते रहते हैं लेकिन गौशाला में नहीं गौशाला हमेशा खाली पड़ा रहता है ।जब गौशाला पर कोई प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण के दौरान आता है तो छुट्टा गौवंश को घेर कर गौशाला में कर दिया जाता है जिससे साफ तौर से सावित होता है कि गौशाला में गौवंश के नाम से सिर्फ खाना पूर्ति ही हो रही है धर्मेन्द्र गिरि बाबा ने यह भी आरोप लगाया है की ग्राम पंचायत कुण्डरिया में कहीं आवास आये लेकिन किसी को कोई आवास नहीं मिला जो आवासों का पैसा आया वो कहां गया उसकी जांच की जाए धर्मेन्द्र गिरि बाबा ने यह भी कहा अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम आगे भी भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे जब यह बात शासन और प्रशासन को जानकारी हुई तभी ब्लाक कलान के खंड विकास अधिकारी कलान ने जाकर धर्मेंद्र गिरी बाबा को समझाया बुझाया और कहा आपकी जो भी मांगे हैं वह शासन और प्रशासन तक भेजी जाएंगी कुछ प्रतिनिधियों ने समझा बुझाकर खंड विकास अधिकारी कलांन ने धर्मेंद्र गिरी बाबा को जूस पिलाकर अनशन को समाप्त करवाया

# खेलते समय पराली से भरे ट्रैक्टर के नीचे आया 7 साल का मासूम, मौके पर दर्दनाक मौत

**समाज जागरण**

संभल। असमोली थाना क्षेत्र के गांव राय बुजुर्ग में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। गांव निवासी 7 वर्षीय मौज्जम पुत्र तौसीफ की मौत पराली से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबने से हो गई। हादसे के बाद बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने मामले को आपसी सहमति से निपटा लिया और पुलिस को सूचना दिए बिना शव को दफना दिया गया।
जानकारी के मुताबिक, मृतक मौज्जम अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान गांव के ही 50 वर्षीय मौसम पुत्र भरे अपने खेत से पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर वापस आ रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर तौसीफ के घर के सामने पहुंचा, अचानक मौज्जम ट्रॉली की चपेट में आ गया और ट्रैक्टर के नीचे दब गया। हादसा इतना गंभीर था कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।
घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। लेकिन परिजनों और गांव के लोगों ने आपसी बातचीत कर मामला शांत करा दिया। न ही पुलिस को सूचना दी गई और न ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बच्चे के शव को चुपचाप दफना दिया गया।

# बाघऊ में झोलाछाप क्लिनिक पर छापेमारी, कार्रवाई न होने से उठे सवाल

**समाज जागरण**

गुन्नौर प्रशासन की सख्ती के बावजूद क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के क्लिनिक खुलेआम संचालित हो रहे हैं। इसी क्रम में ग्रामीणों की शिकायत पर सोमवार को नोडल अधिकारी डॉ. मनमोहन शर्मा ने ग्राम बाघऊ में एक अपंजीकृत क्लिनिक पर छापेमारी की।
सूत्रों के अनुसार, उक्त क्लिनिक पर लंबे समय से बिना वैध पंजीकरण के उपचार कार्य चल रहा था। छापेमारी के दौरान नोडल अधिकारी ने स्थल का निरीक्षण तो किया, किंतु किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की। केवल दुकान बंद कराकर लौट जाने से ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।
ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक सख्ती के बावजूद यदि ऐसे क्लिनिक बिना दंडात्मक कार्यवाही के चलते रहे, तो यह व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।
इस संबंध में नोडल अधिकारी डॉ. मनमोहन शर्मा ने बताया कि बाघऊ गांव में अपंजीकृत क्लिनिक की सूचना पर निरीक्षण किया गया था। दुकान बंद कराई गई और आगे की रिपोर्ट विभाग को प्रेषित की जाएगी।
स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य से जुड़ी जोखिमों को समाप्त किया जाए।

# ग्राम वीरू वाला में जांच के दौरान अवैध खनन की पुष्टि

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद जनपद बिजनौर के नजीबाबाद तहसील के ग्राम वीरू वाला में हाल ही मे रेत बजरी खनन का कार्य प्रारंभ हुआ है आरोप है की पट्टा धारकों ने कार्य के प्रारंभ में ही आवंटित पट्टा सीमा के बाहर अवैध खनन शुरू कर दिया शासन के निर्देश अनुसार टीम गठित कर जांच की गई



अपर जिलाधिकारी श्रीमती वान्या सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में 11 अक्तूबर, 25 को खनन निदेशालय एवं सोशल मीडिया से प्राप्त शिकायत के आधार पर जनपद में संचालित खनन पट्टा क्षेत्र ग्राम वीरू वाला स्थित तहसील नजीबाबाद खनन पट्टा क्षेत्र का तहसीलदार नजीबाबाद संतोष कुमार तथा खनन निरीक्षक सुनील कुमार द्वारा खनन पट्टा स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जांच की गई। उक्त अधिकारियों द्वारा जांच के दौरान प्रथम दृष्ट्या पाया गया कि खनन पट्टा धारक द्वारा आवंटित क्षेत्र के बाहर भी अवैध रूप से खनन किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण की विस्तृत जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित की जाएगी।

# स्वदेशी मेला: राज्य मंत्री के.पी. मलिक के शुभारंभ के बाद उमड़ी भीड़

**समाज जागरण**

बागपत। उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जनपद में यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अंतर्गत स्वदेशी मेला का आयोजन 10 से 18 अक्टूबर तक सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज, चमरावल रोड, बागपत में किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ राज्य मंत्री (वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन) के.पी. मलिक द्वारा किए जाने के बाद भीड़ उमड़ चुकी है। मेले का आयोजन प्रतिदिन पूर्वान्ह 12 बजे से सायं 6 बजे तक किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पाद प्रदर्शित व विक्रय करने का अवसर प्रदान किया गया है। यह मेला दीपावली पर्व के अवसर पर जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी को प्रोत्साहित करने का मंच उपलब्ध करा रहा है। उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएमईजीपी और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थियों को निशुल्क स्टॉल आवंटित किए गए हैं। मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक व संगीत कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक बन गया है। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे भारी संख्या में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करें और स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाएं।

# छात्रा से दुष्कर्म, वीडियो बनाया कैफे किया गया सील

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर। शहर के एक तकनीकी कॉलेज की छात्रा ने अपनी ही कॉलोनी के एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए सदर बाजार थाने में रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने जांच शुरू करते हुए कैफे सील कर दिया। साथ ही आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है।
थाना सदर बाजार क्षेत्र की एक कॉलोनी की रहने वाली छात्रा एक तकनीकी कॉलेज में द्वितीय वर्ष की छात्रा है। उसने थाने में तहरीर देकर बताया कि प्रिंस रावत से उसकी दो साल से जान पहचान है। आरोप लगाया कि 11 अक्तूबर को युवक उसे मोहल्ला जलालनगर स्थित एक कैफे पर ले गया। वहां पहली मंजिल पर बने एक कमरे में ले जाकर उससे गलत कृत्य किया। साथ ही अश्लील वीडियो बना लिया। वहां से वह किसी तरह बचकर भागी। अब युवक उसे ब्लैकमेल कर धमकी दे रहा है। पुलिस ने छात्रा की ओर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद रविवार को कैफे पर पहुंचकर छानबीन की। फिर उसे सील कर दिया। वहां के सीसीटीवी के फुटेज भी पुलिस खंगाल रही है। आरोपी को हिरासत में लेने की अभी पुलिस की ओर से पुष्टि नहीं की गई है। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने का मामला, परिजनों ने डीएम से की कार्रवाई की मांग

समाज जागरण

कांधला। कस्बा एलम में फर्जी तरीके से मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने का मामला सामने आया है। एलम निवासी पुष्पेन्द्र पंवार ने जिलाधिकारी शामली को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि नगर पंचायत एलम ने उनके अविवाहित बड़े भाई बृजेश पंवार के मृत्यु प्रमाणपत्र में अवैध रूप से संशोधन कर एक महिला को उनकी पत्नी दशार्या है। परिजनों ने इसे संपत्ति हड़पने की साजिश बताते हुए प्रमाणपत्र को तत्काल निरस्त करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, बृजेश पंवार का निधन 27 जुलाई 2024 को हुआ था। 13 अगस्त 2024 को नगर पंचायत ने उन्हें अविवाहित मानते हुए प्रमाणपत्र जारी किया था, जिसके आधार पर संपत्ति उनकी माता सुरेश देवी के नाम दर्ज हुई थी। परिजनों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने मिलकर एक महिला ह्रमुनेश देवीह्व को झूठे तरीके से बृजेश की पत्नी बताकर नगर पंचायत पर दबाव बनाया और एक नया प्रमाणपत्र जारी करवा लिया। पुष्पेन्द्र पंवार ने बताया कि इस साजिश की जानकारी मिलते ही उन्होंने 25 अगस्त को आपत्ति पत्र और 9 अक्टूबर को शपथपत्र नगर पंचायत को सौंप दिया था, फिर भी 10 अक्टूबर को प्रमाणपत्र में संशोधन कर नया प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया। पीड़ित व्यक्ति ने डीएम से मामले पर संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, प्रकरण के संबंध में जब अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप के मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# दीपावली से पहले पटाखों का जखीरा बरामद

- प्रतिबंध के बावजूद फैक्ट्री में बनाए जा रहें थे अवैध पटाखे, मकान के अंदर लगा था भंडारण
- पुलिस ने बंद पटाखा फैक्ट्री और एक मकान में छापा मारकर भारी मात्रा में पटाखे किए बरामद
- चार आरोपियों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

समाज जागरण

कैराना।(फुरकान जंग)पुलिस ने देर रात बंद पड़ी एक पटाखा फैक्ट्री के अंदर पटाखे बनाने तथा एक मकान के अंदर अवैध पटाखों के भंडारण की सूचना पर छापा मारा। जहां से भारी मात्रा में पटाखे बरामद हुए। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि दो आरोपी फरार हो गए। सभी आरोपियों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

रविवार रात करीब साढे 11 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गांव रामडा तपनपुर से पहले एक बंद पड़ी पटाखा फैक्ट्री में छापा मारा। पुलिस ने मौके से 48 कार्टून के अंदर भरे फुलझड़ी के करीब 11650 पैकेट बरामद किए। पुलिस ने मौके से शाहरुख निवासी कप्तान नगर पानीपत हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यहां पर पटाखे तैयार करके आसपास के बाजारो में सप्लाई करने का कार्य करता है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके अलावा रात में ही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौहल्ला सरावज्ञान शीतला माता के पास विशू सिंघल के मकान पर छापा मारा। पुलिस को देखकर विशू सिंघल और दीपक गर्ग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से गांव रामडा निवासी डिंपल को गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने मकान की ऊपरी मंजिल से 169 पैकेट सुतली बम, 14 पैकेट रॉकेट बम, 51 पैकेट फुलझड़ी, पांच पैकेट बुलेट बम, चार पैकेट चक्का स्पेशल, चार पैकेट अनार, 6 पैकेट चरखी, 6 पैकेट बुलेट बम, 20 पैकेट फुलझ़ड़ी, 30 पैकेट फ्लावर शॉट, 20 पैकेट अनार बम, 33 पैकेट माचिस बम, 9 पैकेट बुलेट बम, पांच पैकेट बिग चक्कर, 279 पाउच बिजली बम, 8 पैकेट डीलक्स रैकेट बरामद किए। पुलिस ने आरोपी डिंपल को गिरफ्तार करने के साथ ही तीनों आरोपियों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# विकसित भारत बिल्डथन कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण



शामली। शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के निर्देशन में विकसित भारत बिल्डथन 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने-अपने नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब के माध्यम से किया गया, जिसके लिए कॉलेज में प्रोजेक्टर की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने हेतु अपने विचार और मॉडल प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने के लिए विद्यालय स्तर पर भी विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अध्यापक/अध्यापिकाओं की एक टीम गठित की गई है, जिसमें सतीश आत्रेय, अनिल कुमार कश्यप, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल और पंकज पाल शामिल हैं। यह टीम समय-समय पर विद्यार्थियों के कार्यों की समीक्षा करेगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर बने। उन्होंने उन्हें देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर फूल कुमार, लोकेन्द्र कुमार, सचिन संगल, प्रसून भार्गव, साकेत निर्वाल, जौली गर्ग, शिवानी शर्मा, अंजली जैन, ज्योति तायल, सुमन शर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक का आयोजन

समाज जागरण



शामली। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति के सभापति किरण पाल कश्यप ने की। बैठक में जनपद शामली और मुजफ्फरनगर के जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

सभापति किरण पाल कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों पर समयबद्ध और लिखित जवाब देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी के उत्तरदायित्व तय हैं, इसलिए जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाई जा रही पाइपलाइनों के कारण जिन सड़कों को तोड़ा गया है, उन्हें शीघ्र दुरुस्त किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और खाद्य एवं रसद विभाग को पात्र लाभार्थियों को पूरा राशन समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभापति ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहा कि नई पीढ़ी को नशे से मुक्त रखने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। गन्ना विभाग को किसानों के लंबित भुगतान शीघ्र कराने तथा सहकारिता विभाग को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि सड़कों पर घूम रहे निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में पहुंचाया जाए तथा उनके चारे-पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक के अंत में डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने समिति को आश्वस्त किया कि दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा। इस अवसर पर एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम सत्येन्द्र सिंह, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सहित दोनों जनपदों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सभासदों ने सफाई कर्मचारियों की भर्ती में लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

समाज जागरण



शामली।(फुरकान जंग)सोमवार को नगर पंचायत बनत की बोर्ड बैठक में सभासदों ने सफाई कर्मचारियों की भर्ती में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। उन्होने कस्बे में चौपट साफ सफाई व्यावस्था पर भी सवालिया निशान उठाये है।

सोमवार को नगर पंचायत बनत के सभागार में अध्यक्ष कुसुम देवी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बोर्ड बैठक में विभिन्न प्रस्तवों पर चर्चा शुरू हुई, लेकिन इससे पूर्व ही सभासद इकराम अली उर्फ मुन्नु ने चेयरमैन पर बिना बोर्ड के अनुमति के सफाई कर्मचारियों की भर्ती करने का आरोप लगाया। उन्होने कहा कि चेयरमैन ने अपने चेहते लोगों को नगर पालिका में भर्ती किया गया, जबकि बोर्ड के सदस्यों की अनदेखी की गई है। इसके अलावा सभासदों ने क्षेत्र में टूटी सडकों को गडढामुक्त न कराये जाने पर हंगामा किया। सभासदों ने बताया कि त्यौहारी सीजन चल रहा है, लेकिन नगर पंचायत की शिथिलता के चलते साफ सफाई व्यावस्था चौपट हो रही है। लोगों के घरों, दुकानों, मस्जिदों और मंदिरों के बाहर गंदगी फैली रही। नियमित साफ सफाई न होने से जनता परेशान है। अधिशासी अधिकारी देवकीनंदन ने सभासदों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। हंगामे के बीच बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास नही हो सके।

# ड्यूटी के दौरान होमगार्ड की हालत बिगड़ी, मेरठ रेफर

समाज जागरण



कांधला। थाने पर तैनात एक होमगार्ड की अचानक से तबियत बिगड़ गई आनन-फानन में नगर के राजकीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी कुलदीप पवार थाने पर होमगार्ड के पद पर तैनात है। सोमवार को कुलदीप पवार थाने पर ड्यूटी ड्यूटी करने के लिए आया हुआ था। ड्यूटी के दौरान अचानक से होमगार्ड की तबीयत बिगड़ गई और चक्कर खाकर होमगार्ड जमीन पर गिर पड़ा। थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी होने पर होमगार्ड के परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

# लोकदल सदस्यता अभियान में उमड़ा जनसैलाब

समाज जागरण



कांधला। क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी जयकुमार के आवास पर सोमवार को राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रभर से कार्यकताओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम स्थल पर चौधरी जयंत सिंह जिंदाबाद और रालोद जिंदाबाद के नारों से पूरा माहौल लोकदलमय हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी सुरेंद्र सिंह पंवार ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष वाजिद अली ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, प्रदेश महासचिव विजय कौशिक और सदस्यता अभियान प्रभारी देशराज भनेड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ने हमेशा किसान, मजदूर और आम जनता के हित में कार्य किया है। पार्टी की नीतियां हमेशा ग्रामीण विकास और किसानों की खुशहाली के लिए समर्पित रही हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में लोकदल लगातार जनता की आवाज को बुलंद कर रहा है और किसान-नौजवान के हक के लिए संघर्षरत है। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत, परिजनों में कोहराम

समाज जागरण
झिंझाना।(फुरकान जंग)




मेरठ करनाल हाईवे के टपराना गोल चक्कर पर तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर। जिसमें बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिनको पुलिस ने उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान घायल सोनू निवासी झिंझाना व आरिफ निवासी बल्ला मजरा चौसाना की उपचार के दौरान मौत हो गई।सोनू अपने साथी आरिफ के साथ कहीं खाना बनाने जा रहे थे।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

सोमवार की सुबह कस्बे के साजिद नगर निवासी शाहिद उर्फ सोनू उम्र 25 वर्ष पुत्र साजिद अपने साथी आरिफ पुत्र यासीन निवासी बल्ला मजरा चौसाना के साथ शामली किसी कार्यक्रम में खाना बनाने जा रहे थे।जब बाइक सवार मेरठ करनाल हाईवे के टपराना गोल चक्कर पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे दूध के डीसीएम ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों सोनू व आरिफ गम्भीर रूप से घायल हो गए।जिनको पुलिस ने उपचार हेतु जिला अस्पताल अस्पताल भिजवाया,जहां से गम्भीर हालत के चलते दोनों को हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया लेकिन उपचार के दौरान दोनों घायलों की मौत हो गई,घटना से परिजनों में कोहराम मच गया घटना में डीसीएम ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।मृतक शाहिद पर परिवार का पालन पोषण करने की जिम्मेदारी थी।जो अपने पीछे पिता सहित पत्नी और अपने दो भाई और दो बहन को रोता बिलखता छोड़ गया।वहीं मृतक आरिफ भी अपने पीछे पत्नी सहित अपने छः बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया।कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने बताया घटना की सूचना मिली थी घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया था, जहां दोनों घायलों की मौत हो गई है।आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षक अमन ने किया अखिल भारतीय आचार्य निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

समाज जागरण



शामली। शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज शामली के शिक्षक अमन कुमार ने अखिल भारतीय आचार्य निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है।

यह प्रतियोगिता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा सत्र 2024-25 में आयोजित की गई थी, जिसका विषय था राममंदिर प्राणप्रतिष्ठा से रामराज्य। प्रतियोगिता में देशभर से प्राप्त निबंधों का प्रान्तीय और क्षेत्रीय स्तर पर चयन किया गया, जिसके उपरांत चयनित निबंधों को अखिल भारतीय स्तर पर भेजा गया। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मन्दिर, शामली के आचार्य अमन कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभागार में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने आचार्य अमन कुमार को 5100 रुपए की धनराशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं विद्यालय प्रबंधक सुमीत गुप्ता ने विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर प्रोत्साहित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# संगीतमय सांस्कृतिक लोक नृत्य का आयोजन

समाज जागरण



शामली। इस्कॉल प्रचार समिति महिला मंडल द्वारा जगन्नाथो प्रभोत्सव के अवसर पर संगीतमय सांस्कृतिक लोक नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें ओडिशा से आये अलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी। गत रविवार देर शाम शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में इस्कॉल प्रचार समिति महिला मंडल द्वारा जगन्नाथो प्रभोत्सव के अवसर पर संगीतमय सांस्कृतिक लोक नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व व्यापाार नेता घनश्यामदास गर्ग ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान ओडिशा से आये अलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी। जिसमें गणेश वंदना, नवदुर्गा महोत्सव, शिव तांडव, भगवान के दश अवतार, का सुंदर मंचन हुआ। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भगवान जगन्ना की भव्य आरती से भक्तिमय वातावरण हो गया था। ओडिशा की पारंपरिक लोक एवं शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। जिनको देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए थे। इस अवसर पर घनश्यामदास गर्ग, रिशी अग्रवाल, विनय बंसल, प्रदीप सिंघल, विरेन्द्र गुप्ता, विपिन कुमार, रजत अग्रवाल, पुष्पा संगल, पूनम रानी, दीपा आदि मौजूद रहे।

# दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया

समाज जागरण



शामली। भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा देर रात्रि दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर दीपावली पर्व की शुभकामनाऐं दी गई।

देर रात्रि शहर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व कथा वाचक अरविन्द द्दष्टा महाराज ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान शहर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम की झांसी प्रस्तुत की, जिससे कार्यक्रम का महौल भक्तिमय हो गया था। इस दौरान कार्यक्रम में भगवान के पात्रों की वेशभूषा पहनकर पहुंचे बच्चों को सम्मानित किया गया। मौके पर व्यापारी नेता अंकित गोयल, उद्यमी अनुज गर्ग, चेयरमैन झिंझाना सुरेशपाल कश्यप, चेयरमैन आईआईए विशाल गुप्ता, अजय संगल, रामकुमार वर्मा, मनीष भटनागर, अनुराग जैन, वैभव आदि मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में दंपति के साथ मारपीट

समाज जागरण

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव डागरौल निवासी एक दंपति के साथ कई लोगों ने मारपीट कर दी मारपीट के दौरान महिला घायल हो गई घायल ने अपना प्राथमिक उपचार कर थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल निवासी आकाश ने बताया कि पीड़ित के गांव का एक व्यक्ति रंजिश रखता है। रंजिश के दौरान आरोपियों ने पीड़ित व उसकी पत्नी उषा को पकड़ लिया और उनके साथ धारदार हथियार से हमला कर उसकी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देखकर मौके से फरार हो गए। घायल महिला व उसके पति ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पुत्र को बरामद करने की गुहार लगाई

समाज जागरण

कांधला। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने कस्बे के एक व्यक्ति पर उसके पुत्र को बहला-फुसलाकर महाराष्ट्र ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर बरामद करने की कुहार लगाई है। कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी अब्दुल हनीफ ने बताया कि उसके पुत्र हारुन को उसके मोहल्ले का ही एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ महाराष्ट्र ले गया। पीड़ित के पुत्र को ले जाने पर पीड़ित व उसका परिवार परेशान है। जब पीड़ित अपने पुत्र के मोबाइल पर फोन करता है तो उसको फोन नहीं उठाने देते। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर अपने पुत्र को बरामद करने की गुहार लगाई है।

# प्रतिबंध के बावजूद दीपावली से पहले तैयार किया गया था पटाखों का जखीरा

समाज जागरण

कैराना। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सहित एनसीआर में पटाखे बनाने व बेचने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा रखा है। वहीं प्रतिबंध के बावजूद गांव रामडा के पास बंद पड़ी एक फैक्ट्री में अवैध पटाखे बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसके अलावा मौहल्ला सरावज्ञान में भी अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किया गया था, जिन्हें आगामी दीपावली पर्व पर महंगे दामों पर बेचा जाना था। इससे पहले पुलिस ने फैक्ट्री व मकान के अंदर से पटाखों का जखीरा बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।



कैराना पुलिस द्वारा बरामद पटाखे

# सड़क किनारे डाली मृत मछलियाँ, दुर्गंध से ग्रामीण परेशान

समाज जागरण

कैराना। मछली ठेकेदार के द्वारा मृत मछलियों को सड़क किनारे डाल दिया गया। वहीं मृत मछलियों की दुर्गंध से ग्रामीणों का जीना दुर्भर हो गया है।

गांव मामौर स्थित झील का मछली का सरकारी ठेका एक व्यक्ति के नाम पर छूटा हुआ है। गांव वासिया ने बताया कि पिछले दिनों मछली ठेकेदार ने झील से करीब 15-20 कुंतल जिंदा मछली निकलवाकर सड़क किनारे एक तालाब में डलवा दी थी। दो दिन पहले उक्त सभी मछलियों की अज्ञात कारण से मौत हो गई। जिसके बाद मछली ठेकेदार ने मृत मछलियों को सड़क किनारे व आसपास खेतो में डलवा दिया। वहीं मृत मछलियों की दुर्गंध से ग्रामीणों का जीना दुर्बल हो गया है।ग्रामीणों ने मछली ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।



कैराना के मामौर में तालाब किनारे पड़ी मृत मछलियां

# विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्रोंओ से प्रोजेक्टर के माध्यम से सीधा संवाद

समाज जागरण

शामली। कांधला स्थित श्री चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज में सोमवार को विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 का जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विज्ञान भवन, नई दिल्ली से भारत सरकार के



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से किए गए संवाद का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में श्री चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज, हिंदू इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कांधला सहित कई विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार चौहान मुख्य अतिथि और डॉ. अमित मलिक प्रधानाचार्य विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अनिल चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं, डॉ. अमित मलिक ने विद्यार्थियों को नवाचार और रचनात्मकता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने किया हंगामा प्रदर्शन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग)विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होने विभागीय अधिकारियों पर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान न करने और कंपनी के ठेकेदारों पर कर्मचारियों का शोषण करने का आरोप लगाया है।



जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने कहा कि कर्मचारियों का वेतन समय से नही दिया जा रहा है। पीएफ सही समय से न मिलने से कर्मचारी परेशान है। जिसको लेकर अधीक्षण अभियंता के साथ बैठक को चुकी है, लेकिन आज तक समस्या का कोई समाधान नही हुआ। उन्होने कंपनी के अधिकारियों पर कर्मचारियों का शोषण करने का आरोप लगाया। कर्मचारियों के धरने पर अधीक्षण अभियंता ने पहुंचकर वार्ता की। जिसके बाद अधीक्षण अभियंता विरेन्द्र सिंह ने आश्वासन दिया कि सभी कर्मचारियों का वेतन जल्द दिलाया जायेगा। आगामी तीन दिनों के अंदर ईपीएफ का पैसा दिया जायेगा। कहा कि किसी भी कर्मचारी को कोई समस्या आती है तो उसका समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हसन, इजमाम, ललित कुमार, रविपाल, मनोज, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# सुषमा रानी ने किया जिलाधिकारी बागपत का भव्य स्वागत

समाज जागरण

बागपत। बागपत कलक्ट्रेट लोकमंच पर जिलाधिकारी बागपत अस्मिता लाल के कुशल नेतृत्व में सुगम संकल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी बागपत अस्मिता लाल ने फीता काटकर किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर स्थापित सभी स्टॉल आदि का भ्रमण किया एवं मुकबधिर, दिव्यांग, दृष्टिबाधित, श्रवण-बाधित विशेष बच्चों से संकेत भाषा में बात कर उनके अनुभव आदि जाने। आरसेटी संस्थान बागपत द्वारा लगाए गए स्टॉल पर ट्रेनर एवं नीलकंठ एरोमेटिक्स फर्म की चेयरपर्सन व सुप्रसिद्ध सोशल वर्कर सुषमा रानी ने जिलाधिकारी बागपत अस्मिता लाल का फूल बुग्गा भेंट कर भव्य स्वागत किया। साथ ही उन्हें अपने द्वारा बनाई गई डिजाइनर मोमबत्तियां भी भेंट की। जिलाधिकारी ने सुषमा रानी द्वारा बनाई जा रही डिजाइनर मोमबत्ती, सुगंधित अगरबत्ती व धूपबत्ती की जमकर प्रशंसा की। प्रदर्शनी में बागपत सांसद डॉ राजकुमार सांगवान एवं छपरौली विधायक डॉ अजय कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए 65 विशेष बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



बागपत में जिलाधिकारी का स्वागत करती सोशल वर्कर सुषमा रानी

# सिरसलगढ़ गांव में हुआ सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान का भव्य स्वागत

समाज जागरण

बागपत। सिरसलगढ़ गांव में बागपत के सांसद डॉ राजकुमार सागवान का स्वागत समारोह हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने उनका ढोल नगाड़ों के साथ फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह उज्जवल के आवास पर हुई सभा में बोलते हुए डॉक्टर राजकुमार सांगवान ने कहा कि रालोद गरीब, किसान व मजदूरों के हितों के लिए दिन रात कार्य कर रही हैं। पार्टी अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी दिल्ली में किसानों की आवाज बुलंद कर रहे हैं। सभा में उन्होंने सभी से रालोद से जुड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नही रहेगी। किसानों के गन्ने का समय पर भुगतान कराया जायेगा। उन्होंने बिनोली से लेकर केडवा तक सड़क को चौड़ी कराने और गांव के शिव मंदिर से चिरचिटा तक कच्चे रास्ते पर सी सी रोड़ और दिल्ली तक रोडवेज बसों का संचालन कराने का भी ग्रामीणों को आश्वाशन दिया। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नौकरी आदि व्यवसाय करने में दिल्ली जाने में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि बागपत लोकसभा क्षेत्र में हरियाणा की तर्ज पर विकास होगा। किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन के अंदर कराया जाएगा। अध्यक्षता बाबा सुखबीर सिंह ने की। सभा मे डॉक्टर राहुल उज्जवल महामंत्री चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, जिला पंचायत सदस्य धनपाल उज्जवल, सुखपाल सिंह जितेंद्र, जयपाल, नेपाल, रामकुमार, हरपाल सिंह, हरफूल सिंह, डायरेक्टर सतबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।



बागपत के सिरसल गढ़ गांव में अपने स्वागत समारोह के दौरान उपस्थित बागपत के सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान

# डीएम ने करीब 14 सौ करोड़ की 273 विकास परियोजनाओं की समीक्षा की

समाज जागरण

बागपत। डीएम अस्मिता लाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के तहत संचालित विकास कार्यों एवं 10 लाख से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में 15 कार्यदायी संस्थाओं की कुल 273 परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिनमें से 125 पूर्ण हो चुकी हैं। इन योजनाओं पर कुल 1408.36 करोड़ की धनराशि स्वीकृत है, जिसमें 932.34 करोड़ अवमुक्त किए जा चुके हैं। डीएम ने कहा कि प्रत्येक परियोजना जनता के जीवन में सुधार का माध्यम है, इसलिए कार्य पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध हों। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निमार्णाधीन स्थलों पर कार्य की गुणवत्ता सर्वोत्तम हो, थर्ड पार्टी द्वारा निरीक्षण कराया जाए और दिव्यांगों की सुविधा हेतु रैंप, रेलिंग आदि की व्यवस्था अनिवार्य की जाए। साथ ही हर भवन में रेनवाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अपूर्ण 148 योजनाओं की प्रगति को गति देने, परियोजना स्थलों पर सूचना बोर्ड लगाने तथा पोर्टल पर स्थिति अद्यतन करने के निर्देश दिए। डीएम ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने का आह्वान किया। बैठक में सीडीओ नीरज कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, अधिशासी अभियंता अतुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# कलेक्ट्रेट सभागार में युवाओं ने उत्साह से सुना मुख्यमंत्री योगी का संदेश, सांसद बोले—"खूब खेलो और आगे बढ़ो"

समाज जागरण

बागपत। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का युवा संदेश सुना। युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल विभाग द्वारा युवक एवं युवती मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई। लखनऊ से मुख्यमंत्री का सीधा प्रसारण हुआ, जिसमें उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही नए उत्तर प्रदेश की आधारशिला है। खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 80 हजार मंगल दलों को अब तक खेल सामग्री दी जा चुकी है। हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान और हर विकासखंड पर मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि खेल अब आत्मनिर्भरता का माध्यम बन रहे हैं और यूपी के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रहे हैं। सीएम ने युवाओं से विकसित उत्तर प्रदेश अभियान में भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि 2047 के भारत निर्माण में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। लाइव प्रसारण के बाद सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने कहा कि बागपत खिलाड़ियों की भूमि है और यहां के युवाओं की प्रतिभा हर स्तर पर चमक रही है। उन्होंने कहा—खूब खेलो, आगे बढ़ो और जनपद का नाम रोशन करो। सांसद व मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने 21 युवती एवं 11 युवक मंगल दलों को खेल सामग्री वितरित की। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सोनू कुमार, हरीश मिश्रा, अंकित कुमार, शिप्रा सिंह, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।



# बड़ौत में बनेगा अत्याधुनिक मिनी रोडवेज बस स्टेशन, शासन ने 1 करोड़ की पहली किशत जारी की

समाज जागरण

बागपत। जनपद के कस्बा बड़ौत (बावली चुंगी) में शीघ्र ही एक आधुनिक मिनी रोडवेज बस स्टेशन (सेटेलाइट बस स्टैंड) बनने जा रहा है। छपरौली विधायक डॉ अजय कुमार के प्रयासों के बाद शासन ने इस परियोजना के लिए 4.93 करोड़ की लागत को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है और पहली किश्त के रूप में एक करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। यह स्वीकृति विशेष सचिव के.पी. सिंह द्वारा परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भेजे गए शासनादेश के तहत प्रदान की गई है। परियोजना का निर्माण कार्य कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस), उत्तर प्रदेश जल निगम को सौंपा गया है। यह अत्याधुनिक बस स्टेशन बड़ौत क्षेत्र के यात्रियों को सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता के नए मानकों से जोड़ देगा। डॉ अजय कुमार के अनुरोध के बाद स्वीकृत धनराशि का व्यय पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाएगा और परियोजना की आगे की किश्तें निविदा के पश्चात वास्तविक लागत के आधार पर ही जारी की जाएंगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरे और निर्धारित समय सीमा में पूरा हो। नवनिर्मित बस स्टेशन से यात्रियों को बेहतर प्रतीक्षालय, स्वच्छ पेयजल, सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग स्थल, टिकट काउंटर, डिजिटल सूचना बोर्ड तथा दिव्यांगों के लिए रैंप जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस निर्णय से बड़ौत नगर और आसपास के क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी तथा स्थानीय व्यापार और यात्रियों दोनों को बड़ा लाभ होगा। शासन की यह पहल जनपद बागपत के विकास को एक और सशक्त आधार प्रदान करेगी।

# माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर का समूह गान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

समाज जागरण

बागपत। माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर के विद्यार्थियों ने भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर, नोएडा में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित समूह गान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर नोएडा में समूह गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों के 32 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं समापन वंदे मातरम् के साथ किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों एवं विद्या भारती के शिक्षाविदों ने अपनी उपस्थिति से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर के विद्यार्थियों की टीम ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया। उन्होंने हिंदी व संस्कृत का गीत प्रस्तुत किया।उनकी सामूहिक स्वर लहरी, ताल-मात्रा का समन्वय एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत गायन ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय टीम को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। संगीत की आचार्या कीर्ति जी को भी प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी मिली। यह सम्मान उनके परिश्रम, अनुशासन और संगीत के प्रति समर्पण का प्रतीक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने विद्यालय और क्षेत्र का नाम गर्व से ऊँचा किया है। ऐसी प्रतियोगिताएँ न केवल प्रतिभा को निखारती हैं बल्कि उनमें सांस्कृतिक चेतना और देशभक्ति की भावना को भी प्रबल करती हैं। विद्यालय परिवार ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं तथा भविष्य में और ऊँचाइयाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।




माधव सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के बच्चे समूह ज्ञान प्रतियोगिता में अपने द्वारा जीती ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र दिखाते हुए

# अहोई अष्टमी पर की बच्चों की दीघार्यु की कामना

समाज जागरण

बागपत। जिलेभर में सोमवार को अहोई अष्टमी का पर्व पारंपरिक रीति- रिवाजों के अनुसार मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने व्रत रखे और बच्चों की लंबी आयु होने की कामना की। सुबह के समय महिलाओं ने अपने घरों में पूजा अर्चना की और एक- दूसरे के घर जाकर अहोई की कहानियां सुनी। उसके बाद रात को तारे निकलने के बाद व्रत खोला। अहोई अष्टमी को लेकर बाजारों में सुबह से ही चहल-पहल लगी रही और रात तक बाजार पूरी तरह गुलजार रहे। महिलाओं ने बाजार से पूजन के सामान व फल फ्रूट की खरीदारी की। इसके अलावा दुकानों से नेल पॉलिश, बिंदी, लिपिस्टिक आदि सौंदर्य प्रसाधन के सामान खरीदें। ब्यूटी पार्लर पर भी सुबह से लेकर रात तक महिलाओं का आना जाना लगा रहा। किसी महिला ने फेशियल कराई तो किसी ने आई ब्रो बनवाई। किसी ने हाथों पर मेहंदी रचवाई। ब्यूटी पार्लर संचालिका भी अहोई अष्टमी को लेकर काफी व्यस्त नजर आई। उन्हें अलग से लड़कियों को लगाकर शिफ्टों में काम कराना पड़ा।



अहोई अष्टमी के मौके पर घरों में कहानी सुनती महिलाएं

# खाद्य सुरक्षा टीम ने दो विधिक नमूने लिए, 200 किलो मावा नष्ट कराया

समाज जागरण

बागपत। दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पर्व को देखते हुए जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई की। डीएम अस्मिता लाल के आदेश एवं सहायक आयुक्त (खाद्य) डी.पी. सिंह के पर्यवेक्षण में खाद्य सुरक्षा अधिकारी यज्ञ दत्त आर्य ने सोमवार को छापेमारी अभियान चलाया। कार्यवाही के दौरान कैंटर संख्या वढ19 अळ 9921, जो आस मुहम्मद की बताई गई, को रोका गया। गाड़ी से मावा की जांच करने पर मिलावट की आशंका पाई गई। मौके पर मौजूद मीर हसन पुत्र हकीमु और मोनू मलिक पुत्र महमूद मलिक, दोनों निवासी कुड़ाना थाना शामली, से पूछताछ की गई। टीम ने संदेहास्पद मावा के दो विधिक नमूने जांच के लिए संग्रहित किए और अस्वच्छ अवस्था में रखे लगभग 200 किलोग्राम मावा जिसकी कीमत करीब 60 हजार को मौके पर ही नष्ट करा दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने त्योहारों के दौरान नकली या मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है, ताकि आमजन को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।



# राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष का स्वागत

## --उमेश देवी नई जिला उपाध्यक्ष की हुई मनोनयन

समाज जागरण

बागपत। राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष राखी राजपूत का सोमवार को बड़ौत विधानसभा क्षेत्र के ग्वालिखेड़ा गांव में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के कार्यकताओं और ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष राखी राजपूत ने उमेश देवी को संगठन में उनकी मेहनत, जुझारूपन और समर्पण को देखते हुए जिला उपाध्यक्ष पद से सम्मानित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उमेश देवी संगठन के प्रति निष्ठावान रहकर इसके विकास और मजबूती के लिए निरंतर कार्य करेंगी। कार्यक्रम में संगठन के उद्देश्यों, महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक जिम्मेदारियों पर जोर दिया गया। राखी राजपूत ने उपस्थित महिलाओं से कहा कि संगठन के माध्यम से महिलाओं को समाज में सशक्त बनाने और उनके अधिकारों के लिए काम करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन का लक्ष्य केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता भी बढ़ाना है। इस अवसर पर ग्रामीणों और कार्यकताओं ने संगठन के प्रति अपनी आस्था और सहयोग की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में नई जिला उपाध्यक्ष उमेश देवी ने अपने कृतज्ञता भाव व्यक्त किए और संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया। इस मौके पर संगठन की अन्य प्रमुख सदस्याएं जैसे सविता, कुसुम, पूजा, प्रियंका, सोनिया, रेशमा, गीता आदि भी उपस्थित रहीं और उन्होंने नई जिला उपाध्यक्ष को बधाई दी।



# राष्ट्रीय लोकदल ने हमेशा हर वर्ग के विकास और न्याय के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष किया है – डॉ. सुभाष गुर्जर

## --धनोरा गांव में कार्यकताओं ने दिखाई एकजुटता, जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

समाज जागरण

बागपत। बड़ौत विधानसभा क्षेत्र के धनोरा गांव में राष्ट्रीय लोकदल के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत आयोजित विशाल जनसभा में लोगों का उत्साह देखने लायक था। जनसभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. सुभाष गुर्जर ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, युवाओं और समाज के हर वर्ग के विकास व न्याय के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करता आया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की नीतियां पूरी तरह जनहित और विकासोन्मुखी हैं। पार्टी का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के उत्थान और समान अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने उपस्थित जनता से अपील की कि वे राष्ट्रीय लोकदल की सक्रिय सदस्यता ग्रहण कर पार्टी को और अधिक मजबूत करें। डॉ. सुभाष गुर्जर ने कहा कि आज जब राजनीति व्यक्तिगत स्वार्थ और जातिवाद के जाल में उलझी हुई है, तब राष्ट्रीय लोकदल ही वह पार्टी है जो किसानों और आमजन की आवाज को ईमानदारी से उठाती है। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहा है। सर्वसमाज के लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया और सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद पाल ने की, संचालन सुशील और बृजमोहन शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर गठिना, जयवीर एडवोकेट, डॉ. साहब सिंह, डॉ. अनिल आर्य, डॉ. इरफान मलिक, राजेंद्र हेवा, ओमबीर तोमर, सतेंद्र मोघा, सुबोध राणा, नरेन्द्र गुर्जर, अभिषेक भाटी, अमित फौजी, सतवीर राठी, थान सिंह प्रधान, वीर सिंह प्रधान, किरणपाल कश्यप प्रधान, जयपाल आदि मौजूद रहे।

# रोटरी इंटरनेशनल के असिस्टेंट गवर्नर बने संजय जैन

समाज जागरण

बागपत। रोटरी इंटरनेशनल की बड़ौत शाखा के पदाधिकारी संजय जैन मूलचंद जैन पाइप वालों को रोटरी इंटरनेशनल के मंडल 3100 का असिस्टेन्ट गवर्नर बनाया गया। श्री जैन को वर्ष 2026 - 27 के लिए असिस्टेंट गवर्नर चुना गया। संजय जैन को यह पद मिलने की सूचना मिलते ही बड़ौत शाखा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने संजय जैन को शुभकामनायें प्रदान की। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 की गवर्नर पायल गौर ने संजय जैन को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए समर्पण और मेहनत से काम करने की प्रेरणा दी, जिससे डिस्ट्रिक्ट 3100 नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे। रोटरी 3100 के अध्यक्ष गौरव चौधरी, सेक्रेटरी अखिल जैन और राजन शर्मा, जितेंद्र जैन, सुभाष जैन, मंजीत सिंह के साथ अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने संजय जैन के घर जाकर उन्हें असिस्टेन्ट गवर्नर बनने पर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इमेज चेयरपर्सन प्रभात कुमार जैन ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल जन सेवा के विभिन्न कार्यों, महिला सशकितकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



# भाजपा नेता पर घर में घुसकर हमला, गंभीर घायल

समाज जागरण

बागपत। बागपत के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी प्रशांत चौधरी और उनके परिवार पर जानलेवा हमला किया गया है। हमलावरों ने उनके घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला किया। गंभीर रूप से घायल प्रशांत चौधरी व उनके परिवार वालों को रविवार रात को जिला अस्पताल बागपत अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले की जानकारी फैलते ही भाजपा कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने अस्पताल पहुंच कर प्रशांत चौधरी व उनके माता-पिता का हाल चाल जाना। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई की बात कही। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सभी भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक रविन्द्र आर्य, समाजसेवी आकाश उपाध्याय, युवा नेता जंयत चौधरी, पवन शर्मा आदि ने अस्पताल जाकर भाजपा नेता का हाल जाना।



# शिक्षक संगठनों ने निष्पक्ष जांच को लेकर सौपा ज्ञापन

समाज जागरण

बागपत। बागपत के बीएसए कार्यालय पर सोमवार को विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया। पलड़ी गांव के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पर हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने बताया कि जनपद में परिषदीय विद्यालयों में सफाई व्यवस्था को लेकर अध्यापकों पर की जा रही विभागीय कार्यवाही को लेकर शिक्षकों में आक्रोश है। संगठन ने कहा कि विद्यालयों में सफाई कर्मी नियुक्त नहीं हैं, न ही इसके लिए कोई मद स्वीकृत है। अध्यापक स्वयं खर्च कर सफाई व्यवस्था करते हैं, जबकि ग्राम पंचायत के सफाईकर्मी पूरे गाँव की जिम्मेदारी निभाते हैं। प्राथमिक विद्यालय नंबर 01 पलड़ी, ब्लॉक बिनौली के प्रभारी प्रधानाध्यापक नितिन कुमार के निलंबन को संगठन ने षड्यंत्र बताया है। संगठन ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस दौरान नवनीत, सुभाष शर्मा, नितिन कुमार, दीपक, सुनील, अंकुर राणा, मनोज कुमार, संजीव कुमार, हरेंद्र तोमर, बृजपाल सिंह, जितेंद्र कुमार, अतुल अत्रे व राजीव कुमार आदि शिक्षक उपस्थित हुए।




बागपत में बीएसए ऑफिस पर ज्ञापन सौपने जाते शिक्षक पदाधिकारी।

# दुकान पर बैठी महिला ने युवक पर लगाया अभद्र व्यवहार करने का आरोप

समाज जागरण

बागपत। बालैनी क्षेत्र के हरियाखेड़ा गांव में दुकान पर बैठी महिला के साथ युवक ने अभद्र व्यवयहार किया। पीड़िता ने घटना की शिकायत बालैनी थाने पर की है। बालैनी थाना क्षेत्र के हरियाखेड़ा गांव निवासी महिला ने बताया कि गांव का एक दबंग युवक पिछले कई दिनों से उसके बच्चो को डराता और धमकाता है। रविवार को महिला अपनी किराना की दुकान पर बैठी हुई थी तभी आरोपी युवक वहां आया और महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो वह जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से चला गया। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत बालैनी थाने में की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सरकारी नलकूप की नाली से ईट उखाड़ने, नाली ध्वस्त करने का आरोप

समाज जागरण

बालैनी। सरकारी नलकूप की नाली से ईट उखाड़ने व मिट्टी काटने का किसान ने किया विरोध किया तो दबंगों ने किसान को दी जान से मारने की धमकी। बालैनी गांव के कृष्णपाल पुत्र विजयपाल का खेत बालैनी थाने के सामने है। सुबह किसान अपने खेत पर गया था। पास में बनी सरकारी नलकूप की नाली से ईट उखड़ी मिली ओर नाली को ध्वस्त कर दिया। जिसका किसान ने विरोध किया तो बराबर का किसान जयभगवान पुत्र सोहनलाल अपने कई साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और कृष्णपाल के साथ गाली गलौज करने लगा। सूचना के आधार पर सिंचाई विभाग के ऑपरेटर देशराज मौके पर पहुंचे और जयभगवान के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थाना पुलिस का कहना है की जांच की जा रही है जांच के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के चुनाव हेतु 3 नवंबर को आम बैठक होगी- एडवोकेट धामी

### श्री आनंदपुर साहिब में पंथिक परंपराओं के अनुसार 350वीं शहीदी शताब्दी समारोह मनाया जाएगा

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख)**



जैतो, : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के वार्षिक चुनाव हेतु शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की आम बैठक 3 नवंबर को बुलाई गई है। आज हुई अंतरिम कमेटी की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आम बैठक दोपहर 12 बजे तेजा सिंह समुंद्री हॉल में होगी, जिसमें अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव एवं अंतरिम कमेटी के सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। अंतरिम कमेटी द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए एडवोकेट धामी ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के शहीदी पर्व का 350वां प्रकाश पर्व खालसा परम्परा के अनुसार 23 से 29 नवंबर तक श्री आनंदपुर साहिब में मनाया जाएगा और मुख्य समारोह 25 नवंबर को होगा। उन्होंने कहा कि श्रीनगर के मटन से नगर कीर्तन के संबंध में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और स्थानीय सिख नेताओं के साथ विचार-विमर्श कर जल्द ही कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। एडवोकेट धामी ने कहा कि शताब्दी समारोह को एक हिस्सा बनाने के लिए हिंदू और अन्य धर्मों के धार्मिक नेताओं के साथ बैठकें की जाएंगी। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सेवाएं प्रदान कर रही है। आज की अंतरिम कमेटी की बैठक में राहत सेवाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी ने शुरूआत में जहां बड़े पैमाने पर लंगर, आवश्यक वस्तुएं, चिकित्सा सुविधाएं और डीजल उपलब्ध कराया, वहीं अब किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने का काम शुरू किया जा रहा है। इस संबंध में एसजीपीसी ने केंद्र स्थापित किए हैं, जिनमें गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब डेरा बाबा नानक, गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा जी रामदास, गुरुद्वारा श्री बेर साहिब सुल्तानपुर लोधी और गुरुद्वारा श्री जामनी साहिब बजीदपुर फिरोजपुर शामिल हैं। 10 एकड़ से कम जमीन वाले प्रभावित किसान इन जगहों पर अपना नाम दर्ज करवाएं, ताकि समय पर बीज उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिन गुरु घरों में पानी घुस गया है, उनकी सूचियां प्रचारकों के माध्यम से तैयार करवाई जा रही हैं और जल्द ही गुरुद्वारा सबिहान को 50,000 रुपये की सहायता राशि भेज दी जाएगी। एआई द्वारा गुरबाणी, सिख इतिहास, धार्मिक प्रतीकों और गुरु-अस्थानों की बेअदबी के संबंध में अंतरिम कमेटी द्वारा लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए एडवोकेट धामी ने कहा कि ऐसे किसी भी मामले में वीडियो आदि बनाकर आगे शेयर करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी तरह की माफी नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए इंटरनेट और साइबर अपराध के कानूनी विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जाएंगी। ऐसी सिख विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए एक डिजिटल टास्क फोर्स का भी गठन किया जाएगा, जिसमें शिरोमणि कमेटी का इंटरनेट विभाग, आईटी, विंग, श्री गुरु ग्रंथ साहिब विश्व यूनिवर्सिटी श्री फतेहगढ़ साहिब, खालसा कॉलेज पटियाला, गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज लुधियाना और बाबा बंदा सिंह बहादुर इंजीनियरिंग कॉलेज श्री फतेहगढ़ साहिब संगठित तरीके से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि एआई तकनीक की अग्रणी कंपनियों के साथ भी संपर्क किया जाएगा, ताकि सिख धर्म से जुड़े मामलों से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री को रोका जा सके। एडवोकेट धामी ने कहा कि शिरोमणि कमेटी गुरबाणी, सिख सिद्धांतों, सिख इतिहास और शिष्टाचार से संबंधित एक डिजिटल डेटा बैंक बनाएगी, ताकि इंटरनेट से प्रामाणिक जानकारी मिल सके। उन्होंने जहां सरकारों से धर्म के खिलाफ एआई सामग्री को रोकने के लिए दंडनीय कानून बनाने को कहा, वहीं उन्होंने संगत से भी अपील की कि वे ऐसे वीडियो और अन्य सामग्री को आगे साझा न करें। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि शिरोमणि कमेटी के सहयोग से दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स. मनजीत सिंह जीके नौवें गुरु जी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित गुरुद्वारा सीसगंज साहिब दिल्ली से श्री अमृतसर तक साइकिल यात्रा निकाल रहे हैं। यह यात्रा 15 नवंबर 2025 को दिल्ली से शुरू होकर 20 नवंबर को अमृतसर पहुंचेगी। बैठक में शिरोमणि कमेटी के कर्मचारियों को 3% महंगाई भत्ता देने का भी फैसला किया गया। इसके अलावा गुरु नानक खालसा कॉलेज माटुंगा मुंबई को विश्वविद्यालय में बदलने की भी मंजूरी दी गई। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के गाँव कौलपुर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूपों को जलाकर की गई बेअदबी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रबंध करने को कहा गया। मीडिया से बात करते हुए एडवोकेट धामी ने यह भी बताया कि वह कल 14 अक्टूबर को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पटियाला जेल में नजरबंद भाई बलवंत सिंह राजोआना से मिलने जाएंगे। इससे पहले शिरोमणि कमेटी के सदस्य भाई राम सिंह और पूर्व सदस्य स. जगजीत सिंह बराड़ के निधन पर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए मूलमंत्र और गुरुमंत्र का जाप किया गया।

इस समागम में एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष स. रघुजीत सिंह विर्क, कनिष्ठ उपाध्यक्ष स. बलदेव सिंह कल्याण, महासचिव स. शेर सिंह मंडवाला, अंतरिम कमेटी सदस्य बीबी हरजिंदर कौर, स. अमरीक सिंह विचोआ, स. सुरजीत सिंह तुगलवाल, स. परमजीत सिंह खालसा, स. सुरजीत सिंह गढ़ी, स. बलदेव सिंह कायमपुर, स. दलजीत सिंह भिंडर, स. सुखहरप्रीत सिंह रोडे, स. रविंदर सिंह खालसा, स. जसवंत सिंह पुडैन, परमजीत सिंह रायपुर,मैंबर बीबी जोगिंदर कौर,ओ.एस.डी.सतबीर सिंह धामी, सचिव प्रताप सिंह, इंजीनियर सुखविंद्र सिंह, बलविंदर सिंह काहलवां, अतिरिक्त सचिव गुरविंदर सिंह मथरेवाल, प्रीतम सिंह, निजी सचिव शाहबाज सिंह, श्री दरबार साहिब के मैनेजर भगवंत सिंह धंगेडा,उप सचिव कुलदीप सिंह रोड़े, जसविंदर सिंह जस्सी, बलविंदर सिंह खैराबाद, कानूनी सलाहकार अमनबीर सिंह सियाली, अधीक्षक निशान सिंह, एक्सियन जतिंदर पाल सिंह आदि शामिल थे।

# महिलाओं ने संतान की दीघार्यु, अच्छे स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना के लिए रखा अहोई अष्टमी उपवास

### मीणा श्योकद अपनी बेटी रिद्धि को दीघार्यु की दे रही है कामना

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**



उचाना मंडी (जींद),:हर साल करवा चौथ के चार दिन बाद अहोई अष्टमी व्रत महिलाओं के लिए बहुत खास माना जाता हैं। सोमवार को महिलाएं ने श्रद्धा व निष्ठा से अपने बच्चों की दीघार्यु, अच्छे स्वास्थ्य ,सुख -समृद्धि तथा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निर्जल उपवास रखा। यह व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को किया जाता हैं। धार्मिक मान्यता यह भी है कि यह व्रत परिवार में खुशहाली और सुरक्षा लाता है। जिन महिलाओं की संतान नहीं होती, वे भी अहोई माता से संतान प्राप्ति की कामना के लिए यह व्रत रख सकती हैं। यह व्रत भी करवा चौथ की तरह ही होता है ।यह व्रत भी कठिन माना जाता है क्योंकि इसे निर्जला उपवास यानी बिना पानी के रखा जाता है,लेकिन विधिपूर्वक और सही समय पर पूजा करने से माता अहोई का आशीर्वाद अवश्य मिलता है। उपवास के दौरान माताएं पूरे दिन केवल अपने संतान और उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना करती हैं ।अहोई माता को माता पार्वती का रूप माना जाता है ।वह बच्चों की रक्षक देवी हैं और उन्हें दीघार्यु, सुख और समृद्धि प्रदान करती हैं ।मान्यता है कि अहोई माता की पूजा करने से ग्रह दोष और संतान से जुड़ी परेशानियां दूर होती हैं, जैसे गर्भपात, संतान की असमय मृत्यु या नटखट स्वभाव की समस्याएं नहीं आती हैं ।इसलिए यह व्रत न केवल महिलाओं के लिए बल्कि संतान की भलाई चाहने वाली हर स्त्री के लिए शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि यह व्रत संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखा जाता है ।कहा जाता है कि एक स्त्री ने अहोई माता की पूजा कर अपनी संतान सुख वापस पाया। कहा जाता है कि पहले यह व्रत पुत्र की दीघार्यु के लिए रखा जाता था, पर अब इसे बेटा-बेटी दोनों की भलाई के लिए किया जाता है। महिलाओं द्वारा दिन पर निर्जल उपवास के उपरांत आकाश के तारों को अर्घ्य देकर अहोई अष्टमी से संतान के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

# रेलवे स्टेशनों पर 16 से 26 अक्टूबर तक प्लेटफार्म टिकट पर रोक

**समाज जागरण**



जैतो, (रघुनंदन पराशर ) : फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमजीत सिंह सैनी ने सोमवार को कहा कि फिरोजपुर मंडल द्वारा अगामी त्योहारों के कारण अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित एवम् रेलयात्रियों की सुविधाजनक आवागमन को ध्यान में रखते हुए लुधियाना और ढंडारी कलां रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकट की बिक्री 16.10.2025 से 26. 10.2025 तक अस्थायी रूप से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया है। फिरोजपुर मंडल रेलयात्रियों से अपील करता है, रेलयात्रा को और भी आरामदायक व सुरक्षित बनाने के लिए सफर के दौरान कम सामान लेकर चलें। ट्रेन में यात्रा करने वाले अपने परिचितों और परिजनों को रेलवे स्टेशन के बाहर तक ही छोड़े ताकि रेलवे स्टेशन पर अनावश्यक भीड़ ना हो ।यात्रियों की सुरक्षा और सुखद यात्रा रेलवे के लिए सर्वोपरि है। सफर के दौरान रेल नियमों का पालन करें, साथ में पटाखे अथवा ज्वलनशील वस्तुएं लेकर यात्रा न करें।

# अहोई अष्टमी व्रत, मां के अप्रतिम प्रेम का प्रतीक - रीना गोयल

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख**



जैतो,: अहोई अष्टमी एक महत्वपूर्ण व्रत है जो माताओं द्वारा अपने पुत्रों की लंबी उम्र, खुशी और कल्याण के लिए रखा जाता है। श्रद्धालु माताएं देवी अहोई की पूजा करके अपने बच्चों की समृद्धि के लिए उनका आशीर्वाद मांगती हैं ।यह व्रत उन महिलाओं के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है जिन्हें गर्भपात, गर्भधारण करने में कठिनाई या संतानहीनता का अनुभव हुआ हो। माना जाता है कि अहोई अष्टमी की पूजा और व्रत करने से उन्हें एक स्वस्थ बच्चे का आशीर्वाद मिलता है ।माताओं ने सुबह से शाम तक कठोर निर्जला उपवास रखा और तारों को देखने के बाद ही इसका उपारन करेंगी। जैतो वुमैनज क्लब अध्यक्षा रीना गोयल, रितु तायल, अंजू रानी , मानसी तायल, मनप्रीत कौर, अंजलि तायल, ऊषा गर्ग आदि ने विधिवत पूजा अर्चना की। दीवार पर अष्ट कोष्ठक की अहोई की पुतली रंग भर कर बनाई । उस पुतली के पास छपी हुई अहोई अष्टमी का चित्र मंगवाकर दीवार पर लगाया तथा पूजन कर सूर्यास्त के बाद अर्थात तारे निकलने पर अहोई माता की पूजा करने से पहले पृथ्वी को पवित्र करके चौक पूज कर एक लोटा जल भरकर एक पटले पर कलश की भाँति रखकर पूजा की व अहोई की रोली, चावल दूध व भात से पूजा करके जल से भरे लोटे पर सतिया बनाया। एक कटोरी में हलवा तथा पैसे निकाल कर रखे और सात दाने गेहूं के लेकर कहानी सुनने के बाद जो पैसे पहले से निकालकर रखे थे , उसे सासू जी के चरण स्पर्श कर श्राद्ध पूर्वक उन्हे दिए। ऐसा करने से अहोई माता प्रसन्न हो बच्चों की दीघार्यु करके घर में नित नये मंगल करती रहती हैं।

निःसंतान दम्पति अहोई अष्टमी को शुभ मानते हैं और अक्सर मथुरा के राधा कुंड में पवित्र स्नान करते हैं। भक्त दैवीय आशीर्वाद पाने के लिए इस पवित्र स्थल पर आते हैं। यह व्रत एक माँ की अपने बच्चे के प्रति अटूट भक्ति, उनके आध्यात्मिक बंधन को पोषित करने और एक उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने को दशार्ता है महिलाएं अहोई माता की पूजा अर्चना करते हुए।

# संत ऋषि राम जलाल वाले ने रंगला पंजाब फंड में दिया योगदान,

### उपायुक्त को 21,000 रुपए का चैक भेंट किया

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो, : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए रंगला पंजाब रिलीफ फंड की शुरूआत की है। कोई भी दानदाता इस फंड में योगदान दे सकता है ताकि पंजाब फिर से अपनी स्थिति में आ सके। इसी संदर्भ में, मालवा की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था माता अमर कौर विवेक चैरिटेबल सोसाइटी जैतो के अध्यक्ष संत ऋषि राम जलाल वाले ने फरीदकोट की उपायुक्त पूनमदीप कौर जी को 21,000 रुपए का चैक सौंपा। इस अवसर पर, उपायुक्त ने संत जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस कठिन समय में हम सभी का कर्तव्य है कि हम हर जरूरतमंद व्यक्ति का हाथ थामकर अपने पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाने के लिए मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान जी के प्रयासों को सफल बनाएँ।डिप्टी कमिश्नर मैडम पूनमदीप कौर को चेक सौंपते संत ऋषि राम जलाल वाले।

# इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर, दिल्ली ने बाढ़ पीड़ितों के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष को 11 लाख रुपये भेंट किए

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो, : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए किए जा रहे राहत कार्यों के समर्थन में, आज संस्था के कोषाध्यक्ष सिकंदर हियात ने इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर, नई दिल्ली के अध्यक्ष सलमान खुर्शीद की ओर से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को 11 लाख रुपये का चेक सौंपा।शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट धामी ने इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर, दिल्ली के पदाधिकारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि विभिन्न धर्मों के लोगों ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए भरपूर सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। एडवोकेट धामी ने मुस्लिम समुदाय का जिक्र करते हुए कहा कि समुदाय पहले ही बड़ी सहायता राशि दे चुका है, वहीं अब इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर, नई दिल्ली ने भी 11 लाख रुपये दिए हैं। इस अवसर पर इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर, नई दिल्ली के अध्यक्ष सलमान खुर्शीद की ओर से उपस्थित संस्था के कोषाध्यक्ष सिकंदर हियात ने कहा कि शिरोमणि कमेटी पंजाब की एक अग्रणी संस्था है, जो लगातार लोगों की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र का यह विनम्र प्रयास आपसी भाईचारे को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने संस्था के प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के मुख्य सचिव स. कुलवंत सिंह मनन, अंतरिम सदस्य बीबी हरजिंदर कौर, स. सुरजीत सिंह तुगलवाल, स. परमजीत सिंह रायपुर, सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, स. दर्शन सिंह शेरखां, भाई अजैब सिंह अभयासी, ओएसडी स. सतबीर सिंह धामी, सचिव स. प्रताप सिंह, इंजी. सुखमिंदर सिंह, स. बलविंदर सिंह काहलवां, निजी सचिव स. शाहबाज सिंह, श्री दरबार साहिब के महाप्रबंधक स. भगवंत सिंह धंगेरा और अन्य उपस्थित थे ।इंडिया इस्लामिक कल्चर सैंटर के पदाधिकारी शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट धामी को चैक भेंट करते हुए व अन्य।

# शिवालिक पब्लिक स्कूल, जैतो में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**




जैतो ,: क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षा संस्था शिवालिक पब्लिक स्कूल, जैतो में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दिवस का उद्देश्य समाज में लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने गीत, भाषण और कविताओं के माध्यम से बेटियों के महत्व को उजागर किया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए नाटक और स्किट ने दर्शकों को भावुक कर दिया ।स्कूल के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए दृढ़ता और मेहनत से काम करें। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टर और चार्टों के माध्यम से बालिका शिक्षा और सुरक्षा का संदेश दिया गया। कक्षा सातवीं से नौवीं तक के विद्यार्थियों के बीच बेटी बचाओ विषय पर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं ।स्कूल के प्रिंसिपल श्री सरबजीत सिंह ने विद्यार्थियों को बेटियों के सम्मान और सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया और कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम ने सभी के दिलों में यह संदेश छोड़ा कि एक बेटी केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे देश की शान होती है ।स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन श्री अश्वनी कुमार गर्ग, श्री अशोक कुमार गर्ग, सरदार जगमेल सिंह, श्री गौरव गर्ग और श्रीमती दीपी गर्ग ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

# न्यायमूर्ती बी .आर गवई व आईपीएस वाई पूरन कुमार सुसाईट करने पर एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण**



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) माननीय सर्वोच्च न्यायलय के न्यायधीश मा. बी आर गवई का अपमान किया गया। गंदी छोटी निमन एवं मनुवादी सोच रखने वाले राकेश किशोर वकील द्वारा कोर्ट की कार्यवाही के दौरान जूता फैंक कर मारने पर गरीमामई पद पर आसीन न्यायधीश एवं माननीय कोर्ट का अपमान करने एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा माननीय वाई पूरन कुमार को मनुवादी मानसिकता विचार धारा रखने वाले उच्चधि कारी यों द्वारा मानसिक प्रताडिता करने पर आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया गया। पूरे देश मे इस घटना को लेकर समाज में भरपूर आक्रोश है। इसी कड़ी में आज बी आर अम्बेड़कर सभा एवं श्रीगुरू रविदास सभा कालांवाली की ओर से एसडीएम कालांवाली के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति दौपति मूर्म जी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस घटना को लेकर समाजिक धार्मिक संगठनों व राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपा और इस घटना की कड़े शब्दों मे निंदा कि। संगठनों की ओर से सरकार से मांग कि है कि पूर्ण जांच करवाने व दोषीयों के विरूध एस.एसी एसटी एक्ट के तहत उत्पीड़न अधिनियम के तहत कार्रवाही की जाऐ। इस मौके पर मंगत राय, अश्वनी कुमार, मास्टर परमानंद, मंगत राम पार्षद, सुरेश जोरासिया, नरेश कुमार, बलवीर, जोतराम जोनी,रामां, रमेश कुमार, गुरतेज सिंह, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस और अहोई अष्टमी का पर्व

**(दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब रघुनंदन पराशर )**

जैतो, :सरस्वती जीनियस स्कूल जैतो में आज अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनी करण दिवस और अहोई अष्टमी पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रार्थना सभा में भाषण प्रस्तुति तथा प्राकृतिक आपदा संबंधित प्रश्न पूछकर विद्यार्थियों को भूकंप, बाढ़, चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपाय बताए गए तथा विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया ।इसी के साथ, विद्यालय में अहोई अष्टमी के पर्व का महत्व पर प्रकाश डालते हुए अध्यापिका तनुजा ने बताया कि इस दिन माताएँ अपने बच्चों की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्रीमती गगनदीप कौर बराड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि –प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए तथा प्रकृति का आदर करना चाहिए। साथ ही, हमें अपने पारंपरिक पर्वों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को भी समझना चाहिए।

इस प्रकार विद्यालय परिसर में यह दिन ज्ञान, श्रद्धा और संस्कारों का संगम बन गया।

# सरकारी रेट की मजदूरी ना मिलने पर मजदूरो ने कि नारेबाजी।

**दैनिक समाज जागरण**



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) कच्ची आढ़त मजदूर यूनियन के बैनर तले मजदूरो ने अनाज मंडी में धान की फसल की भराई के लिए सरकार के द्वारा तह की गई मजदूरी न मिलने पर मजदूरो की नारेबाजी कि। यूनियन के मजदूर गुरूविन्द्र सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार 9रू 80पैसे प्रति बैग निर्धारित है जबकि मजदूरों को 6रुपए 60 पैसे प्रति बैग दिया जा रहा है। मजदूरो का आर्थिक तौर पर सीधा शौषण किया जा रहा है। हम मजदूर पूरा दिन मेहनत करते है और हमें अपना महेनताना हक भी नही मिला रहा है। इस मंहगाई के तौर में अपने परिवार का पालान पौषन कैसे करें। मजदूर गुरविन्द्र सिंह एवं अन्य मजदूरों ने कहा कि इस बारे में मार्किट कमेटी में सचिव महोद्य को शिकायत कि है और माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा सरकार को शिकायत दी गई है। सभी मजदूरो ने एक साथ ऐलान किया कि जब तक हमें सरकारी रेट की मजदूरी नही है हम कार्य नही करेंगे। कच्ची आढ़त मजदूर यूनियन ने सरकार से मांग कि है कि हमें अपना हक दिलवाया जाऐ और तह सरकारी रेट की मजदूरी दी जाऐ अगर हमारी मांगो को नही माना गया तो हम सभी यूनियर के प्रधान व पदाधिकारीयों की अनुमति से आगे की रणनिति बनाई जाएगी और अंदोलन तेज करने का निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर गुरविन्द्र सिंह, बलदेव सिंह,बलविन्द्र सिंह, निर्मल सिंह, जगदेव सिंह,हरदेव सिंह, जगतार सिंह आदि मौजुद रहे।

# अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने पीएमजेवीके के तहत विरासत और शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए

इंदौर के देवी अहिल्या विश्व विद्यालय में "जैन धर्म और भारतीय ज्ञान प्रणाली" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के अंतर्गत विरासत और शास्त्रीय भाषाओं के संवर्धन और संरक्षण हेतु उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए देश भर के विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान कर रहा है। इसी पहल के एक भाग के रूप में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) में पीएमजेवीके के तहत 27.16 करोड़ रुपये की लागत से जैन अध्ययन केंद्र की शुरूआत की। इस अवसर पर जैन धर्म और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव डॉ. चंद्रशेखर कुमार तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री राम सिंह भी उपस्थित थे।

डॉ. चंद्रशेखर कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया और संकाय सदस्यों से बातचीत की। उन्होंने विश्वविद्यालय से जैन अध्ययन केंद्र को वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने और अनुसंधान, दस्तावेजीकरण और प्रसार के लिए आधुनिक तकनीक और डिजिटल उपकरणों को एकीकृत करने का आग्रह किया। डॉ. चंद्रशेखर कुमार ने प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जोर देते हुए

# हरद स्टेशन पर नहीं रुक रही चिरमिरी-रीवा ट्रेन, यात्रियों में बढ़ी नाराजगी

**कोरोना से पहले होता था ठहराव, अब क्यों बंद हुआ समझ से परे**

**समाज जागरण**

अनूपपुर। हरद रेलवे स्टेशन में चिरमिरीझरीवा और रीवा-चिरमिरी पैसेंजर ट्रेन के ठहराव को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वर्षों से इस ट्रेन का ठहराव हरद स्टेशन में होता आ रहा था, लेकिन कोरोना काल के बाद जब ट्रेनें दोबारा शुरू हुईं तो इस स्टेशन का नाम ठहराव सूची से हटा दिया गया। इस फैसले से हरद क्षेत्र, जमुना, लतार, छोहरी, हरद, देखल और आसपास के ग्रामीण अंचलों के यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह ट्रेन इस क्षेत्र के लिए जीवनरेखा के समान थी। विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग, व्यापारी और आम यात्री रोजाना इस ट्रेन से रीवा, शहडोल, अनूपपुर और कटनी तक की यात्रा करते थे। लेकिन अब जब ठहराव बंद हो गया है, तो उन्हें मजबूरन कोतमा या अनूपपुर स्टेशन तक निजी वाहनों या ऑटो से जाना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त खर्च और समय दोनों की बबार्दी हो रही है।



ठहराव बंद, यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं यात्रियों ने बताया कि रेलवे द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या जनसुनवाई के इस स्टेशन से ठहराव हटाया गया। इससे ग्रामीणों में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर कौन-से कारणों से इस निर्णय को लिया गया। यात्रियों का कहना है कि रेलवे को हर स्टेशन की उपयोगिता को देखकर निर्णय लेना चाहिए। हरद क्षेत्र से रोजाना सैकड़ों लोग इस ट्रेन का उपयोग करते थे। जमुना बस्ती के निवासी अजय नामदेव कहते हैं, कोरोना के पहले ट्रेन हरद में नियमित रूप से रुकती थी। उस समय भी यात्रियों की संख्या अच्छी-खासी रहती थी। लेकिन अब रेलवे ने न तो कोई कारण बताया और न ही कोई वैकल्पिक सुविधा दी। यह आम जनता के साथ अन्याय है।

कोरोना के बाद ठहराव क्यों नहीं? रेलवे प्रशासन से बार-बार पूछने पर भी अब तक ठहराव बंद करने का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। सूत्रों के मुताबिक, कोरोना के बाद कई छोटी स्टेशनों पर ट्रेनें अस्थायी रूप से नहीं रुकाई गई थीं। लेकिन अधिकांश स्थानों पर बाद में ठहराव बहाल कर दिए गए। हरद स्टेशन ऐसा अपवाद है जहां अभी तक ठहराव शुरू नहीं हुआ।लोगों का कहना है कि रेलवे विभाग की यह लापरवाही क्षेत्र के विकास में बाधा बन रही है। हरद स्टेशन पर पर्याप्त यात्री संख्या होने के बावजूद ठहराव बंद करना समझ से परे है। वहीं, रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय ऑपरेशनल कारणों से लिया गया है, लेकिन इन कारणों का विवरण कोई नहीं दे पा रहा।

आम जनता का आक्रोशः जब पहले रुकती थी तो अब क्यों नहीं? स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन भी अब इस मुद्दे पर सक्रिय हो गए हैं। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर रेलवे प्रशासन से ठहराव बहाल करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर पहले ट्रेन रुक सकती थी, तो अब न रुकने का क्या औचित्य है। ट्रेन न रुकने से उनके कामकाज पर भी असर पड़ा है। हरद और आसपास के गांवों से रोजाना छोटे व्यापारी रीवा और अनूपपुर के बाजारों में सामान लेने-देने जाते थे। अब उन्हें बस या ऑटो से जाना पड़ता है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ गया है।

**जनप्रतिनिधियों से पहल की मांग**

यात्रियों ने स्थानीय सांसद, विधायक और जिला प्रशासन से इस विषय में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रेलवे से ठहराव पुनः शुरू कराने के लिए जनप्रतिनिधियों को आगे आना चाहिए। अगर यह मांग जल्द नहीं मानी गई, तो यात्री संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाने को तैयार हैं। अनूपपुर जिले के वरिष्ठ नागरिक ने कहा, हरद स्टेशन से ठहराव हटाना समझदारी नहीं है। यह स्टेशन न सिर्फ ग्रामीणों बल्कि औद्योगिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए भी जरूरी है। रेलवे को जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल ठहराव बहाल करना चाहिए।

रेलवे की सुविधाओं में लगातार गिरावट स्थानीय नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि पिछले कुछ वर्षों से हरद स्टेशन की सुविधाओं में लगातार गिरावट आई है। प्लेटफॉर्म की सफाई, शेड, लाइटिंग और बैठने की व्यवस्था पहले से बदतर हो चुकी है। अब ट्रेन का ठहराव बंद होने से यात्रियों को ऐसा लग रहा है मानो रेलवे ने इस स्टेशन को धीरे-धीरे निष्क्रिय करने का मन बना लिया हो।

आगे क्या? आंदोलन की चेतावनी अगर आने वाले दिनों में रेलवे ने इस दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो यात्री संगठनों ने स्टेशन परिसर में धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण दुबे ने कहा कि जनता की सुविधा से जुड़ी किसी भी सेवा को बिना कारण बंद करना तानाशाही है। रेलवे जनता के पैसे से चलता है, इसलिए जनता की आवाज को अनसुना नहीं किया जा सकता।

# फुनगा नवागत फुनगा चौकी प्रभारी सोनी सिंह परस्ते ने पदभार संभाला

**समाज जागरण**



जमुना कोतमा सोने सिंह परस्ते ने दिनांक ११ अक्टूबर २५ को विधिवत अपना पदभार सम्हाल लिए है अनूपपुर जिले के कोतमा भालूमाडा करणपठार थाने में पदस्त रह कर अपने पदेन दाईत्व का बेहतर निर्वहन करने वाले चुस्त दुरूस्त पुलिसिया कार्यवाही के लिए जाने जा रहे एसआई सोने सिंह परस्ते के फुनगा चौकी प्रभारी बनने से फुनगा चौकी क्षेत्र में अपराधिक घटनाओ पर अंकुश लग सकेगा फुनगा के सम्मानीय जनो ने श्री परस्ते को फुनगा चौकी प्रभारी बनने पर बधाईयां व शुभकामनाए दिए है

# दीपावली से पहले कोतमा-भालूमाड़ा क्षेत्र में जुआ खेल का दौर तेज, युवा वर्ग हो रहा बबादीं की ओर

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कोतमा। दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही कोतमा, भालूमाड़ा, जमुना और फुनगा थाना क्षेत्र में एक बार फिर 52 पारी नामक पारंपरिक जुआ खेल का जाल बिछ गया है। रात ढलते ही इन इलाकों में पत्तों की खनक और पैसों की खटखटाहट से माहौल गर्म हो जाता है। सैकड़ों की संख्या में युवा, मजदूर वर्ग और कुछ व्यापारी भी इस खेल में अपनी किस्मत आजमाने जुट रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक कई गुप्त अड्डे सक्रिय हैं, जहां रातभर जुआ का सिलसिला चलता है। बताया जाता है कि ये अड्डे अक्सर खेतों, सुनसान मकानों, जंगल किनारे या होटल के कमरों में लगाए जाते हैं, जहां सुरक्षा का कोई डर नहीं होता। दीपावली से पहले हर साल की तरह इस बार भी जुआरियों का उत्साह चरम पर है।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले यह खेल कुछ मित्रों के बीच मनोरंजन के रूप में सीमित था, लेकिन अब यह बड़े पैमाने पर सट्टे के रूप में बदल चुका है। हजारों रुपये दांव पर लगाए जा रहे हैं, और हारने वाले कई युवा कर्ज में डूब रहे हैं। कई परिवार ऐसे हैं जिनके घरों में दीपावली की खुशियां कर्ज और कलह की छाया में गुम हो रही हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ स्थानों पर इस जुआ कारोबार में बाहरी गिरोह भी शामिल हैं जो युवाओं को फंसाकर उनसे कमीशन वसूलते हैं। कई बार विवाद और झगड़े भी सामने आए हैं, परंतु डर और सामाजिक बदनामी के कारण शिकायतें थाने तक नहीं पहुंच पातीं। सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि यह प्रवृत्ति न केवल युवाओं को आर्थिक रूप से तोड़ रही है, बल्कि अपराध की दिशा में भी धकेल रही है। बेरोजगारी और आसान पैसे की लालच में फंसकर कई युवा अब जुए को किस्मत बदलने का जरिया मानने लगे हैं।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि दीपावली से पहले ही इन जुआ अड्डों पर छापामार कार्रवाई की जाए। साथ ही पुलिस गश्त बढ़ाकर ऐसे अवैध खेलों पर नकेल कसी जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी को इस बबार्दी के रास्ते से बचाया जा सके।

अगर प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो यह त्योहार का जुआ धीरे-धीरे युवाओं की तबाही का कारण बन सकता है।

# बोनस और पीएफ की मांग को लेकर ठेका मजदूरों का धरना, कामकाज ठप, दी चेतावनी

**जमुना-कोतमा 9/10 खदान में मजदूरों का आक्रोश, बोले जब तक हक नहीं मिलेगा, काम नहीं होगा**

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जमुना-कोतमा क्षेत्र की 9/10 खदान में कार्यरत ठेका मजदूरों ने सोमवार को बोनस और पीएफ फॉर्म नहीं मिलने के विरोध में काम पूरी तरह बंद कर दिया। मजदूरों ने महाप्रबंधक के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक खदान में उत्पादन कार्य बंद रहेगा।मजदूरों ने बताया कि वे कई वर्षों से लगातार खदान में काम कर रहे हैं, लेकिन अब तक न तो उन्हें बोनस दिया गया है और न ही पीएफ (Provident Fund) से संबंधित जरूरी फॉर्म उपलब्ध कराए गए हैं। इससे मजदूरों में गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि त्योहार के समय बोनस न मिलना उनके साथ अन्याय है।

प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदारों और खान प्रबंधन द्वारा उनकी समस्याओं को बार-बार अनदेखा किया जा रहा है। मजदूरों ने बताया कि उन्हें न तो मेडिकल सुविधा दी जाती है, न ही कार्य स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं। अगर कोई हादसा होता है तो मजदूर खुद अपने इलाज के लिए भटकते हैं, एक मजदूर ने कहा।

मजदूरों ने बताया कि वे कई बार अपनी समस्याओं को लेकर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन न तो प्रबंधन ने ध्यान दिया और न ही ठेकेदारों ने किसी प्रकार की पहल की। मजबूरन उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

**सप्ताहभर का अल्टीमेटम**

आक्रोशित मजदूरों ने खान प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर बोनस और पीएफ से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन और व्यापक होगा। मजदूरों ने कहा कि जब तक बोनस और पीएफ फॉर्म नहीं मिलेगा, तब तक काम नहीं होगा।खदान परिसर में मजदूरों ने एकजुट होकर नारेबाजी की और अपने हक की आवाज बुलंद की। मजदूरों ने बताया कि ठेकेदारों द्वारा नियमों का उल्लंघन खुलेआम किया जा रहा है, लेकिन संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।




**त्योहारों के पहले बोनस न मिलना अन्याय**

मजदूरों का कहना है कि त्योहारी सीजन में बोनस न मिलना उनके परिवारों के लिए भारी आर्थिक संकट का कारण बन गया है। मजदूरों ने कहा कि वे पूरे वर्ष खदान में कड़ी मेहनत करते हैं, फिर भी उन्हें समय पर उनका हक नहीं दिया जाता। एक मजदूर ने कहा, हम सालों से यहां काम कर रहे हैं। हर बार त्योहार आता है, और हर बार बोनस के नाम पर आश्वासन ही मिलता है। अब हम चुप नहीं रहेंगे।

**इन्होंने सौंपा ज्ञापन**

मजदूरों के प्रतिनिधिमंडल ने खान प्रबंधक जमुना 9/10 और समस्त ठेकेदारों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में प्रमुख रूप से सुभाष केवट, राजेंद्र केवट, रमेश, उमेश यादव, सोनू केवट, विक्रम सिंह, कुंवर सिंह, बालकरण, हीरालाल, भीमसेन, फूलचंद्र, दुर्गा प्रसाद, विलेश्वर कोल,रामलाल, भारत, कासीराम, प्रमोद, गेंदालाल, संतराम, नंद कुमार, सोनू, राजेश, कमलेश के साथ कई अन्य मजदूर शामिल रहे।

**प्रबंधन की चुप्पी**

मजदूरों ने कहा कि अब यह आंदोलन सिर्फ बोनस और पीएफ की मांग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ठेकेदारों की मनमानी और श्रम कानूनों के उल्लंघन के खिलाफ भी आवाज उठाई जाएगी। खदान प्रबंधन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। मजदूरों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में उनकी मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया, तो वे खदान के बाहर धरना प्रदर्शन और रैली निकालने की तैयारी में हैं।

# योग गुरु ने स्काउट एवं गाइड को सशक्त बनाने के लिए दिया योग का प्रशिक्षण

**समाज जागरण**

भारत स्काउट और गाइड मध्य प्रदेश जिला शहडोल के तत्वावधान में द्वितीय सोपान स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 से 14 अक्टूबर तक खन्नौधी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहा है। जिसमे द्वितीय दिवस पर शिविर संचालक के आग्रह पर योग गुरु शिवाकान्त शुक्ला द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को विशेष योग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमे स्फूर्ति व्यायाम, सर्वांग पुष्टिवर्धक व्यायाम , सूक्ष्म व्यायाम , सूर्य नमस्कार , ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध कटी चक्रासन, अर्धचक्रासन, पाद हस्तासन, वीरभद्रासन, उत्कटासन आदि आसनो का अभ्यास कराते हुए कपालभाति, नाड़ीशोधन, भ्रामरी, उद्गीत प्राणायाम, ध्यान और ताली योग एवं ताली बजाने से होने वाले लाभों को बताते हुए अन्त में शांति पाठ के साथ सत्र का समापन किया गया । योग गुरु द्वारा बताया गया कि



योग का अभ्यास खाली पेट ही करना चाहिए (बज्रासन को छोड़कर), थकावट, बीमारी, जल्दबाजी एवं तनाव की स्थिति में योग नहीं करना चाहिए। यदि पुराने रोग, पीड़ा एवं हृदय संबंधी समस्याएं हो तो ऐसी स्थिति में योगाभ्यास शुरू करने के लिए अपने चिकित्सक अथवा योग विशेषज्ञ से परामर्श जरूर लेना चाहिए। योगाभ्यास आरामदायक स्थिति में शरीर एवं स्वास्थ्य की सजगता के साथ धीरे-धीरे प्रारंभ करना चाहिए, सांस हमेशा नाक से ही लेनी चाहिए और अपने सामर्थ के अनुसार ही योगाभ्यास करने की सलाह दी गई । योग गुरु ने कहा कि योग हमें अवसाद, चिंता, तनाव आदि को कम करने के साथ निरोग रखने में सहायक होता है।

योग अभ्यास में शिविर मार्गदर्शक एस. नंदन श्रीवास्तव, संचालक महादेव सिंह , सहायक नागेंद्र प्रसाद चतुर्वेदी , राकेश पांडेय, अमरबहादुर सिंह, नरोत्तम दास महरा, मानसरोवर पांडेय एवं 180 छात्र छात्राओं की सहभागिता रही।

# मजदूर और कर्मचारियों की दुश्मन केंद्र सरकार, अब तक नहीं दिलाया विदेश भागी फर्स्ट फ्लाइट कोरियर से बकाया

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। किये गये कार्य का वेतन, ग्रेच्युटी, क्षतिपूर्ति, नोटिस पे, अवकाश भुगतान, और चिकित्सा भुगतान व बोनस आदि न दिये जाने से मेसर्स फस्ट फ्लाईट कोरियर लिमिटेड के सैकड़ों कर्मचारी तिल तिलकर मरने को मजबूर हैं। यही नहीं अपने बकाया मिलने का इंतजार करते-करते दर्जनों कर्मचारी मौत का शिकार भी हो चुके हैं और बहुत से होने वाले भी हैं। इसीलिए अब हिंद मजदूर किसान पंचायत तब तक आंदोलन करेगी जब तक उनका बकाया नहीं मिल जाएगा।

यह चेतावनी यहां हिंद मजदूर किसान पंचायतके महासचिव वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने देते हुए बताया कि परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री सहित सभी जिम्मेदार लोगों को दिये गये सैकड़ो पत्रों पर कोई कार्यवाही न करने और उनकी उदासीनता के चलते सैकड़ो कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है और सैंकड़ों मृत्यु की कगार पर खड़े हैं। शासन की लापरवाही से मालिकानों द्वारा विदेश भाग कर व्यापार करने फैन्चाईजी देने और भारत स्थिति चल अचल सम्पत्ति को बेचने पर सरकार द्वारा



कोई कार्यवाही न अपनाये जाने के परिप्रेक्ष्य में ध्यानाकर्षण कर आक्रोश पत्र जारी करते हुए हिन्द मजदूर किसान पंचायत उत्तर प्रदेश के महामंत्री वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेशमणि पाण्डेय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन किए जाने की चेतावनी देते हुए बताया कि फस्ट फ्लाईट कोरियर लगभग 25 हजार से अधिक कर्मचारियों को अपने यहां नियुक्त करके पूरे भारत वर्ष में कोरियर का काम करती रही है। वह अचानक ही मालिकों द्वारा अपनी भारत स्थिति चल अचल सम्पत्ति को बेचकर व वह खुद फैन्चाइजी के माध्यम से बेचकर विदेश भाग गये हैं और अब विदेश में फस्ट फ्लाईट कोरियर का काम करते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मंत्री अन्य जिम्मेदार लोगों को लिखे गए पत्र के मुताबिक सैकड़ों पत्रों पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी न ही कोरियर के प्रबन्धन के विरूद्ध लुक आउट नोटिस ही जारी की गयी और न ही सरकार ने उसे भारत लाने की अबतक कोई कोशिश की है। जबकि उसपर कर्मचारियों के कार्य का वेतन ग्रेच्युटी क्षतिपूर्ति, बोनस, अवकाश भुगतान आदि का 15 हजार करोड़ से अधिक का बकाया शेष है।

श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने बताया कि तमाम वादों में न्यायालय द्वारा यह अंकित कराने पर कि वर्तमान समय में फस्ट फ्लाईट कोरियर का देश में स्थिति किसी भी कार्यालय से कोई सूचना प्राप्त नहीं हो पा रही है और न ही पत्र रिसीव हो पा रहे हैं। ऐसी दशा में उसके खिलाफ तब तक कार्यवाही किये जाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है, जब तक उसका स्थायी पता व उनकी तरफ से कोई उपस्थित न हो जाये। फर्स्ट फ्लाइट कोरियर के सैकड़ों कर्मचारियों के बकाए के लिए लगातार संघर्ष कर रहे वरिष्ठ श्रमिक राकेश मणि पांडेय ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय से विशेष सचिव द्वारा भी पत्र निर्गत किया गया पर वह ढांक के पात साबित हुए। इस संदर्भ में न्यायपालिका के भी निष्क्रिय और पंगु हो जाने की भी बात करते हुए वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने आरोप लगाया कि यह सरकार वास्तविक रूप से मजदूर और कर्मचारियों का पैसा हड़प जाने वाले कुख्यात मालिकों को संरक्षण देती है। साथ ही सवाल भी किया वि क्या भारत के फस्ट फ्लाईट कोरियर के मजदूर यह मान लें कि उनके हितों की रक्षा नहीं हो पायेगी और उनका भुगतान हड़प लिया जायेगा और वह ऐसे ही तिल तिल के मरते रहेंगे। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता जो राज्य कर्मचारी बीमा निगम से दिया जाता है। उसे भी राज्य कर्मचारी बीमा निगम द्वारा हड़प लिया गया है। और उनका भुगतान हड़प लिया जायेगा। राकेश मणि पांडे ने कहा कि अगर सरकार सार्वजनिक घोषणा करें कि वह फर्स्ट फ्लाइट कोरियरों को न्याय नहीं दिला सकती। वह अक्षम और मजदूर विरोधी है तो फिर कर्मचारीगण किसी भी सामने अपनी स्थिति को बयां नहीं करेंगे और अपने सारे हितलाभों को भूल जायेंगे। और अगर ऐसा नहीं है तो फिर सरकार फस्ट फ्लाईट कोरियार के विरूद्ध देश विदेश में फैली चल अचत सम्पत्तियों को जब्त करने और उनके मालिकों को विदेश से पकडवा कर भारत लाने व विधि संगत प्राविधानों के तहत कार्यवाही करके दिखाये। इस सम्बन्ध में मेल व पंजीकृत डाक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृहमंत्री अमित शाह, जयशंकर प्रसाद, डा० मनसुख मंडापिया, केन्द्रीय श्रमायुक्त, केन्द्रीय निदेशक राज्य कर्मचारी बीमा निगम व श्रम सचिव भारत सरकार को भी भेजे जाने की जानकारी देते हुए हिंद मजदूर किसान पंचायत के महासचिव और देश के जाने-माने वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेशमणि पाण्डेय ने यह चेतावनी भी दी कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो पीड़ित कर्मचारी संसद मार्च, और अनशन, प्रदर्शन के साथ अपनी आंदोलन को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ले जायेंगे।

# पुष्पराजगढ़ में जगत गुरु माऊली सरकार अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूनार्मेंट 2025 अमगवां का रोमांच जारी

**अंर्तराज्यीय फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजन से क्षेत्रीय खिलाड़ियों को मिल रहा बेहतर मंच -हीरा सिंह श्याम**

**हजारों की तादात में मैच देखने पहुंच रहे फुटबॉल प्रेमी**

**समाज जागरण**

अनूपपुर। अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद के ग्राम अमगंवा स्टेडियम में सोमवार को शुरू हुए जगतगुरु माऊली सरकार फुटबॉल टूनार्मेंट चैंपियन ट्रॉफी-2025 की शुरूआत रोमांचक रही। पहले मुकाबले में भिलाई की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंदौर को 4-2 से पराजित कर प्रतियोगिता में विजयी आगाज किया। वहीं दूसरे मैच में कोरबा की टीम का सामना पुष्पराजगढ़ टीम के साथ हुआ इस मैच में कोरबा टीम विजई रही।

मैच के दौरान टीमों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। पहले हाफ में भिलाई ने 2 गोल की बढ़त बनाई, जबकि इंदौर ने वापसी करते हुए दूसरा हाफ 2-2 पर ला दिया, लेकिन अंतिम मिनटों में भिलाई के दो तेज गोलों ने जीत सुनिश्चित कर दी। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन तालियों से किया।

इस टूनार्मेंट में कोरबा, पुष्पराजगढ़, रतलाम और बिलासपुर जैसी टीमें भी हिस्सा ले रही हैं। यहां सभी मैच 45-45 मिनट के होते हैं। विजेता टीम को ₹51,000 और उपविजेता को ₹25,000 की नगद राशि प्रदान की जाएगी। टूनार्मेंट के आयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के साथ भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# बिना समिति सदस्य बने किसानों को नहीं मिलेगी खाद,

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ मोहनलालगंज डीएपी खाद वितरण के लिए लागू की गई नई फार्मर आईडी व्यवस्था अब किसानों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। नई व्यवस्था के तहत बिना समिति सदस्य बने किसी किसान को खाद नहीं दी जाएगी, जिससे किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। निगोहां के बैरिसालपुर स्थित बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति में सोमवार को दर्जनों किसान खाद के लिए लाइन में खड़े दिखाई दिए। लेकिन समिति सचिव ने साफ कहा कि बिना फार्मर आईडी के किसी को खाद नहीं मिलेगी। इसके चलते सिर्फ कुछ ही किसानों को खाद मिल सकी




जबकि बाकी किसानों को मायूस होकर लौटना पड़ा।किसानों ने आरोप लगाया कि फार्मर आईडी न होने पर 226 रुपए लेकर सदस्य बनाया जा रहा है, जो गलत है। किसानों ने कहा कि इस समय आलू, सरसों और गेहूं की बुआई का समय है, ऐसे में यह व्यवस्था किसानों के साथ लूट के समान है।किसानों रामसनेही, अवधेश, धर्मेंद्र समेत कई लोगों ने बताया कि सदस्यता के लिए आधार कार्ड, खतौनी, दो फोटो और 226 रुपए मांगे जा रहे हैं। कई किसान मजबूर होकर खाद लिए बिना लौट गए।समिति सचिव सलमान ने बताया कि ऊपर से आए आदेश के अनुसार अब बिना समिति सदस्य बने किसी को खाद नहीं दी जाएगी। सदस्यता के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा।

**खतौनी बंद,अब खाद कैसे मिलेगी...**

निगोहां के चकबंदी प्रभावित गांवों के किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। शेरपुर लवल सहित कई गांवों में खतौनी निकलना बंद है, जिससे फार्मर आईडी बनवाना संभव नहीं हो पा रहा। गांव के किसान श्रावण ने कहा, सरकार ने बिना फार्मर आईडी के खाद बंद कर दी है, लेकिन खतौनी निकल नहीं रही।

अब हम बुआई कैसे करें।किसानों मांग की है कि चकबंदी वाले गांवों की खतौनी निकालने की सुविधा तत्काल बहाल की जाए या फिर पुरानी खाद वितरण व्यवस्था को अस्थायी रूप से लागू रखा जाए, ताकि किसान समय पर बुआई कर सकें।

# ध्रुव की समर्पित गुरु भक्ति , समर्पण व विश्वास ने उन्हें श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त करा दिया -आचार्य प्रदीप

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। ध्रुव की समर्पित गुरु भक्ति, समर्पण एवं विश्वास ने श्रेष्ठतम स्थान दिला दिया,यह बात ब्लाक बिहार के सिया चंदई का पूरा में भारत तिवारी के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा में व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य प्रदीप जी ने कही। व्यास जी ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि विमाता सुरुचि के दुर्भावना पूर्ण व्यवहार ने ध्रुव के जीवन की दिशा ही बदल दिया। जब सुरुचि ने पिता की गोद से दुत्कार कर उतार दिया ,बालक को बड़ा दुख हुआ ।दुखी मन से रोता हुआ बालक अपनी मां सुनीति से सब कुछ बताया मां ने कहा बेटा जगत पति की गोद में बैठना तुम्हारे भाग्य में लिखा है । ध्रुव को मां सुनीति ने परमात्मा के विषय में बताया । ध्रुव वन की ओर चल दिया परमपिता परमात्मा से मिलने ।निडर भाव से बालक ध्रुव वन में चला जा रहा था ।मार्ग में नारद जी मिले और




ध्रुव से कुछ प्रश्नों का उत्तर मांगा । ध्रुव ने बडे ही धैर्य से उत्तर दिया।नारद जी बालक की क्षमता को पहचान कर द्वादस मंत्र का उपदेश दिया। बालक दृढ़तापूर्वक मंत्र जपने लगा एक समय ऐसा आया जब नारायण को स्वयं आना पड़ा । भगवान नारायण ने ध्रुव से वर मांगने को कहा लेकिन गुरू जी के अभाव में कुछ नहीं। बोले अंत में नारद जी आकर ध्रुव का परिचय नारायण से क्या कर उन्हें परमपद का अधिकारी बना दिया आज ध्रुव महाराज जी आकाश में उत्तर दिशा में नित्य विराजमान हैं ।हजारों वर्ष इस धरती पर राज करने के बाद वैकुंठ लोक को प्राप्त हुए। जो भी गुरुशरण ग्रहण कर विश्वास के साथ दृढ़तापूर्वक समर्पडण भाव से भगवान का भजन करें तो अदृश्य भगवान को दृष्टिगत कर सकता है ।इसके बाद भक्त प्रह्लाद का प्रकरण सुनाते हुए नारायण की महिमा का वर्णन किया।

कथा श्रवण में क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।कथा का आयोजन रामायण व श्रीमती मंजू तिवारी ने चारों धाम की धार्मिक के यात्रा के बाद अपने पूर्वजों को चिर शांति के लिए किया।

# अवादा फाउंडेशन द्वारा अवादा दीपावली बाल मेले का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। अवादा फाउंडेशन के तत्वावधान में ह्लअवादा दीपावली बाल मेलाह्व का भव्य और सफल आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, उत्साह और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना था।




मेले में बच्चों ने अपने हाथों से मनमोहक स्टॉल लगाए जिनमें पानी पुरी, झाल मुरी, मेंहदी, खिलौने, शिकंजी जैसे स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही रस्साकशी, गेंद दौड़, चित्रकला, दीया सजावट और कई प्रकार के मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि दीपावली केवल दीपों का पर्व नहीं, बल्कि अच्छाई पर बुराई की विजय और मानवता के उजाले का प्रतीक हैं। अवादा फाउंडेशन के डायरेक्टर ऋतु पटवारी ने कहा कि दीपावली खुशियों का त्योहार है। खुशियों के कोई ग्रहण न लगे, इसलिए पटाखे जलाने से बचे। पर्यावरण को भी प्रदूषण मुक्त रखने में सहयोग दें। साथ ही हम सभी को छोटे छोटे दुकानदारों से भी खरीद दारी करनी चाहिए जिससे पर्वों पर उनके घरों में भी खुशियां आ सके। कार्यक्रम में ग्रामीणों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अवादा दीपावली बाल मेला बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने की दिशा में अवादा फाउंडेशन का एक सराहनीय प्रयास रहा।

# छात्रों ने देखा नवाचार की भावना जागृत करने वाला कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकासखंड क्षेत्र के बेसहुपुर स्थित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में सोमवार को विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 के अंतर्गत एक उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का बच्चों को टीवी पर सीधा प्रसारण दिखाया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), नीति आयोग एवं ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी पहल का हिस्सा है, जो कक्षा 1से 8 तक के लाखों से अधिक छात्रों को नवाचार, रचनात्मकता एवं समस्या समाधान की दिशा में प्रेरित करने का लक्ष्य रखता है ।इस अवसर पर छात्रों ने 'आत्मनिर्भर भारत', 'स्वदेशी', 'वोकल फॉर लोकल' एवं 'समृद्ध भारत' जैसे प्रमुख थीम्स पर आधारित प्रोटोटाइप्स एवं इनोवेटिव सॉल्यूशंस प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों में स्थानीय समस्याओं जैसे पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास एवं ग्रामीण उद्यमिता पर केंद्रित विचारों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आकांक्षी जिलों,कॉलेज के छात्रों एवं शिक्षकों ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समन्वित लाइव बिल्डाथॉन में भाग लिया, जिसमें पूरे देश के 1.5 लाख से अधिक स्कूलों के छात्रों ने एक साथ नवाचारी विचारों पर कार्य किया। इस कार्यक्रम ने छात्रों में उद्यमिता की भावना जगाने के साथ-साथ विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार यादव खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा, "विकसित भारत बिल्डाथॉन जैसे प्रयास छात्रों को न केवल रचनात्मक बनाते हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण का अभिन्न अंग भी बनाते हैं। यह पहल भारत को वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।



कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। संपूर्ण सेवापुरी शिक्षा परिवार ने यह संकल्प लिया कि वे विकसित भारत के इस मिशन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान देंगे।

# जन चौपाल में रोहनिया विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। जिले के पिंडरा विधानसभा के राजपुर , लखमीपुर , झंझौर , मंगारी में आयोजित जन चौपाल में मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने संबोधन में आगामी 17 अक्टूबर को जनपद जौनपुर के मड़ियाहूं विधानसभा क्षेत्र स्थित रामलीला मैदान में आयोजित किसान , कमेरों , पिछड़ों



अपना दल के संस्थापक स्व . डॉ. सोनेलाल पटेल के 15वें परिनिर्वाण पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में पिंडरा विधानसभा से ज्यादा से ज्यादा संख्या में जौनपुर पहुंचकर स्व डॉ. सोनेलाल पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय अध्यक्ष "अपना दल एस" अनुप्रिया पटेल ( केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री भारत सरकार ) के विचारों को सुनकर अपना दल "एस" से जुड़कर सामाजिक न्याय की लड़ाई में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया।बैठक में राजेश पटेल , अजीत पटेल,जय सिंह पटेल , मंगला पटेल ,मानस सिंह , सत्यम पटेल , दीपक पटेल , चंद्रशेखर पटेल , राजकुमार वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सफलता प्राप्त करने हेतु लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी विमल कुमार।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। किसी में क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करके कार्य करना जरूरी होता है।




उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत मॉडल संकुल स्तरीय संघ का विजनिंग मॉड्यूल-2 (MCLF V-2) विषय पर 11 जुलाई से चल रहे तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि यदि हमें सफलता प्राप्त करनी है तो हम किसी भी कार्य को करने के लिए सबसे पहले उसकी प्राथमिकता तय कर लें और एक निश्चित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित करके उस दिशा में कार्य करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के इन तीन दिवसों में डीआरपी सुरेश पाण्डेय व नीलू श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षुओं को तीन दिवसों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनके सीएलएफ के प्रस्तावित दृष्टि वाक्य का निर्धारण कराया गया जिसके अंतर्गत विकास खंड पिंडरा के उजाला संकुल समिति ने तय किया कि उजाला आजीविका प्रेरणा महिला संकुल समिति का है सपना, सशक्त दीदी, खुशहाल परिवार, आदर्श गांव हो अपना। इसी के साथ सीएलएफ की दीदियों ने अपने-अपने ग्राम संगठन से आए हुए आयामों पर सामुदायिक सहभागिता के आधार पर सीएलएफ की प्राथमिकताओं को तय किया जिसके अन्तर्गत उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में संगठन की मजबूती, शिक्षा और सामाजिक मुद्दों को रखा। इसी कड़ी में दल बल गतिविधि के अंतर्गत गुब्बारे का खेल के माध्यम से लक्ष्य निर्धारित करने के महत्व को जाना तथा दिमाग के बोतल को दूर करने का खेल के माध्यम से परिवर्तन को प्रभावित करने वाले आंतरिक और बाह्य कारकों को समझा।

समापन अवसर पर सत्र प्रभारी संजय कुमार द्वारा सभी प्रशिक्षुओं एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, अजीत कुमार, पार्वती देवी, गायत्री देवी, कुसुम, गीता, रेनू, इंदू, ममता, अनिता, ललिता, आरती, विजयलक्ष्मी, रीमा, सरोजा, चंद्रकला, रेखा, सरिता, पुष्पा लक्ष्मी देवी आदि सहित 42 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

# श्री राम ने तोड़ा धनुष और लक्ष्मण ने भरा परशुराम का दम्भ

***श्री महादेव का महाधनुष अत्यंत विदित और अनुपम है।**
***हरहुआ का प्रसिद्ध धनुष यज्ञ का रामलीला श्री राम जयघोष के साथ सम्पन्न।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी हरहुआ की सुप्रसिद्ध रामलीला में फुलवारी,धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद का प्रसंग आज आकर्षण का केंद्र रहा। रामलीला मैदान भारी भीड़, आकर्षक सजावट से खामोश हर पल धनुष टूटने का इंतजार करता रहा।

आज की अलौकिक छवि को जनता निहारती, और संवाद से श्रोतागण मंत्र मुक्त हो रहे थे
जैसे वास्तव मे महाराज जनक के पुष्प वाटिका ही हरहुआ मैदान मे उतर आया हो।

महाराज जनक ने प्रतिज्ञा ली थी कि जो भगवान शिव की पिनाक की प्रत्यंचा चढ़ाएगा( तोड़ेगा ) सीता का विवाह उसी वीर के साथ होगा।



इसी क्रम में अनेक देश देशांतर के राजा, महाराजा आए हुए थे जिनमे स्वयं रावण, बाणासुर और अन्य महावीर अपने- अपने क्षमताओं( बल ) का प्रदर्शन किया परंतु भगवान शिव के धनुष का प्रत्यंचा चढ़ना तो दूर किसी कोई उसे एक स्थान से हिला भी नहीं पाया। इसे देख महाराज जनक अधीर हो गए और कहने लगे कि लगता है यह वसुंधरा वीरों से खाली है, शायद विधाता ने सीता के भाग्य में विवाह लिखा ही नहीं है।

यह सुनकर लक्ष्मण जी क्रोध करते हुए कहा जिस सभा में एक भी रघुकुल का व्यक्ति बैठा हो वह यह अनुचित भाषा सुन नहीं सकता।यह तो पुराना धनुष है अगर गुरुदेव आप आज्ञा दे तो इसको मैं छोटे-छोटे टुकड़े करके ब्रह्मांड में गेंद की भाति उड़ा दूं। महर्षि विश्वामित्र ने श्री राम को धनुष उठाने के लिए कहा श्री रामचंद्र जी सहज भाव से धनुष उठाने के लिए उठते हैं सभा मे उपस्थित अन्य राजा हंसने लगते है और महारानी स्वयं भी कहने लगती है कि यह छोटे से बालक को धनुष उठाने को कहते हैं यह छोटा सा बालक इतना सुकुमार है क्या यह धनुष उठा पाएंगे!

'गुरु ही प्रणाम मन नहीं मन की ना आती राघव उठा धनु लिन्हा '

धनुष के टूटते ही एक तेज की ध्वनि गूंजती है आकाश में बिजली की चमक ,कड़कड़ाहट से सभी डर जाते हैं और उधर सीता जी जयमाल लेकर सखियों सहित श्री राम जी को जयमाल डालने के लिए आती हैं और दूसरी तरफ धनुष की आवाज से परशुराम जी जाग जाते हैं और उनकी गति मन के समान तीव्र चलने की थी वह जनकपुर पहुंचते हैं और धनुष को देखकर क्रोध स्वर में पूछ रहे हैं। यह धनुष किसने तोड़ा है !किसका काल आ गया है! जिसने शिव धनुष तोडा है वह इस फरसे के काल से बच नहीं पायेगा। तभी
श्री राम जी ने कहा यह कोई आपका दास ही होगा मुनिवर! ऐसे ही सुंदर प्रसंग के साथ लक्ष्मण जी ने क्रोध में पधारे मुनि परशुराम से क्रोध संवाद करके दम्भ भरने का सराहनीय प्रस्तुति से रामलीला मैदान पूरी तरह से ठहर सा गया और कुछ ही पल में परशुराम जी को भान हुआ और भगवान की परीक्षा लेकर उनके श्री चरणों मे नतमस्तक हो गए। भारी भीड़ श्री राम की जयघोष से गुंजायमान हो उठा। प्रसिद्ध रामलीला में आतिशबाजी के साथ -साथ हर हर महादेव के साथ प्रसंग समाप्त हुआ।

श्री रामलीला समिति हरहुआ ने समस्त पात्र जनों की आरती उतारी और सभी भक्तजनों को भगवान से मंगल कामना का आशीर्वाद प्रदान किया।

# मिठाई की दुकान की हुई सैम्पलिंग, नष्ट कराया बर्फी

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**

पिंडरा। सिंधोरा स्थित एक मिठाई की दुकान पर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी कर 5 किलो खराब खोवा से बने बर्फी को नष्ट करते हुए दुकान से नमूना लिया।

सोमवार को सायंकाल में खाद्य विभाग की टीम सिंधोरा पहुची तो हड़कंप मच गया और आनन फानन में दुकानो के शटर गिर गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने सिंधोरा चौराहा स्थित एक मिठाई की दुकान में रखे खोवा से बने बर्फी का निरीक्षण किया। बर्फी की गुणवत्ता खराब होने पर 11 सौ रुपये कीमत के 5 किलो बर्फी को नष्ट कराया और मिठाई की सैम्पलिंग की।

# सत्यदेव डिग्री कालेज गाजीपुर में मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूकता सभा आयोजित

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव डिग्री कालेज गाजीपुर के हाल में आज मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रभारी थानाध्यक्ष रामानंद सिंह के नेतृत्व में थाने से आई महिला कांस्टेबल शालू सरोज और साधना जी ने छात्राओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वालंबन के विषय में चर्चा की।उन्होंने बताया कि





बेटियां देश की सम्मान है उनके शिक्षा और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।थाने से आए हेड कांस्टेबल शशि कुमार यादव और महिला आरक्षियों ने प्रत्येक छात्राओं को शसक्त नारी समृद्ध प्रदेश के पंपलेट भी दिए।

कार्य क्रम के आरंभ में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज गाजीपुर के स्टेटिक डायरेक्टर अमित सिंह रघुवंशी ने सभी आगंतुकों का परिचय और उनके आने के उद्देश्य से छात्राओं को परिचित कराया।इस सभा में सत्यदेव डिग्री कालेज गाजीपुर के वाइस प्रिंसिपल नवनीत वर्मा और सभी विद्वान प्राध्यापक तथा प्राध्यापिका उपस्थित रही।

सभा के अंत में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज गाजीपुर के कोऑर्डिनेटर डॉ. राम चन्द्र दूबे जी ने सभी सहभागियों को धन्यवाद दिया।

# दासेपुर में टूटा सीवर चेंबर, दुर्घटना का खतरा बढ़ा – विवाद के कारण नहीं बन सका सड़क मार्ग

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा दासेपुर में करीब तीन महीने पहले बिछाई गई सीवर लाइन अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। गांव में बने कई चेंबरों में से एक का ढक्कन टूटकर चेंबर में समा गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, पुरानी सब्जी मंडी के सामने से होकर जाने वाला यह पिच मार्ग भगतुपुर, दासेपुर, कोईराजपुर, और मंशापुर, सहित कई गांवों को जोड़ता है। इस रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं, लेकिन टूटे हुए चेंबर के कारण दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है।

स्थानीय संतोष,विजय जायसवाल, निलु, ने बताया कि कुछ महीने पहले इस मार्ग पर खुदाई कर सीवर लाइन डाली गई थी, लेकिन निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया। मानक के अनुरूप कार्य न होने के कारण अब चेंबर और उसके ढक्कन दोनों टूट चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर निर्माण कार्य सही तरीके से हुआ होता तो इतनी जल्दी चेंबर नहीं टूटता। शिकायत के बावजूद कोई अधिकारी मौके पर जांच के लिए नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में नाराजगी है।



जब इस बारे में ग्राम प्रधान सोनू प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह मार्ग विवादित जमीन पर स्थित है। इसी कारण केवल सीवर लाइन डाली गई, लेकिन सड़क का निर्माण नहीं किया गया। सड़क न बनने के चलते भारी वाहनों के दबाव से चेंबर टूट गया।

वहीं जमीन के स्वामी राकेश सिंह ने बताया कि यह रास्ता उनकी भूमि पर है। उन्होंने ग्राम प्रधान से कई बार कहा कि ग्राम सभा की सुविधा के लिए जमीन का एवरेज कर दीजिए, उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला, जिसके कारण सड़क का निर्माण अधर में लटका हुआ है।

ग्रामीण प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि टूटे चेंबर की मरम्मत कर जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी बड़ी दुर्घटना से बचाव हो सके।

# सत्यदेव डिग्री कालेज गाजीपुर में मना अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**समाज जागरण**

सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक डॉ. प्रीति सिंह के मुख्य आतिथ्य में अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस सत्यदेव डिग्री कॉलेज गाजीपुर में मनाया गया ।कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीपदान से किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि महोदया ने कहा कि आज बालिकाएं अबला नहीं सबला है अब उनके हाथ में मात्र चूड़ियां नहीं बल्कि कलम भी है। बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे है।देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित करने वाली भारत की प्रथम महिला श्रीमती द्रोपति मुर्मू जी है। खेल शिक्षा विज्ञान की उन्नति सभी जगह महिलाएं अग्रणी है। इस अवसर पर सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज गाजीपुर के स्टेटिक डायरेक्टर श्री अमित सिंह रघुवंशी जी ने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि महा विद्यालय के स्थापना से लेकर अब तक हर विभाग में बालिकाओं ने ही टॉप किया है।हमे अपने विश्वविद्यालय के महिला कुलपति प्रो. वंदना सिंह जी पर भी गर्व है जिनके कुशल नेतृत्व में अनेकों महाविद्यालय संचालित हो रहे हैं। इस अवसर पर सत्यदेव डिग्री कॉलेज और लॉ कालेज के छात्राओं तथा छात्रों ने महिला समस्याओं पर लघुनाटक और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करके सभी को भाव विभोर कर दिया।कई छात्राओं ने प्रभावशाली भाषण देकर इस मिथक को तोड़ा कि संभाषण कला पर केवल पुरुषों का अधिकार है।समा में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. राम चन्द्र दूबे जी ने छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए 30 वर्ष पूर्व अतीत की याद दिलाते हुए कहा कि उस समय मंच पर नाटक में महिला पात्र मिलना मुश्किल था ।पुरुष ही महिला पात्र का कार्य करते थे।आज स्थित परिस्थिति बिल्कुल बदल गई है।मंच पर जाकर अच्छे अच्छे अभिनय प्रस्तुत करने के लिए महिलाओं में होड़ लगी है।कार्यक्रम का संचालन कालेज की ही दो छात्राओं द्वारा किया गया।इस कार्य क्रम में सत्यदेव डिग्री कालेज की महिला परिचारिका श्रीमती शकुंतला देवी और वयोवृद्ध परिचारक शंकर यादव,और महेश यादव जी को अंगवस्त्र द्वारा सम्मानित किया गया।कार्य क्रम में सत्यदेव डिग्री कालेज के सभी विद्वान शिक्षक और शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# श्रीराम के द्वारा धनुष भंग करते ही जय श्री राम के उद्घोष से लीला स्थल गूंज उठा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**समाज जागरण**

गाजीपुर -जनपद की प्राचीनतम राम लीला समिति में से एक प्रमुख रामलीला समिति करीमुद्दीन पुर के कान्ति कला के भव्य मंच पर धनुष यज्ञ का बहुत ही शानदार ढंग से प्रस्तुती किया गया।

जनकपुर में सीता स्वयंवर का आयोजन किया गया।इस स्वयंवर में देवर्षि नारद पहुंचे उन्होंने महाराज जनक से देश देश के राजाओं के इकट्ठा होने के बारे में जानकारी लिया। धनुष यज्ञ के बारे में जानकारी लेने के बाद देवर्षि नारद का सीता स्वयंवर की सूचना रावण और बाणासुर को देना।

रावण बाणासुर संवाद, दुष्ट राजा साधू राजा संवाद।महाराज जनक के द्वारा धरती को बीर विहीन कहना।लक्ष्मण जनक संवाद। महर्षि विश्वामित्र के द्वारा राम को आज्ञा देना।उठहु राम भंजहु भव चापा,मेटहु तात जनक परितापा।







प्रभु श्री राम के द्वारा भगवान शिव के धनुष को प्रणाम कर उसे उठाना।और धनुष भंग करना।इसके पश्चात राम सीता का जयमाल। परशुराम का जनकपुर में आगमन, परशुराम जनक, परशुराम राम एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद के पश्चात महाराज जनक के द्वारा महाराज दशरथ को दूत भेज कर राम विवाह की सूचना।

खुबसूरत बारात का आगमन एवं राम विवाह की शानदार प्रस्तुति की गई। सभी संवाद का शानदार प्रस्तुति एवं जीवन्त अभिनय प्रस्तुत कर पात्रों ने दर्शको को तालियां बजाने को विवश कर दिया।

कार्यक्रम में ओंकार नाथ राय, डा दिनेश चन्द्र राय, सुनील कुमार राय, डा रामानन्द तिवारी, उमेश चन्द्र राय, डा सुबास ठाकुर, अखिलेश चौरसिया, राजू पाण्डेय, हरेराम यादव, समेत सभी पात्र पदाधिकारी एवम दर्शक उपस्थित रहे।

# दीपावली पर अवैध पटाखा भंडारण के खिलाफ पुलिस का सघन अभियान, तीन दुकानों पर कार्रवाई

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर। दीपावली पर्व को देखते हुए सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए शाहजहांपुर पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में थाना जलालाबाद क्षेत्र में शनिवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान



के दौरान पुलिस टीम ने बाजारों और पटाखा दुकानों की बारीकी से जांच की। जांच में तीन दुकानों पर अवैध रूप से पटाखों का भंडारण व विक्रय पाया गया। पुलिस ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए अवैध पटाखों को जब्त कर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कहा कि पटाखों की बिक्री केवल वैध लाइसेंसधारकों द्वारा और निर्धारित मात्रा में ही की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना अनुमति पटाखों का भंडारण या बिक्री करते पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि दीपावली के दौरान जिलेभर में ऐसे चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अवांछित घटना को रोका जा सके।

# सड़क हादसों में दो घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुये सड़क हादसों के दौरान दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर चोराई गांव निवासी स्व0 रहीम बक्स का 40 वर्षीय पुत्र मो0 रईस बाइक से सामान लेने जा रहे थे। तभी थाने के ही टीकारी रोड़ में पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घटना की जानकारी घायल का पुत्र वारिस ने दी है। इसी प्रकार खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेलरहा निवासी रामचन्द्र का 27 वर्षीय पुत्र रामभरोसे बाइक से कहीं जा रहा था तभी गांव के समीप ही अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# कुकर फटने से महिला घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ताम्बेश्वर पृथ्वीपुरम मोहल्ले में कुकर फट जाने से 40 वर्षीय महिला घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार पृथ्वीपुरम गांव निवासी धर्मेन्द्र की पत्नी सुनीता सुबह कुकर में दाल बना रही थी। तभी अचानक कुकर फट गया। जिससे वह घायल हो गयी परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# सोसंवा के नेतृत्व में पटना के सैकड़ों आदिवासियों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

- बाप दादा के जमाने से करीब डेढ़ सौ बीघा जमीन पर काबिज 200 आदिवासियों को वन विभाग कर रहा परेशान
- वनाधिकार अधिनियम के तहत आदिवासियों को मिले पट्टाः रोशनलाल
- मांगों का ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि को सौंपा गया



**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**

सोनभद्र। चतरा ब्लॉक अंतर्गत पटना गांव के सैकड़ों आदिवासियों ने सोमवार को सोनांचल संघर्ष वाहिनी के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। मांगों का ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि रामलाल यादव को सौंपा गया।प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करते हुए सोनांचल संघर्ष वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रोशन लाल यादव ने कहा कि पटना रेंज के वनाधिकारी और कर्मचारीगण पटना गांव के गंदूडीह टोले में पुश्तैनी जोत कोड कर रहे लगभग 200 परिवार जो डेढ़ सौ बीघा जमीन पर काबिज हैं, उन्हें अचानक वन रेंज पटना के अधिकारी कर्मचारी जबरन रोक रहें हैं जो सरासर गलत है। इन आदिवासियों की जीविका ही यह खेतिहर जमीन है जिसके सहारे दो सौ परिवारों की रोजी रोटी चलती है। पटना गांव का यह मामला अत्यंत गम्भीर बना हुआ है जिसे जिला प्रशासन त्वरित वन समिति बनाकर यह जमीन इन आदिवासियों को पट्टा करे तभी इन आदिवासियों के साथ असली न्याय होगा। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सोनांचल संघर्ष वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अमरनाथ चेरो ने कहा इन आदिवासियों के खिलाफ वन रेंज पटना के द्वारा उत्पीड़नात्मक कार्यवाही तुरंत बंद हो।

जिलाधिकारी के प्रतिनिधि रामलाल यादव ने आंदोलनकारियों का ज्ञापन लिया। प्रदर्शनकारियों में दीपक गिरी, संदीप जायसवाल, सुदर्शन चेरो, अन्नू खा, सलमान खान, बलवंत यादव , ईश्वर चेरो, सियाराम चेरो, राजू चेरो, रामराज चेरो, जोगेंद्र चेरो, कमलेश चेरो, शांति, सुशीला, पुनिया, मुनिया लालता, पंकज कुमार, नेपाली चेरो समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

# विकास खण्ड कोन क्षेत्र में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी ग्रामीण विकास योजना, मनरेगा में मची भारी लूट

रामगढ़ ग्राम पंचायत में धराशायी हुआ जल अवरोधक, ग्रामीणों ने लगाया जाँच के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप




**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। नव सृजित विकास खण्ड कोन अंतर्गत मनरेगा के तहत संचालित विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण की पोल एक बार फिर खुल गई है। ग्राम पंचायत रामगढ़ में फरवरी माह में बनरमुत्ता नाले पर निर्मित जल अवरोधक (चेक डैम) भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। निर्माण के महज कुछ महीनों बाद ही यह एक तरफ से ढह गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि भुगतान होने के बाद विभागीय अधिकारियों ने आंखें मूंद लीं, जिससे करोड़ों रुपये की योजना मजाक बनकर रह गई। मिली जानकारी के अनुसार जल अवरोधक का निर्माण फरवरी माह में कराया गया और सितंबर में भुगतान किया गया, लेकिन अक्टूबर में ही यह धराशायी हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस वर्ष बारिश सामान्य से अधिक हुई, फिर भी अवरोधक में पानी नहीं ठहरा। इससे स्पष्ट है कि निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हुआ और निगरानी के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत में इससे पहले भी तालाब में कोर वॉल का निर्माण कराया गया था, जो भुगतान से पहले ही गिर गया था। उस समय भी लोगों ने इसकी शिकायत की थी, मगर विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और शिकायतें आज भी फाइलों में दबकर रह गई हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कोन ब्लॉक क्षेत्र में मनरेगा योजनाओं में कमीशनखोरी का खेल खुलेआम चल रहा है। संबंधित अधिकारी और ठेकेदारों की मिलीभगत से घटिया निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। जांच समितियां केवल औपचारिक दौरे कर खानापूर्ति करती हैं। जिसके क्रम में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कुमार जायसवाल ने भी सितंबर माह में मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और डीसी मनरेगा को पत्र लिखकर कोन खंड विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि डीसी मनरेगा ने उन आरोपों को निराधार बताते हुए मामले को रफा-दफा कर दिया। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि रामगढ़ पंचायत में हुए दोनों निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी धन की बबार्दी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके। इस बावत डीसी मनरेगा ने उक्त मामले की जाँच कराने का अश्वासन दिया है।

# अनपरा तापीय परियोजना व नगर पंचायत के मध्य, वार्ता के बाद शुरू हुआ विकास का कार्य

नगरीय क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य करने से पहले अनपरा तापीय परियोजना से लेना होगा एनओसी




**मु० हफीज फुलील/ समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। नगर पंचायत अनपरा व अनपरा तापीय परियोजना के बीच जन भावनाओं को देखते हुए वार्ता के बाद पुनः विकास का रथ प्रारंभ। सोमवार को सामाजिक संगठन के पहल नगर पंचायत व अनपरा ताप विद्युत घर का पत्राचार के बाद कुछ हद तक समस्याओं का निदान निकाला गया, अगली बैठक में जिला प्रशासन, अनपरा नगर पंचायत, तापीय परियोजना द्वारा सारी रूकावटों को आपसी तालमेल से जन विकास को देखते हुए निकलेंगे हल। पूर्व में ग्राम सभा क्षेत्र पंचायत जिला पंचायत जल निगम अन्य संस्था द्वारा किए गए कार्य के तर्ज पर ही नगर पंचायत द्वारा परिक्षेत्र का विकास होगा। सीजीएम अनपरा ने कहा कि हम जन विकास के बाधक नहीं है पर भूमि अनपरा तापीय परियोजना के नाम दर्ज है इसीलिए यहां कोई भी काम करने से पहले परियोजना के अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक होगा। जिस पर नगर पंचायत अनपरा व तापीय परियोजना के बीच हुए वार्ता के बाद उपजे मामूली विवाद फिलहाल समाप्त हो गया एवं नगर पंचायत के कर्मचारी दिवाली से पहले साफ सफाई अन्य कार्य में लग गए है।

अध्यक्ष नगर पंचायत अनपरा विश्राम प्रसाद बैसवार ने बताया कि नगर पंचायत जिस भूमि पर विकास करता है उस भूमि का मालिकाना हक से कोई सरोकार नगर पंचायत का नहीं है। नगर पंचायत का यह दायित्व बनता है की परिक्षेत्र में निवास करने वाले जनमानस को नगरी सुविधाओं मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाते रहें।

# कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर, पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ, जनपद शाखा सोनभद्र के जिलाध्यक्ष राजाराम दुबे के नेतृत्व में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने पांच सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी सोनभद्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा।




कर्मचारियों ने सरकार से निजीकरण पर रोक, भर्ती खोलने और पुरानी पेंशन बहाली जैसी प्रमुख मांगें उठाईं। जिलाध्यक्ष राजाराम दुबे ने कहा कि निजीकरण की नीतियों के कारण आंगनबाड़ी, आशा, शिक्षामित्र, रोजगार सेवक, पंचायत कर्मी, रसोइया, आंगनबाड़ी सहायिका सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को उचित वेतन नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते उनके परिवारों का भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ज्ञापन कार्यक्रम में पीआरडी, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, पशुपालन, आंगनवाड़ी, आशा, विकास भवन, कलेक्ट्रेट, मंडी विभाग सहित लगभग 17 विभागों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और निजीकरण के तहत कार्यरत कर्मी शामिल रहे। सभी ने अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए संयुक्त संघर्ष समिति के गठन की घोषणा की।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरुकता हेतु निरंतर प्रयास

**समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता एवं काउंसलिंग कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना विण्ढमगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र पर एक दम्पत्ति के मध्य उत्पन्न आपसी विवाद के मामले में दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। मनोवैज्ञानिक संवाद एवं पारिवारिक परामर्श के पश्चात दोनों पक्ष आपसी सहमति से राजी-खुशी साथ रहने के लिए तैयार हो गए। इस पहल से न केवल पारिवारिक विवाद का समाधान हुआ बल्कि यह भी संदेश गया कि संवाद और समझदारी से हर मतभेद सुलझाया जा सकता है। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान, घरेलू हिंसा की रोकथाम, महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी भी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत जिले में निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य है –महिलाओं को सुरक्षा के अधिकार के प्रति जागरूक करना, उन्हें कानूनी सहायता व मानसिक समर्थन प्रदान करना,

तथा समाज में महिला सम्मान व पारिवारिक सौहार्द की भावना को सशक्त बनाना। जनपद पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूर्ण गणवेश में किया पथ संचलन

छपका खंड के सलखन मंडल में हुआ आयोजन




**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। छपका खंड के सलखन मंडल में बहुत ही हर्षोल्लास के तहत श्री विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन खंड संघचालक सत्येंद्र व विभाग गो संवर्धन प्रमुख नंदलाल रहे।

बौद्धिक उद्बोधन नंदलाल ने वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से लेकर 100 वर्ष तक के सफर का विस्तृत विश्लेषण किया। उन्होंने कहा कि यह वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष है और 2025 विजयादशमी से 2026 विजयादशमी तक संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम मनाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्य उद्देश्य हिंदू संस्कृति, एकता और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देना है। आज भी बहुत सारे संत महात्मा और संगठन राष्ट्र की धर्म संस्कृति की रक्षा करने के लिए तत्पर हैं संघ ने भी उसी क्रम में समाज की के पुनरुत्थान के लिए कार्य प्रारंभ किया। आरएसएस स्वयंसेवकों के माध्यम से सामाजिक सेवा, शिक्षा और चरित्र निर्माण पर जोर देता है। यह शाखाओं के जरिए शारीरिक प्रशिक्षण, अनुशासन और बौद्धिक विकास के जरिए व्यक्ति निर्माण करता है। आज संघ के समाज जीवन से जुड़े अनेक संगठन है जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं और उनकी अपनी विशेष पहचान है सेवा के 1 लाख से अधिक प्रकल्प चलते हैं संघ का कार्य किसी के प्रतिक्रिया में या निषेधात्मक नहीं है यह धर्म की रक्षा करते हुए राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए एक सकारात्मक कार्य योजना लेकर चलने वाला संगठन है। कार्यक्रम में खंड कार्यवाह जितेंद्र, सह खंड कार्यवाह संकल्प, व्यवस्था प्रमुख पंकज , जिला शारीरिक प्रमुख राजीव , जिला सामाजिक समरसता प्रमुख अनिल, विभाग सह शारीरिक प्रमुख राम लगन , टी के सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व फरार चल रहे वांछित /वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रणधीर मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण/नेतृत्व में को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 13.10.2025 को भिन्न-भिन्न स्थानों से भिन्न -भिन्न अभियोग में 02 वारण्टियों को 1- विजय पुत्र जवाहीर निवासी मधुपुर थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 31 वर्ष। 2- जवाहिर पुत्र स्व0 रम्मन निवासी मधुपुर थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र करीब 61 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# ओबरा सोनभद्रः मां रेनूका छठ घाट पर सामाजिक प्रगति परिषद की दूसरी बैठक संपन्न



**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। आगामी भव्य देव दीपावली कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए ओबरा सोनभद्र के सेक्टर 3 स्थित रेणुका छठ घाट पर को सामाजिक प्रगति परिषद के तत्वाधान में दूसरी महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संकट मोचन झा ने की, जबकि (सुशील मिश्रा संग्राम) और अरविंद सोनी ने आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। बैठक में मुख्य रूप से देव दीपावली के भव्य आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। यह आयोजन पिछले 10 सालों से मां रेणुका छठ घाट पर एक विराट रूप ले चुका है। इस वर्ष देव दीपावली कार्यक्रम को और अधिक भव्यता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।कार्यक्रम में कला का प्रदर्शन करने के लिए तीन सुपरस्टार कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा, जो इसे और भी आकर्षक बनाएंगे। बैठक के दौरान कुछ प्रमुख पदाधिकारियों को उनके पद और कार्यभार सौंपे गए, ताकि कार्यक्रम की तैयारियों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जा सके। बैठक में सामाजिक प्रगति परिषद के सैकड़ों की संख्या में सदस्य और शहर के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि रेणुका छठ घाट पर होने वाला यह देव दीपावली समारोह अब एक बड़ा सामाजिक और धार्मिक पर्व बन चुका है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इस वर्ष भी इसे ऐतिहासिक बनाने की पूरी तैयारी की जा रही है। इस दौरान वरिष्ठ संरक्षक अनिल राय, आलोक पाण्डेय, रणजीत तिवारी, कार्यक्रम संयोजक अक्षय पाण्डेय, समीर माली, शुभम पटेल, कुमार सौरभ सिंह, परवेज अहमद, अभिषेक सेठ, विकास पाठक, मुकेश पांडे, अक्षय पांडे, उमेश राम, विमल कांत दुबे, कुमार सौरभ सिंह पत्रकार विकास हलचल, अजीत सिंह इत्यादि सैकड़ों कार्यकता मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ की बैठक में संगठन विस्तार और सामाजिक समरसता पर जोर, विंध्याचल मंडल प्रभारी ने किया मार्गदर्शन



**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिले में विश्व हिंदू महासंघ की गतिविधियों को गति देने और आगामी कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से रॉबर्ट्सगंज स्थित सोनभद्र इकाई द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक/कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में संगठन के पदाधिकारियों, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रमुखों और सक्रिय कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू महासंघ के विंध्याचल मंडल प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। श्री मिश्रा जी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की रीति-नीति और आगामी लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था को बल देना नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, गौ-रक्षा और निःस्वार्थ सेवा के कार्यों को भी प्राथमिकता से आगे बढ़ाना है। उन्होंने सोनभद्र इकाई के अब तक के समर्पण और कार्यों की प्रशंसा की और भविष्य में और अधिक निष्ठा के साथ काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय कुमार चौबे ने की। उन्होंने ज़िले में महासंघ द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की और सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं को उनके समर्पण के लिए प्रेरित किया। श्री चौबे जी ने जोर देकर कहा कि महासंघ की गतिविधियों को ज़िले के हर कोने तक पहुँचाने और उसे और अधिक सक्रियता से चलाने का संकल्प लिया गया है। मंच पर उपस्थित उपाध्यक्ष विजय सिंह और मनोज चौहान ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन की मजबूती के लिए सभी से एकजुट होकर सहयोग करने का आह्वान किया। जिला संरक्षक ओमप्रकाश सिंह जी ने संगठन को सही दिशा प्रदान करने और हिंदू समाज के नैतिक मूल्यों को बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी सदस्यों को संगठित होकर समाज और धर्म की सेवा करने का संदेश दिया। मातृशक्ति जिलाध्यक्ष श्रीमती रीना देवी ने महिला सशक्तिकरण के महत्व और धार्मिक तथा सामाजिक कार्यों में मातृशक्ति की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने ज़िले में महिला इकाई को और अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में काम करने की बात कही। ओबरा नगर अध्यक्ष सर्वेश दुबे जी ने नगर इकाई की ओर से आश्वस्त किया कि वे संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए ओबरा क्षेत्र में महासंघ के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी अजीत प्रताप सिंह, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रमुख नरेंद्र कुमार पाठक, महामंत्री अमरनाथ, तथा रीमा देवी जी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में खरवार समाज के अध्यक्ष नंदकेश्वर खरवार की उपस्थिति ने सामाजिक समरसता को और मजबूत किया। उन्होंने संगठन के मंच के माध्यम से समाज के हितों को उठाने और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में विश्व हिंदू महासंघ के प्रयासों की सराहना की। बैठक में सक्रिय कार्यकर्ता कमलेश जी और मुकेश जी सहित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखे और जमीनी स्तर पर संगठन के कार्यों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में संगठन के विस्तार, गौ-रक्षा अभियान, धर्म जागरण, और विभिन्न सामाजिक सेवा पहलों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एक साथ मिलकर और अधिक समर्पण से कार्य करने का संकल्प लिया, ताकि जिले में विश्व हिंदू महासंघ के लक्ष्य–सनातन धर्म की रक्षा और समाज सेवा–को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके। यह बैठक सोनभद्र में संगठन की मजबूत नींव और व्यापक सामाजिक प्रभाव को दशार्ती है।

# विशेष चेकिंग अभियान में कुल 390 चालान, ब्लैक फिल्म, मोडिफाइड साइलेंसर व अन्य नियम उल्लंघन पर कार्यवाही

**समाज जागरण**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित "मिशन शक्ति फेज 5.0" के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (मु0) अनिल कुमार के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डा0 चारू द्विवेदी (नोडल अधिकारी-मिशन शक्ति) के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक यातायात के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चलाए गए अभियान के दौरान निम्नलिखित उल्लंघनों पर कुल 390 चालान किए गए। ब्लैक फिल्म -07 फॉल्टी नम्बर प्लेट-03, स्टंटबाजी-03, अन्य यातायात उल्लंघन (मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट, तीन सवारी, हूटर, जाति सूचक शब्द, बिना नंबर प्लेट, सीट बेल्ट न पहनना आदि)-377 महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को सुनिश्चित करना, अशोभनीय/असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना एवं सड़क पर यातायात नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित कराना है। जनपद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

पुलिस आमजन से अपील करती है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें एवं महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

# राबर्ट्सगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (टंगारी) बरामद

**समाज जागरण**



नामजद/वांछित अभियुक्त राटवर

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, थाना राबर्ट्सगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 13.10.2025 को एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। थाना राबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 1015/25, धारा 109, 115(2) बीएनएस में सिंह पुत्र स्व० सुकालू सिंह निवासी महुरेसर थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र को उसके ट्यूबवेल के पास ग्राम महुरेसर से समय करीब 12.40 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरान्त अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद टंगारी झाड़ियों से बरामद की गई, जिसे सील सर्वमुहर मय नमूना मुहर के साथ कब्जे पुलिस में लिया गया। अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# भारत सरकार के पोर्टल पर एक बार फिर सोनभद्र जिले का लहराया स्वच्छता में परचम

हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता के संग आजादी का उत्सव सोनभद्र जिले की ग्राम पंचायत रघुनाथपुर बनी मिसाल

**विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग के संकल्प को आत्मसात करते हुए जनपद सोनभद्र ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताह्व अभियान के अंतर्गत एक अनोखी मिसाल पेश की है। स्वतंत्रता के इस अमृत महोत्सव वर्ष में जब पूरा देश आजादी का जश्न मना रहा था, तब सोनभद्र जिले की ग्राम पंचायत रघुनाथपुर (विकास खंड घोरावल) ने स्वच्छता के क्षेत्र में ऐसा कार्य किया, जिसकी सराहना भारत सरकार तक ने की है। भारत सरकार द्वारा जारी स्वच्छता समाचार पोर्टल में रघुनाथपुर ग्राम पंचायत की प्लास्टिक मुक्त अभियान पहल को विशेष स्थान दिया गया है। यह सम्मान न केवल सोनभद्र के लिए बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। ग्राम प्रधान परमेश्वर पाल जी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत रघुनाथपुर ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में एक उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया है। ग्राम प्रधान द्वारा स्वयं ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन घर-घर जाकर कूड़े का कलेक्शन किया जाता है। इससे न केवल गांव में साफ-सफाई बनी रहती है, बल्कि लोग भी प्रेरित होकर स्वच्छता के महत्व को समझ रहे हैं। इसके साथ ही ग्राम पंचायत में प्लास्टिक मुक्त अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। ग्रामीणों से एकत्रित सिंगल यूज प्लास्टिक को अलग-अलग छांटकर पुनर्चक्रण योग्य सामग्री के रूप में बेचा जाता है, जिससे प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत का Own Source Revenue (OSR) सृजित किया जा रहा है। यह पहल ग्राम पंचायत की आर्थिक आत्मनिर्भरता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गई है। ग्राम प्रधान परमेश्वर पाल द्वारा अपनाया गया यह अभिनव तरीका न केवल पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि अगर इच्छाशक्ति हो तो सीमित संसाधनों में भी बड़े परिवर्तन लाए जा सकते हैं। भारत सरकार के स्वच्छता समाचार पोर्टल पर इस कार्य को प्रकाशित किया जाना सोनभद्र के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि सभी ग्राम पंचायतों को प्रेरित करती है कि वे भी अपने-अपने गांवों में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक मुक्त भारत के संकल्प को साकार करें। सोनभद्र जिले के लिए यह सम्मानजनक क्षण इस बात का प्रतीक है कि जब स्वच्छता और जनभागीदारी एक साथ चलती हैं, तो परिवर्तन निश्चित रूप से संभव है। "स्वच्छ ग्राम समृद्ध ग्राम" की दिशा में रघुनाथपुर ग्राम पंचायत का यह प्रयास आने वाले समय में अन्य पंचायतों के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल सिद्ध होगा।

# कन्नौजः पुलिस के डर से नदी में कूदे किशोर का नहीं लगा सुराग, डीआईजी और मंत्री पहुंचे

## मां को हर संभव मदद का दिया भरोसा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

गुरसहायगंज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवी पुरवा निवासी लड़की ले जाने के आरोपी को पकड़ने आई पुलिस को देखकर छोटा भाई नदी में कूद गया जिसका 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका। एसडीआरएफ की टीम और ड्रोन से उसको तलाश किया जा रहा है। कानपुर क्षेत्र के डीआईजी हरीश चन्दर और समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण मौके पर पहुंचे और मां को ढांढस बंधाया।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवी पुरवा निवासी किशनपाल ग्राम नौरंगपुर से करीब 6 महीने पहले एक लड़की को ले गया था जिसमें उसके खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज था। रविवार को नौरंगपुर चौकी की पुलिस उसकी तलाश में गांव आई जहां भाई रंजीत मिला और उसके साथ उसे खेत में ढूंढने गए। वहां पर मौजूद छोटा भाई धर्मवीर पुलिस को देखकर डर गया और नदी में कूद गया। इस घटना को मछली पकड़ रहे एक व्यक्ति ने देखा और शोर मचाया। जिस पर ग्रामीण एकत्र हो गए और उसकी तलाश शुरू कर दी। रविवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एसपी विनोद कुमार कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से किशोर को तलाश किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। सोमवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम और ड्रोन की मदद से किशोर को तलाश किया गया लेकिन 24 घंटे बाद भी उसका कोई पता नहीं लगा।

जानकारी पाकर डीआईजी कानपुर हरीश चंदर और मंत्री असीम अरुण मौके पर पहुंचे और किशोर की मां अमरवती से घटना की जानकारी ली। मंत्री ने किशोर की मां को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है और पुलिस से शीघ्र ही किशोर को ढूंढने के निर्देश दिए हैं। डीआईजी ने एसपी विनोद कुमार से कहा है कि नदी के किनारे के गांव में पुलिस बल तैनात कर किशोर को तलाश करें। इस दौरान किशोर के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मंत्री असीम अरुण ने 5 बीघा जमीन पट्टा करने, मुख्यमंत्री आवास और दोनों बच्चों को बाल सेवा योजना के तहत ढाई हजार रुपए प्रतिमाह और मां को पेंशन देने का आश्वासन दिया है।

# कन्नौजः ड्यूटी करने जा रहे वाहनों को अनावश्यक परेशान न करें एनएचआई अफसरः डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं जनसुविधा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।



बैठक में जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि यू०पी० इंटरनेशनल ट्रेड शो2025 (स्वदेशी मेला) का भव्य आयोजन 18 अक्टूबर 2025 तक के०के० इंटर कॉलेज खेल मैदान (बोर्डिंग ग्राउण्ड) में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु गोष्ठी, रैली, नुक्कड़ नाटक तथा प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित हों।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र की छोटी-बड़ी क्षतिग्रस्त सड़कों को तत्काल चिन्हित कर उनकी मरम्मत की कार्यवाही प्रारंभ की जाए, जिससे आमजन को यातायात में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, मेहदीघाट से नेशनल हाईवे तक जाने वाले मार्ग को भी प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए गए।

श्री अग्निहोत्री ने एनएचएआई को निर्देश दिए कि ड्यूटी पर तैनात प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियों के नंबरों की सूची उपलब्ध कराई जा चुकी है, अतः इन वाहनों को अनावश्यक रूप से न रोका जाए, ताकि अधिकारी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय से पहुंचकर निरीक्षण कार्य संपादित कर सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। सभी विभाग परस्पर समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हो और यातायात व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू बनी रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) आशीष कुमार सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अभियंता (लोक निर्माण विभाग), एनएचएआई तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कन्नौजः देवीपुरवा काण्ड के दोषी पुलिस कर्मी होंगे बर्खास्तः असीम अरुण

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। देवीपुरवा गांव में पुलिस के डर से काली नदी में छलांग लगाने वाले दलित छात्र के परिजनों से मंत्री असीम अरुण ने मुलाकात की। यहां कानपुर रेंज के डीआईजी भी पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद समाज कल्याण मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए पुलिस कर्मियों पर कठोर कार्यवाई की बात कही।



कन्नौज से भाजपा विधायक और मंत्री असीम अरुण सोमवार दोपहर देवीपुरवा गांव पहुंचे। उन्होंने यहां पर नदी में डूबे दलित छात्र के परिजनों से मुलाकात की। कुछ ही देर में कानपुर रेंज के डीआईजी हरीश चंदर भी पहुंच गए और घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद डीआईजी की मौजूदगी में मंत्री असीम अरुण ने मीडिया से बात की।

उन्होंने कहा कि पुराने मामले में दी गई दबिश में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। पुलिस कर्मियों को ये ध्यान रखना चाहिए कि दबिश देते वक्त सामने वाले को भी चोट न पहुंचे और खुद को भी चोट न पहुंचे। इसके अलावा नदी में छात्र के कूदने के बाद पुलिस कर्मियों को उसका बचाव करना चाहिए था, लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि छात्र को बचाने की बजाय पुलिस कर्मी वहां से भाग गए।

**एसपी ने रात में ही किया था सस्पेंड**

जिस छात्र को वह लोग पकड़ने का प्रयास कर रहे थे, उसके खिलाफ कोई आरोप भी नहीं था। ऐसी घोर लापरवाही करने वाले पुलिस कर्मियों को बीती रात ही एसपी कन्नौज ने निलंबित कर दिया था, लेकिन अब जांच करवा कर उनकी सेवा समाप्त की जाएगी।

मंत्री असीम अरुण ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम नदी में लगातार छात्र की तलाश कर रही है। वह जीवित मिल जाए तो बेहतर रहेगा और अगर जीवित नहीं है तो उसका शव मिलना चाहिए। उन्होंने कहाकि पीड़ित परिवार को पांच बीघा खेत पट्टे में दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धवस्था पेंशन और बच्चों की पढ़ाई के लिए 7 हजार रुपए प्रति महीने दिलाया जाएगा।

पुलिसकर्मियों की गलती पाए जाने पर देर शाम एसपी बिनोद कुमार ने गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक दुबे, नौरंगपुर चौकी इंचार्ज हरीश कुमार और सिपाही रवींद्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस मामले की जानकारी खुद एसपी बिनोद कुमार ने मीडिया से बात करते हुए दी। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ की टीम छात्र धर्मवीर की तलाश में जुटी है। मामले की जांच कराई जाएगी।

# साहब जेल मत भेजिए गाइडलाइन जारी कर दीजिए रोजी का सवाल है!

## इटवा कस्बे के पटाखा व्यापारियों ने प्रशासन से लगाया गुहार।

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। दीपावली और अन्य त्योहारों को देखते हुए पटाखों की बिक्री व भंडारण पर इटवा पुलिस-प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में कई दुकानों और घरों से भारी मात्रा में पटाखे बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने बिना लाइसेंस पटाखे रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए कुछ जगहों पर सामग्री को थाने में जमा कर लिया गया, लेकिन इस कार्रवाई के बीच स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि त्योहार पर रोजगार और परंपरा दोनों जुड़े हैं, ऐसे में प्रशासन को नियम बनाकर नियंत्रित तरीके से पटाखों की बिक्री की अनुमति देनी चाहिए। लोगों की आवाज इटवा बाजार के एक व्यापारी ने बताया कि हम हर साल छोटे स्तर पर पटाखे बेचते हैं। इस बार बिना किसी नोटिस के पुलिस ने स्टॉक जब्त कर लिया। त्योहार पर रोजी-रोटी पर चोट लग रही है। अगर नियम हैं तो गाइडलाइन दीजिए, हम उसी के मुताबिक चलेंगे, इसी तरह मोहल्ले के एक निवासी ने कहा घर में थोड़े पटाखे रखे थे बच्चों के लिए, पुलिस ने सब ले लिए। मनाने दीजिए, जेल हल नहीं नियम से बेचने और मनाने की छूट दीजिए, व्यापारियों की माँग व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि अस्थायी दुकानों के लिए ट्रेड लाइसेंस व फायर सेफ्टी की प्रक्रिया सरल की जाए, सुरक्षित स्थानों पर सीमित मात्रा में स्टॉक की अनुमति दी जाए, गाइडलाइन के तहत बिक्री का समय और स्थल तय किया जाए व्यापारियों का कहना है कि ह्लत्योहार के मौके पर पूर्ण प्रतिबंध की जगह नियमन बेहतर होगा, जनता की अपील स्थानीय लोगों ने साफ कहा हम भी सुरक्षा चाहते हैं, लेकिन त्योहार पर खुशी मनाने का हक भी हमारा है, प्रशासन हमें भरोसा करे नियम बनाइए, हम उनका पालन करेंगे,मामला फिलहाल प्रशासनिक समीक्षा में है, और उम्मीद जताई जा रही है कि जिला प्रशासन जल्द ही पटाखों की बिक्री के लिए नई गाइडलाइन जारी कर सकता है, जिससे त्योहार भी सुरक्षित रहे और रोजगार भी प्रभावित न हो।

# कन्नौजः महिला आयोग की सदस्य ने अस्पताल, जिला जेल और कस्तूरबा विद्यालय देखे

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत सदस्य, राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय ने महिलाओं की चिकित्सीय स्थिति महिलाओं को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की स्थिति के मद्देनजर जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय नसरापुर कन्नौज तथा जिला कारागार, अनौगी कन्नौज का निरीक्षण किया।



सदस्य ने जिला चिकित्सालय में आकस्मिक वार्ड, एक्स-रे कक्ष, अल्ट्रासाउड कक्ष एवं महिला चिकित्सालय में लेवर रूम, जनरल वार्ड, रसोई घर आदि का निरीक्षण किया। उन्होनें कहा कि मरीजों को निर्धारित मीनू तथा समय से भोजन मुहैया कराया जाए, साथ ही चिकित्सालय में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि चिकित्सक समय से अपनी डयूटी पर उपस्थित हो तथा चिकित्सालय में पर्याप्त मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये साथ ही चिकित्सालय में स्ट्रेचर एंव व्हील चेयर की भी उपलब्धता रखी जाये। उन्होनें जनरल वार्ड में मरीजों को फल वितरण किये।

सदस्य ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय नसरापुर का निरीक्षण किया जिसमें उन्होने छात्राओं को गुणवत्ता परक शिक्षा देने के निर्देश देते हुये कहा कि मीनू के अनुसार नाश्ता, भोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा शिक्षक समय से उपस्थित होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वाहन कर्तव्यनिष्ठ ढंग से सुनिश्चित करें। छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होनें वहॉ पर छात्राओं से बातचीत की और उनको मिलनी वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। सदस्य ने जिला कारागार, अनौगी में महिला बैरक व मुलाकात बैरक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने निरूद्ध महिला बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि महिला बंदियों को सिलाई, कढाई आदि कौशल के कार्य में लगाया जाए तथा यदि उनको किसी भी प्रकार की समस्या है तो उसका निस्तारण किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 शक्ति वसु, जेल अधीक्षक भीमसेन, जिला प्रोबेशन अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी विजय कुमार राठौर, के सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कन्नौजःपी.एम. पोषण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को मिल रहे पौष्टिक मौसमी फल

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्देश दिए हैं कि जनपद के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्वच्छता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए प्रत्येक सोमवार को ताजे फल निरन्तर उपलब्ध होने चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को संतुलित आहार के साथ अतिरिक्त पोषण मिलना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे स्वस्थ शरीर और सशक्त मन के साथ शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ सकें।




जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया जनपद के 1006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 259 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कम्पोजिट विद्यालय, 39 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय, 60 इंटर कॉलेज, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय एवं 01 संस्कृत विद्यालय इस प्रकार कुल 1576 शिक्षण संस्थानों में फल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

उन्होंने बताया कि पी.एम. पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना के तहत अब विद्यार्थियों को निर्धारित मेन्यू के साथ-साथ मौसमी फलों का भी वितरण किया जा रहा है। ये फल न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि विटामिन-सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो पाचन शक्ति को बढ़ाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने, त्वचा में निखार लाने तथा संपूर्ण स्वास्थ्य सुधार में सहायक हैं।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी की यह पहल बच्चों में कुपोषण की रोकथाम, स्वास्थ्य में सुधार और विद्यालयी भोजन व्यवस्था को अधिक समृद्ध बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इस नवाचार से विद्यार्थियों में फल खाने की आदत विकसित होगी और पोषण स्तर में निश्चित रूप से सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

# कन्नौजः आई.जी.आर.एस. प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर दें विशेष जोरः डीएम

## स्मार्ट वर्क करें और जनपद की रैंक सुधारें

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण तथा आई.जी.आर.एस. प्रकरणों के प्रभावी निस्तारण के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्नातक एवं शिक्षक एम.एल.सी. निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची तैयार किए जाने के कार्य पर विशेष फोकस किया जाए। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक योग्य स्नातक एवं शिक्षक वर्ग अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य दिनांक 06 नवम्बर 2025 तक संचालित रहेगा। अब तक स्नातक मतदाता हेतु 122 आवेदन पत्र वितरित किए गए हैं, जिनमें से 21 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि शिक्षक मतदाता हेतु 17 आवेदन पत्र वितरित किए गए हैं जिसमें अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु पात्र व्यक्ति स्नातक के लिए प्रारूप-18 एवं शिक्षक के लिए प्रारूप-19 में ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं, अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर विकल्प के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने आई.जी.आर.एस. प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि जिन विभागों के प्रकरण सी श्रेणी में पहुंच गए हैं, उनका गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस माह जनपद की रैंक में गिरावट आई है, जो उचित नहीं है। लगभग 480 प्रकरणों में अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत संपर्क नहीं किया गया है, ऐसी स्थिति भविष्य में नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को स्वयं मौके पर जाकर शिकायतकताओं से मिलना होगा और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करना होगा। कहा कि स्मार्ट वर्क करें और जनपद की रैंक सुधारें, क्योंकि मा० मुख्यमंत्री जी स्वयं आई.जी.आर.एस. की समीक्षा कर रहे हैं, अतः किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि मेडिकल डिपार्टमेन्ट अब सक्षम है, कार्य प्रणाली को और सशक्त बनाया जाए। वायरल बुखार या किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की सूचना प्राप्त होते ही मेडिकल टीम तत्काल मौके पर पहुंचे, जांच करे और उपचार सुविधा उपलब्ध कराए। साथ ही उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से फॉगिंग कराई जाए और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) आशीष कुमार सिंह, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार गौतम सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अपना दर्द बयां करने को आतुर है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनफेरवा

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड बांसी क्षेत्र के सोनफेरवा खुर्द का सामुदायिक शौचालय बना हाथी का दांत दिखावे के लिए बना, लेकिन आज तक नहीं हुआ चालू स्वच्छ भारत मिशन को मुंह चिढ़ाता हुआ एक और मामला सामने आया है। बांसी विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सोनफेरवा खुर्द में बना सामुदायिक शौचालय केवल भष्ट्राचार का कहानी कह रहा है, सरकारी धन का उपयोग तो हो गया, मगर जनता को सुविधा नहीं -यही है जमीनी हकीकत, ग्रामीणों के अनुसार मरम्मत, व सफाई के नाम पर



शौचालय का भुगतान कर दिया जाता है अब भी हैंडपंप टूटा पड़ा है और दरवाजे टूटे हैं अंदर केवल गंदगी का अम्बार लगा है, सूत्रों की मानें तो बांसी विकासखंड में ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां विकास कार्यों में भ्रष्टाचार खुलेआम हो रहा है, पंचायतों में गड़बड़ियों के पीछे स्थानीय सचिव की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि जिला अधिकारी को स्वयं मौके पर जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करनी चाहिए, वरना इस तरह की योजनाएं सिर्फ दिखावा बनकर रह जाएंगी, सवाल बड़ा है कि आखिर सरकारी योजनाओं का बंटाधार कौन कर रहा है, कब पड़ेगी जिला अधिकारी की निगाह, की चर्चा तेजी से हो रही है।

# कन्नौजः मिशन शक्तिः महिला आयोग की सदस्य ने बांटे डेमो चेक, कराया अन्नप्राशन

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत सदस्य, राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय की उपस्थिति में आपकी सखी वन स्टॉप सेन्टर, विनोद दीक्षित अस्पताल कन्नौज में अन्न प्राशन, गोद भराई, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को डमी चेक वितरण, सेम बच्चों को पोषण पोटली वितरण, विद्या आरंभ योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण तथा कन्या जन्मोत्सव का आयोजन दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

इस अवसर पर सदस्य ने मातृत्व वंदना योजना के अन्तर्गत अमायरा, भूमि एवं मानवी को अन्नप्राशन कराया तथा द्वितीय किश्त 6000/-रू0 की डेमो



चेक वितरित की। इसी प्रकार अनीता, जूली शंति व नीरज की गोदभराई की तथा प्रथम किश्त 3000/-रू0 की डेमो चेक वितरित की। इसी क्रम में विद्या आंरभ योजना के अन्तर्गत सदस्य ने भारत सरकार द्वारा जारी प्रमाण-पत्र का वितरण आर्या, प्रियंका, सिमरन, दिव्यांशू तथा आरत को किया। इसी प्रकार सेम बच्चों को पोषण पोटली का वितरण किया गया जिसमे शिवम, अन्नया, जानवी, अनायजा व तजजार अली को पोषण पोटली वितरित की गयी। इसी कड़ी में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों की माताओं सोनी, आरती देवी, उमा, सुधा, रितू, तलक बनो, शन्ति देवी, अंकिता दोहरे व स्नेहा को बेटी की वितरण की गयी।

इस अवसर पर सदस्य ने बच्चों की माताओं को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने माहिलाओं और बालिकाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं चलायी है, उसी के क्रम में आज अन्न प्राशन, गोद भराई आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जो बेटियों के लिए कर रहें है इतनी बहुत सारी योजनाएं चल रहीं है यह और कोई नही कर सकता। पहले बेटियों के जन्म लेते ही घर में मातम छा जाता था लेकिन आज हम जश्न के साथ खुशियां मनाते है। यह बदलाव हमारी सरकार में ही हुआ है और ऐसा बदलाव हमें अपने परिवार में भी करना चाहिए।

इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी विजय कुमार राठौर, केन्द्र प्रशासक विनीता कुमारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा, लक्ष्मी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कन्नौजः डिजिटल लाइब्रेरी हेतु पुस्तकों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ

## हर विधानसभा क्षेत्रवार बनेंगे "पंचायत उत्सव भवन" : डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में पंचायत उत्सव भवन एवं डिजिटल लाइब्रेरी हेतु एन.डी.टी. द्वारा पुस्तकों के चयन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रवार ग्राम पंचायतों में पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु



एक सशक्त मंच उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि खैरनगर में पंचायत उत्सव भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन किया जा चुका है। उत्सव भवन के निर्माण के लिए न्यूनतम 3000 वर्ग मीटर भूमि आवश्यक होगी। उत्सव भवन हेतु भूमि का चयन समिति द्वारा किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में स्वयं की आय अधिक है या जहाँ खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा अन्नपूर्णा भवन का संचालन किया जा रहा है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। उत्सव भवन ऐसे स्थलों पर बनाए जाएंगे जो ऑल वेदर सर्फेस्ड रोड से जुड़े हों और जहाँ बस एवं छोटे वाहनों का सुगम आवागमन हो सके, ताकि अधिकतम आबादी को सुविधा मिल सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि 84 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही है। इसके लिए पुस्तकों का चयन शीघ्रता से किया जाएगा। लाइब्रेरी में चारों वेद, अठारह पुराण और बच्चों को प्रेरित करने वाली पुस्तकें अवश्य सम्मिलित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि खैरनगर में समाज कल्याण विभाग की ओर से 65 लाख रुपए की लागत से बारातशाला निर्माण की कार्यवाही भी अमल में लाई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कन्नौजः 13 महिला मंगल दलों को वितरित की स्पोर्ट्स किट

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। युवा कल्याण विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री द्वारा युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन किट वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी एवं पार्टी जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की उपस्थिति में देखा व सुना गया। इस मौके पर महिला मंगल दल कोमल, कीर्ति, स्नेहा, सावना, साधना को 5



वालीबाल, 5 फुटबॉल, 1 वालीबाल नेट, 3 चेस्ट एक्सपेंडर व 1 पंप तथा युवक मंगल दल श्री अमित राजपूत, प्रशांत, शुभम, फैयाज, आदित्य कुमार को 5 वालीबाल, 5 फुटबाल, 1 वालीबाल नेट, 1 चेस्ट एक्सपेंडर, 1 पंप की किट वितरित की गई। किट वितरण में 7 पुरूष एंव 6 महिला अर्थात कुल 13 लाभार्थी को किट वितरित की गई। इस मौके पर युवा कल्याण अधिकारी आकाश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कच्ची दीवार ढही किशोर घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरहटा में सोमवार की दोपहर कच्ची दीवार ढह जाने से 17 वर्षीय किशोर बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सेमरहटा गांव निवासी रासजीवन का पुत्र अर्जुन घर के बाहर बैठा था। तभी अचानक कच्ची दीवार ढह गयी, जिसके मलबे के नीचे किशोर दब गया। शोर शराबा सुनकर परिजन व आसपास के लोगो ने आनन-फानन मलबा हटाकर घायल किशोर को सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# सड़क हादसे के नाम पर रची थी हत्या की कहानी! पति ने खुद किया अपनी करतूत का खुलासा

## बीमा की राशि पाने के लिए पति ने की पत्नी की हत्या

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता**
**पदमा समाज जागरण**

पदमा। लाटी के समीप बीते 9 अक्टूबर (गुरुवार) की रात करीब 9 बजे हुए कथित सड़क हादसे ने अब हत्या की सनसनीखेज साजिश का रूप ले लिया है। जिस घटना को अब तक एक सामान्य दुर्घटना माना जा रहा था, वह दरअसल पति द्वारा रची गई पत्नी की हत्या की सुनियोजित योजना निकली। घटना में बंदरबेला निवासी मुकेश मेहता घायल हुआ था, जबकि उसकी पत्नी सेवंती देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रारंभ में मामला सड़क दुर्घटना के रूप में दर्ज किया गया था, परंतु पुलिस की गहन पूछताछ में अब चौंकाने वाला सच सामने आया है। पदमा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूछताछ के दौरान स्वयं मुकेश मेहता ने स्वीकार किया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की साजिश रची थी। वह पूरी घटना को सड़क हादसे का रूप देकर पुलिस को गुमराह करना चाहता था।



पुलिस अनुसंधान में खुलासा हुआ कि 9 अक्टूबर की रात मुकेश अपनी पत्नी के साथ इलाज के बहाने पल्सर बाइक (जे एच 02 एन 7682) से हजारीबाग गया था। वापसी के दौरान लाटी के समीप उसने बाइक रोककर हेलमेट से पत्नी के सिर पर पीछे से वार किया, जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसने गला और मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना को सड़क हादसा दिखाने के लिए मुकेश ने हेलमेट को झाड़ियों में फेंक दिया और पत्नी के शव के बगल में लेट गया, ताकि वह भी घायल लगे। पुलिस ने प्रारंभ में इसे सड़क दुर्घटना मानते हुए मुकेश को इलाज हेतु तथा सेवंती के शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। मगर अगले दिन सेवंती के परिजनों को संदेह हुआ जब उन्होंने देखा कि बाइक पर कोई खरोंच नहीं थी और मुकेश के शरीर पर भी किसी गंभीर चोट के निशान नहीं थे। जब जांच की गई तो सामने आया कि शादी के बाद मुकेश ने अपनी पत्नी का 30 लाख रुपये का एलआईसी बीमा कराया था। इस बात की सूचना पुलिस को परिजनों ने दी।

पुलिस पूछताछ में अंततः मुकेश ने स्वीकार किया कि उसने बीमा की राशि प्राप्त करने के लिए हत्या की योजना बनाई थी। हत्या के साक्ष्य छिपाने व हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपी मुकेश को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।आगे पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस हत्याकांड की साजिश में अन्य कोई व्यक्ति भी शामिल था। घटना का खुलासा होते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है

# पदमा में हाफ मर्डर केस का फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता**
**पदमा, समाज जागरण**

पदमा-पदमा ओपी थाना क्षेत्र के सिमरकुरा गांव से आधे हत्या (हाफ मर्डर) मामले में फरार चल रहे आरोपी ढालो यादव को पुलिस ने शनिवार देर रात दबोच लिया। लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने में सफल रहा आरोपी अंततः पुलिस की गुप्त सूचना और सटीक कार्रवाई के जाल में फंस गया। जानकारी के अनुसार, यह मामला पदमा ओपी केस नंबर 142/25 (दिनांक 24 अप्रैल 2025) से जुड़ा है। आरोपी घटना के बाद से ही फरार था। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि ढालो यादव अपने घर सिमरकुरहा में छिपा हुआ है। इसके बाद थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम ने देर रात छापेमारी अभियान चलाया और आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उससे गहन पूछताछ की और आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के उपरांत उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ढालो यादव के खिलाफ पहले से भी कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस उन मामलों की भी जांच में जुटी है।

# झारखंड कुरमी महासभा का प्रदेश कार्यसमिति का बैठक आयोजित हुई।

**समाज जागरण**



झारखंड कुरमी महासभा का बैठक प्रदेश कार्यालय बडागाई, बरियातू रोड, रांची में आयोजित किया गया।इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो ने किया, जबकि संचालन प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो ने किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में समिति का तीन साल पूर्ण हो चुका है,अब चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो द्वारा तीन साल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इस ऐतिहासिक बैठक में मुख्य रूप से आठ जिला के अध्यक्ष, महासचिव, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गण मौजूद थे। सर्वसम्मति से पारित किया गया है कि आगामी 7 दिसंबर 2025 को रांची में प्रदेश कार्यसमिति का पुनर्गठन किया जाएगा।इस ऐतिहासिक मौके पर राजकुमार महतो, देवकी महतो, सुरेन्द्र कुमार महतो,धन्यजय महतो, नारायण महतो,कौलेश्वर महतो, ज्योतिष महतो, सेवालाल महतो, रामटहल महतो, भुनेश्वर महतो, मुनेश्वर महतो, रीता देवी,रोपन देवी, विमला देवी, भागीरथ महतो, रामलाल महतो, प्रमोद कुमार महतो, नारायण महतो, अशोक मंडल, मनोज महतो,गुलचंद महतो, रामेश्वर महतो,गोरकनाथ चौधरी, जितेन्द्र सिंह,सुरज सिंह प्रदेश सिंह, सोनालाल महतो, रामजीत चौधरी, सतीश चौधरी, जगरनाथ महतो, सरोज देवी, रामशीष महतो, मोहन महतो, प्रकाश सिंह, बादल कुमार, सुनिल कुमार महतो एवं काफी संख्या में कार्यसमिति के सदस्य मौजूद थे।

# कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान तेज, जयप्रकाश पटेल बोले – लोकतंत्र की रक्षा हर नागरिक का कर्तव्य

**पंकज कुमार पाठक,**
**संवाददाता पदमा,समाज जागरण**

पदमा-रोमी पंचायत भवन परिसर में रविवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान सह प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल तथा बरही विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता ने किया। इस दौरान प्रखंड और पंचायत स्तर के पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र भी सौंपे गए।



सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि वोट की चोरी लोकतंत्र की हत्या के समान है। ऐसे में कांग्रेस संगठन पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चला रही है ताकि जनता के मताधिकार की रक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि इस वक्त पूरे देश में संगठन सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिससे पार्टी की जड़ें और मजबूत होंगी। वहीं पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया

यह अभियान केवल राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों की रक्षा का राष्ट्रीय जन आंदोलन है। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है, ऐसे में हर नागरिक को सजग रहना होगा। सभा को जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, जिला ओबीसी अध्यक्ष दीपक गुप्ता, प्रखंड उपाध्यक्ष गोविंद मेहता सहित कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

मौके पर पंकज मेहता, अजय मेहता, चांद पासवान, मोहम्मद अनवर अंसारी, चुन्नू कुमार, पवन राणा, अनिल शर्मा, अरुण जय प्रसाद, महादेव प्रसाद मेहता, विक्की चंद्रवंशी, वीरेंद्र कुमार, करण ओझा, गौतम चंद्रवंशी, अंकुश कुमार, मनीष प्रसाद, विकास कुमार, अशोक मेहता सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जेएसएलपीएस की जीआरसी सलाहकार समिति की बैठक ,कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**समाज जागरण**
**कुलदीप कुमार**
**संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव ब्लॉक सभागार भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल की अध्यक्षता में जेएस एलपीएस की जीआरसी सलाहकार समिति की बैठक की गई। जिसमें वृद्धा पेंशन ,दिव्यांग पेंशन ,विधवा पेंशन ,बाल संरक्षण योजना आंगनबाड़ी से संबंधित योजनाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई । साथ ही साथ ग्राम संगठन के मासिक बदलाव मंच में सभी संस्थाओं के पदाधिकारी के आने पर दिशानिर्देश दिया गया। तथा समस्या के समाधान हेतु चचाएं की गई । विशेष रूप से घरेलू हिंसा ,मानव तस्करी ,बाल विवाह जैसे केसों के जीआरसी एवं थाना के माध्यम से समस्या समाधान करने और उस पर पहल करने पर चर्चा की गई। वही नशा मुक्ति उन्मूलन को लेकर अभियान के तहत रैली निकलने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, जिला को आर्डिनेटर असरेन्द्र कुमार , प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रामप्रकाश कुमार , स्वास्थ्य विभाग से तरुण कुमार , रीता कुमारी, थाना प्रशांत कुमार, जीआरसी के पारा लीगल दीदी एवं बड़कागांव प्रखंड की सभी जेंडर सीआरपी उपस्थित थे ।



# वकील चतुर्भुज प्रसाद नहीं रहे प्रबुद्ध लोगों ने शोक व्यक्त किया

**कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव गुरु चट्टी निवासी 81वर्षीय चतुर्भुज प्रसाद का सोमवार सुबह 4:00 हजारीबाग आवास में निधन हो गया। आज मंगलवार सुबह 9:00 बजे हजारीबाग मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। चतुर्भुज प्रसाद 1970 से हजारीबाग में वकालत शुरू की थी। लगभग 50 वर्षों तक उन्होंने



वकालत की तथा जरूरतमंद लोगों की सेवा भी की। वहीं 1987 से मधेशिया वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष थे । चतुर्भुज प्रसाद अपने पीछे तीन पुत्र समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए। प्रबुद्ध लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। समाजसेवी सिविल सोसाइटी बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि उनके निधन से मधेशिया वैश्य समाज को भारी क्षति हुई है इनकी भरपाई कर पाना मुश्किल है। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, योगेंद्र साहू, डॉक्टर बालेश्वर महतो, मनोज गुप्ता, गोविंद नारायण महतो, धनेश्वर महतो, राजेश गुप्ता, रवि भूषण ,दिनकर भूषण, भास्कर भूषण, संजय गुप्ता, महेंद्र गुप्ता ,दीपक गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, पप्पू गुप्ता, पंकज गुप्ता, बिंदु गुप्ता, उमेश गुप्ता, के अलावा अन्य दर्जनों लोग शामिल हैं।

# 31 वार्ड खीरगांव में वोट चोर गद्दी छोड़ और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग नगर कांग्रेस कमेटी ने वार्ड नंबर 31 खीरगांव में वोट चोर गद्दी छोड़ और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया हजारीबाग खिरगांव चौक के निकट रॉयल बैंकट में कांग्रेस की एक अहम बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष परवेज अहमद ने की और इस सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अफरोज आलम ने की इस सभा के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल थे सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार वोट चोरी करके चुनाव जीतने का प्रयास करती है चुनाव जीतने में भाजपा को चुनाव आयोग काफी हद तक मदद भी कर रही है जिस तरह महाराष्ट्र में वेटो की संख्या अचानक से बढ़ जाती है और कांग्रेस वहां से हार जाती है हरियाणा में भी षड्यंत्र के तहत कांग्रेस को हराया जाता है यह सब मिली भगत से हो रहा है हमें घर-घर जाकर इस बात को जन जन तक पहुंचना है और हस्ताक्षर अभियान जोरो से चलना है कांग्रेस का हर कार्य करता इस कार्य में लग जाए इस मुद्दे पर नगर अध्यक्ष परवेज अहमद ने भी सरकार को घेरते हुए कहा कि केंद्र सरकार अब वोट चोरी नहीं कर सकती है अब देश के लोग सब समझ चुके है सभा में उपस्थित कांग्रेस के जिला महासचिव ओम प्रकाश गोप बाबर अंसारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह शशि मोहन सिंह वरिष्ठ नेता मकसूद आलम लाल बिहारी सिंह दिलीप रवि केडी सिंह वीरेंद्र सिंह दिगंबर मेहता रब्बानी अंसारी छोटू मिस्त्री पंचम पासवान कमरुद्दीन अंसारी कैफी अंसारी मोजिब अंसारी राजा अंसारी उस्मान सूफी विजय सिंह मोहम्मद उस्मान शाहबाज वेल्डर मोहम्मद शमशाद मोहम्मद इरफान शहीद राजा सलीम राजा प्यारे भाई हीरो जमाल मुस्तकीम अंसारी अल्ताफ अंसारी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।



# छठ महापर्व को लेकर जोड़ा तालाब की साफ-सफाई का निरीक्षण।

समाजसेवी सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने उठाया स्वच्छता का मुद्दा
स्थानीय लोगों की जमीन पर डाली गई जलकुंभियों की शिकायत पर नगर आयुक्त से की बात, शीघ्र कार्रवाई का मिला आश्वासन

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न तालाबों की साफ-सफाई का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। इसी क्रम में समाजसेवी सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता सोमवार को हुरहुरू स्थित जोड़ा तालाब का निरीक्षण करने पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि तालाब की सफाई का कार्य तो आरंभ हो गया है और परिसर अपेक्षाकृत स्वच्छ दिखाई दे रहा है, लेकिन साफ-सफाई के दौरान निकाली गई जलकुंभियों को वहीं पास के स्थानीय लोगों की निजी भूमि पर डाल दिया गया है, जिससे आसपास के निवासियों को असुविधा हो रही है। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए शेफाली गुप्ता ने तत्काल नगर आयुक्त योगेन्द्र प्रसाद से दूरभाष पर संपर्क साधा और पूरी स्थिति की जानकारी दी। इस पर नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि नगर निगम की टीम जल्द से जल्द जलकुंभियों को वहां से हटवा देगी और आसपास का क्षेत्र स्वच्छ बनाया जाएगा।इस अवसर पर शेफाली गुप्ता ने कहा छठ महापर्व केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी आस्था और भावनाओं का प्रतीक है। इसलिए यह हमारा कर्तव्य है कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में सभी लोग श्रद्धा के साथ यह पर्व मना सकें, यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने नगर निगम से यह भी अनुरोध किया कि आगामी दिनों में सभी घाटों और तालाबों की समुचित सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। स्थानीय लोगों ने भी शेफाली गुप्ता के इस तत्पर हस्तक्षेप की सराहना की और कहा कि उनकी पहल से प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लिया, जिससे समस्या का समाधान जल्द संभव हो सकेगा।

इस मौके पर टी. एल मलिक रिटायर्ड डीएसपी, सुबोध कुमार वार्ड पार्षद चंदन मंडल, सुंदर ठाकुर, देवास रंजन, पूनम देवी, अमित कुमार, रघुराम, चंदन कुमार, महेश यादव, उमेश राव, संतोष पासवान, संतोष कुमार रविदास साथ कई अन्य लोग मौजूद रहे।



# 7 वीं हजारीबाग जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता संपन्न।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग, 7 वीं हजारीबाग जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025-26 का समापन कल दिनांक 12 अक्टूबर 2025 की देर रात उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। यह प्रतियोगिता हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के द्वारा मौलाना अबुल कलाम आजाद बैडमिंटन इनडोर स्टेडियम, डी.वी.सी., हजारीबाग में दो दिनों (11 व 12 अक्टूबर) तक सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थानों के लगभग 210 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी वर्गों के रोमांचक मुकाबलों के बाद अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे – ओवरऑल चैंपियनः आर.सी. मिशन रेजिडेंशियल स्कूल, 17 स्वर्ण पदक और 233 अंक लेकर चैंपियन बना। द्वितीय स्थानःचैंपियंस ताइक्वांडो अकादमी, 220 अंक के साथ रनर-अप रही। तृतीय स्थानःसरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हरटोली, 140 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही चतुर्थ स्थानःडिवाइन पब्लिक स्कूल, बरकठा, 110 अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी की नेत्री श्रीमती शेफाली गुप्ता के कर-कमलों द्वारा किया गया, जो कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी देव प्रताप सिंह, श्रीमती रानी शुक्ला, तथा वारंट ऑफिसर अभिनव आकाश उपस्थित थे। इस अवसर पर हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारियों में

पैट्रनः प्रमोद पाठक,अध्यक्षः सुमन कुमार तिवारी,उपाध्यक्षः अंकित रॉय,सचिवः हेमंत कुमार,संयुक्त सचिवः चंदन राणा, रौशन गुप्ता, आकाश शर्मा,कोषाध्यक्षः दिलीप कुमार सदस्यः बिपेन्द्र प्रकाश, अंकित कुमार, राहुल सोनी सुमन सौरभ रवि गुप्ता राजशेखर सिन्हा आलोक रंजन एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए हजारीबाग ताइक्वांडो संघ ने सभी प्रशिक्षकों, निर्णायकों,खिलाड़ियों और सह योगियों का आभार व्यक्त किया।



# राज्य स्तरीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता में पांच वर्ग में सिमडेगा बना चैंपियन।

एक वर्ग का चैंपियन बना हजारीबाग

अनुशासन और मेहनत से कोई भी मंज़िल दूर नहीं, मैदान में आप सभी को देखकर मेरा बचपन याद आ गया।
सलीमा टेटे, भारतीय हॉकी महिला कप्तान

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**






रांचीःस्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,झारखंड सरकार के तत्वा वधान में आयोजित खेलो झारखंड के तहत तीन दिवसीय राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य समापन आज मोराबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं – हॉकी की ब्रांड एंबेसडर सह ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित सुमराय टेटे, पूर्व हॉकी इंडिया उपकप्तान अंशुता लकड़ा, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, ओलंपियन निक्की प्रधान, भारतीय टीम की खिलाड़ी संगीता कुमारी, पूर्व ओलंपियन वीरेंद्र लकड़ा, झारखंड हॉकी के सीईओ रजनीश सिंह, रांची हॉकी संघ के माइकल लाल और जयंत कुजूर। सभी अतिथियों का स्वागत राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग द्वारा पुष्पगुच्छ, पौधा, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। मुख्य अतिथि सुमराय टेटे ने अपने संबोधन में कहा हमारे समय में इस प्रकार के भव्य आयोजन नहीं हुआ करते थे। आज शिक्षा विभाग ग्रामीण खिलाड़ियों को अवसर देने का सराहनीय कार्य कर रहा है। आप सभी जागते हुए सपने देखें और मेहनत करें – सफलता निश्चित है। सलीमा टेटे, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान, ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा आज मैदान में आप सबको देखकर मेरा बचपन याद आ गया। अनुशासन में रहकर मेहनत करें, कभी हार न मानें – एक दिन वही मुकाम हासिल होगा जिसकी आप कल्पना करते हैं। स्वागत भाषण में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने कहा हॉकी झारखंड की रगों में बसती है। हमारे गांव, स्कूल और मिट्टी की खुशबू से यह खेल जुड़ा है। हमें गर्व है कि झारखंड ने देश को अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं। आने वाले वर्षों में आप सभी में से कई खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

***प्रतियोगिता के परिणाम**

बालिका वर्ग अंडर-14: सिमडेगा ने रांची को 3-1 से हराया बालिका वर्ग अंडर-17: सिमडेगा ने रांची को 2-0 से हराया बालिका वर्ग अंडर-19: सिमडेगा ने खूंटी को 3-0 से पराजित किया बालक वर्ग अंडर-14: सिमडेगा ने खूंटी को 5-0 से हराया अंडर-17: हजारीबाग ने रांची को 8- 0 से पराजित कियाअंडर-19: सिमडेगा ने खूंटी को 1-0 से हराया। प्रतियोगिता के सभी विजेता खिलाड़ियों को सभी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से मोमेंटो और मेडल एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। वही बालिका वर्ग में अंडर-14 में बेस्ट गोलकीपर अनुभा केरकेट्टा (सिमडेगा) प्लेयर ऑफ द टूनामेंट सुभागी लुगुन (रांची) वूमेन ऑफ द मैच अनुप्रिया एक्का (सिमडेगा) अंडर-17 बालिका वर्ग में वूमेन ऑफ द मैच पुनीता मांझी (सिमडेगा) बेस्ट गोलकीपर सोनाली तिर्की (सिमडेगा) प्लेयर ऑफ द टूनामेंट अंकिता लकड़ा (रांची) अंडर-19 बालिका वर्ग में वूमेन ऑफ द मैच पूनम बरला (खूंटी) बेस्ट गोलकीपर मनीषा एक्का (सिमडेगा) प्लेयर ऑफ द टूनामेंट मनीषा मिंज (सिमडेगा) बालक वर्ग अंडर-14 वर्ग में मैन ऑफ द मैच अर्पण बाड़ा (सिमडेगा)बेस्ट गोलकीपर एनी अतुल टोप्पो (सिमडेगा) प्लेयर ऑफ द टूनामेंट अर्पण बाड़ा (सिमडेगा) अंडर-17 बालक वर्ग में मैन ऑफ द मैच जॉन होरो (हजारीबाग) बेस्ट गोलकीपर वीरेंद्र कुमार (हजारीबाग)प्लेयर ऑफ द टूनामेंट मंगल देव लकड़ा (हजारीबाग)अंडर-19 बालक वर्ग में मैन ऑफ द मैच सुमित किद्दो (सिमडेगा)बेस्ट गोलकीपर अमन बागे (सिमडेगा)प्लेयर ऑफ द टूनामेंट अमित भेंगरा (खूंटी) हॉकी प्रतियोगिता के साथ ही आज राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। वहीं अंडर-14 वॉलीबॉल के लिए खुली चयन प्रक्रिया का आयोजन भी खेलगांव में संपन्न हुआ। राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग एवं राज्य खेल कोषांग के सभी सदस्यों ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी है।

# वनाधिकार अधिनियम के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निष्पादन को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबागः उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में वनाधिकार अधिनियम (एफ आर ए) से संबंधित वन भूमि पर पट्टा/अधिकार प्रदान करने के मुद्दे पर अंचलाधिकारियों एवं रेंजरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।बैठक में उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों एवं रेंजरों को निर्देश दिया कि वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित वन पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों से संबंधित वादों का निष्पादन आगामी तीन दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें, सभी रजिस्टरों को अद्यतन रखें एवं अभिलेखों का उचित संधारण सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि लंबित वादों का निपटारा संयुक्त सत्यापन के माध्यम से ग्रामसभा स्तर से किया जाए, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी एवं विधिसम्मत हो। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को वनाधिकार अधिनियम से संबंधित सभी नियमों एवं विनियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक वाद के निष्पादन में स्वीकृति या अस्वीकृति के कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेकर नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त के अलावा पूर्वी, पश्चिमी वन प्रमंडल एवं वन्यजीव-अभयारण्य प्रभाग के डीएफओ, सदर एसडीओ, जिला कल्याण पदाधिकारी, संबंधित अंचलाधिकारी, रेंजर सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।



# विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत आयुक्त की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतर्राज्यीय बॉर्डर सीलिंग हेतु विधि-व्यवस्था संबंधी बैठक आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनजर आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतर्राज्यीय बॉर्डर सीलिंग से संबंधित विधि-व्यवस्था की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में आयुक्त द्वारा बॉर्डर क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा में जिलाधिकारी विशाल राज द्वारा बताया गया कि नेपाल के झापा जिला के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की गई है। साथ ही अंतर्राज्यीय बॉर्डर के तहत पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिला के अधिकारियों के साथ भी बैठक सम्पन्न की गई है। जिलाधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि निर्वाचन अवधि के दौरान अब तक लगभग 20 से 25 लाख रुपये की जब्ती (seizure) की गई है, जिसकी सूचना आयकर विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि बॉर्डर एवं संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एसएचओ स्तर पर भी नियमित बैठकें आयोजित की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी थानों में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं कार्यशीलता की जांच शीघ्र सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्राधिकार के बॉर्डर क्षेत्रों की विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित जानकारी साझा की गई।

# नशे की लत से हुआ युवक की मौत, जिले में फल-फूल रहा है स्मैक का गोरख धंधा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




किशनगंज शहर के खगड़ा मेला ग्राउंड क्षेत्र में नशे की लत के कारण एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मो. आसिफ उम्र 22 वर्ष वार्ड नंबर 15, चूड़िपट्टी स्थित कग्जिया बस्ती निवासी का है। मिली जानकारी के अनुसार आसिफ ई-रिक्शा चालक था। खगड़ा मेला ग्राउंड क्षेत्र नशे का अड्डा बन गया है। अधिकतर युवा यहां आकर एविल और स्मैक जैसे नशीले पदार्थों को मोमबत्ती पर गर्म कर सिरिंज से शरीर में इंजेक्ट और सेवन करते हैं। आसिफ भी इसी लत का शिकार हो गया था,जिस कारण उसकी मौत हो गई।आसिफ के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके से नशा लेने का इंजेक्शन भी बरामद हुआ है। शहर में खुलेआम चल रहा है नशे का कारोबार। वही स्थानीय निवासी गुड्डू ने बताया कि क्षेत्र में नशे का कारोबार खुलेआम चल रहा है। कम उम्र के युवा अपनी जिंदगी बर्बाद करें, नशे की लत के कारण शहर में चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि नशा तस्कर शहर से लेकर गांव तक बिना किसी भय के इस गोरखधंधे को अंजाम दे रहे हैं। मृतक के पिता मलीउद्दीन ने बताया कि आसिफ नशे की लत में फंस गया था और बार-बार समझाने के बावजूद वह इससे बाहर नहीं निकल सका। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

आसिफ की मौत के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की माँग कर रहे हैं।

स्थानीय महिलाओं ने बताया कि यहां पर दर्जनों ऐसे घर है जो नशे का कारोबार करते हैं। जिससे युवक नशे की लत के कारण कई आपराधिक घटनाओं को भी अंजाम भी देते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी तीन से अधिक युवकों की मौत हो गई है, जिनकी उम्र 18 से 25 थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। और जांच में जुटी।

# पटना में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ मामले में आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना का केंद्र एक सामुदायिक भवन है, जहां 16 वर्षीय लड़की के साथ अशोभनीय कृत्य किए जाने का आरोप लगा है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 11 अक्टूबर की शाम पटना के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र स्थित एक सामुदायिक भवन में घटित हुआ। यह भवन मंदिर और सार्वजनिक शौचालय के पास स्थित है, जिसकी देखरेख सुनील यादव नामक व्यक्ति करता था। इस भवन में अक्सर स्थानीय लोग आते-जाते रहते हैं और पास में मंदिर होने के कारण धार्मिक गतिविधियां भी होती रहती हैं। पीड़िता के अनुसार, आरोपी सुनील यादव ने उसे निजी काम के बहाने अपने साथ छत पर बुलाया। वहां ले जाकर उसने लड़की के साथ छेड़छाड़ की और अश्लील हरकतें कीं। लड़की ने बयान में बताया कि वह हाथ पकड़कर और छूकर उसे असहज महसूस कराने लगा। जब लड़की ने विरोध किया, तो आरोपी नीचे उतरकर बाहर से गेट बंद कर चला गया, जिससे वह छत पर फंस गई। नाबालिग ने खुद को छुड़ाने के लिए छत की गैलरी से लोगों से मदद की गुहार लगाई। उसकी आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग इकट्ठा हो गए। कुछ लोगों ने सामुदायिक भवन के गेट को खुलवाया, जिसके बाद लड़की बाहर आई और पूरी घटना सबको बताई। जानकारी पाकर गुस्साए स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया तथा मौके पर पिटाई कर दी। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पाटलिपुत्र थाने की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसी तरह आरोपी को भीड़ से निकालकर हिरासत में ले लिया और थाने ले गई। पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की तथा उसके बयान के आधार पर पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। थानेदार अतुलेश कुमार ने बताया कि लड़की का मेडिकल परीक्षण करवाया जा रहा है ताकि साक्ष्य एकत्र किए जा सकें। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जांच निष्पक्ष रूप से की जाएगी। पूछताछ के दौरान आरोपी सुनील यादव ने खुद को निर्दोष बताया। उसने कहा कि उसे साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। उसका कहना है कि वह मंदिर और सामुदायिक भवन की देखरेख करता था, और लड़की अक्सर सफाई में मदद किया करती थी। इसके बदले में वह उसे 50 से 100 रुपये तक दिया करता था। सुनील यादव का कहना है कि लड़की छत पर गेहूं फटकने के लिए गई थी और उसने दरवाजा केवल इसीलिए बंद किया क्योंकि मंदिर के पास कुछ नशेड़ी लोग बैठे थे, जिन्हें देखकर उसे खतरा महसूस हुआ।घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच मामला सुलझाने के लिए बातचीत हुई। बताया गया कि समझौते के तहत लड़की की मां ने एक सादे पन्ने पर लिखकर दिया कि गलतफहमी और बहकावे में उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इस समझौते को स्वीकार नहीं किया। थानेदार अतुलेश कुमार ने स्पष्ट किया कि नाबालिग के बयान के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जा रही है और कानून के अनुसार पॉक्सो के प्रावधानों का पालन किया जाएगा।

# बस से उतरने के दौरान एक वृद्ध व्यक्ति का नूगी गेट में फसने से हुआ घायल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज बस स्टैंड के समीप बस से उतरने के दौरान एक वृद्ध व्यक्ति का नूंगी बस के गेट में फस गया,जिस कारण से वृद्ध व्यक्ति का दया पैर अचानक बस का चक्के के नीचे आ गया । जिससे वृद्ध व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने वृद्ध व्यक्ति को सदर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचा। जहां सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

# चुनाव को लेकर पटना डीएम ने किया पदाधिकारियों की छुट्टी रद्द

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना में जिला प्रशासन आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इस बार चुनाव दीपावली और छठ जैसे बड़े त्योहारों के समय के आस-पास आयोजित हो रहा है। ऐसे में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है। जिसको देखते हुए पटना के जिला अधिकारी त्यागराजन ने 7 अक्टूबर 2025 से लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी स्तर के अधिकारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी हैं। इस फैसले का तत्काल प्रभाव से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। चाहे वह जिला स्तरीय अधिकारी हों, अनुमंडल स्तरीय या प्रखंड स्तरीय, सभी को अपने-अपने मुख्यालयों पर मौजूद रहना होगा। डीएम त्यागराजन के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि दीपावली और छठ पर्व जैसे अवसरों पर भी किसी प्रकार की प्रशासनिक ढील नहीं दी जाएगी। इन त्योहारों पर सार्वजनिक स्थानों पर बड़ी भीड़ जमा होती है, जिससे सुरक्षा और व्यवस्था संबंधी चुनौतियां बढ़ जाती हैं। खासकर छठ पर्व के दौरान घाटों और पूजा स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है, जिसके लिए प्रशासन को अलग से योजनाएं बनानी पड़ती हैं।जारी आदेश के अनुसार सभी अधिकारी अपने तय दायित्वों का निर्वहन करें और छुट्टी के दिनों में भी मुख्यालय में मौजूद रहें। यदि किसी अधिकारी को किसी विशेष परिस्थिति में मुख्यालय से बाहर जाना आवश्यक हो, तो इसके लिए पहले जिला अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यदि कोई अधिकारी बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ता है, तो इसे गंभीरता से लेकर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इस बार प्रशासन को एक साथ दो महत्वपूर्ण कार्यों का सामना करना है। पहला, विधानसभा चुनाव की पूरी प्रक्रिया का निगरानी और क्रियान्वयन; और दूसरा, त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना। चुनावी प्रक्रिया में मतदान केंद्रों की सुरक्षा, मतदानकर्मियों की नियुक्ति और प्रबंधन, ईवीएम मशीनों की सुरक्षा समेत कई कार्य शामिल हैं। वहीं, त्योहारों के दौरान भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा योजनाएं लागू करनी पड़ती हैं। चुनावी मौसम में राजनीतिक गतिविधियां तेज होती हैं। रैलियां, जनसभाएं और प्रचार के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इसके साथ ही त्योहारों की तैयारियां और आयोजन भी चलते हैं। इन दोनों परिस्थितियों को संभालना प्रशासन के लिए एक कठिन कार्य है क्योंकि किसी भी घटना या विवाद का प्रभाव चुनावी माहौल और सामाजिक सौहार्द पर पड़ सकता है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन

**दैनिक समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



घाटशिला विधानसभा उपचुनाव 2025 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन समाहरणालय सभागार में किया गया । रेंडमाइजेशन के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए आदर्श आचार संहिता के प्रावधान, नॉमिनेशन एवं नामांकन प्रपत्र क्रय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। रेंडमाइजेशन से पूर्व राजनीतिक दलों को प्रक्रिया समझाई गई । रेंडमाइजेशन में घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों की संख्या अनुसार आरक्षित सहित बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट का आवंटन किया गया। कुल 300 मतदान केन्द्रों के लिए 390 बीयू, 390 सीयू एवं 420 वीवीपैट आवंटित किए गए। अगला रेंड माइजेशन 30 अक्टूबर को किया जाएगा जिसमें बूथवार ईवीएम आवंटित की जाएंगी । इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, ईवीएम कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी मो. मोजाहिद अंसारी, एडीआईओ श्रीमती पूनम सिन्हा, ईडीएम श्री मनीष प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# SAP एवं CAPF जवानों के आवासन स्थलों पर फॉगिंग, स्वास्थ्य किट वितरण और चिकित्सकीय जांच अभियान संचालित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में प्रशासनिक तैयारियों के साथ-साथ स्वास्थ्य सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी विशाल राज के निदेशानुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों – किशनगंज, ठाकुरगंज, पोठिया एवं कोचाधामन – में SAP एवं CAPF जवानों के आवासन स्थलों पर व्यापक फॉगिंग, स्वास्थ्य किट वितरण और चिकित्सकीय जांच अभियान चलाया गया। विशेष रूप से ठाकुरगंज के UHS लोढा में CAPF कंपनियों के लिए फॉगिंग और स्वास्थ्य जांच की गई, ताकि ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न न हो। इस पहल का उद्देश्य जवानों को मच्छरजनित रोगों से सुरक्षा प्रदान करना और एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण उपलब्ध कराना है। फॉगिंग और स्वास्थ्य किट वितरण से स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में ठोस कदम। जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि चुनाव के सफल और सुरक्षित संचालन के लिए जवानों का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा फॉगिंग, स्वास्थ्य जांच और किट वितरण जैसी पहलें सराहनीय हैं। यह केवल एक औपचारिक कार्य नहीं बल्कि जनस्वास्थ्य और प्रशासनिक जिम्मेदारी का संतुलित उदाहरण है। सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी आवासन स्थल पर जलजमाव, मच्छरों या संक्रमण का कोई जोखिम न रहे। चुनाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग की गंभीरता का प्रतीक है यह अभियान सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग चुनाव को लेकर पूरी तरह गंभीर और सतर्क है। जिलाधिकारी के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा न केवल फॉगिंग और जांच कार्य किए जा रहे हैं, बल्कि जवानों को आवश्यक स्वास्थ्य किट भी प्रदान की गई है जिसमें आवश्यक दवाइयाँ और प्राथमिक उपचार की सामग्री शामिल है। सभी स्थानों पर चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई है ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी का समय रहते उपचार किया जा सके।उन्होंने आगे बताया कि फॉगिंग के साथ-साथ जलजमाव की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और स्वच्छता कार्य भी निरंतर किए जा रहे हैं, जिससे संक्रमण की संभावना पूरी तरह समाप्त हो सके। आशा कर्मियों की जागरूकता रैली से समुदाय में स्वास्थ्य चेतना चुनाव के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग समुदाय स्तर पर भी सतर्कता बढ़ा रहा है। ठाकुरगंज, पोठिया और किशनगंज सहित कई प्रखंडों में आशा कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली जा रही है। रैली के माध्यम से समुदाय को मच्छरजनित रोगों की रोकथाम, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और सुरक्षित पेयजल के उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है।डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि यह अभियान केवल जवानों के लिए नहीं, बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए भी है। जब समुदाय जागरूक होगा, तभी संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल ने न केवल चुनावी तैयारियों को मजबूत किया है बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। जिलाधिकारी के नेतृत्व में चल रहा यह अभियान स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित चुनावी वातावरण की दिशा २में एक ठोस कदम साबित हो रहा है।

# जमशेदपुर के सीतारामडेरा में लूट की योजना बना रहे चार अपराधी गिरफ्तार, पिस्तौल और कट्टा बरामद

**दैनिक समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**




जमशेदपुर : सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के कल्याणनगर में लूट की योजना बना रहे चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा, एक पिस्तौल और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार युवकों की पहचान किशन गगराई (19), मंगल गगराई (21), करन मुंडारी उर्फ झण्टू (25) और अभय नामता (23) के रूप में हुई है। ये सभी सीतामडेरा के ह्यूम पाइप कल्याणनगर इलाके के निवासी हैं। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 12 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे सूचना मिली थी कि कल्याणनगर बस्ती में नदी किनारे कुछ युवक अवैध हथियार के साथ लूट की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी और डीएसपी हेडक्वार्टर-1 के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई और छापेमारी की कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मौके से चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इलाके में लूट की वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। फिलहाल सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है और पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

# छतरपुर को जिला बनाने को लेकर, जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा का हुंकार

### हाईस्कूल में छतरपुर जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**समाज जागरण दीपक सरकार**



छतरपुरः छतरपुर को जिला बनाने को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। छतरपुर, हरिहरगंज, पिपरा, सरैडीह, नौडीहा बाजार, नावा बाजार, डाली, लठेया आदि इलाके के लोगों ने जिला बनाने को लेकर हुंकार भरी। जी हां छतरपुर जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा की दूसरी बैठक छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में सैकड़ो लोगों के बीच संपन्न हो गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद प्रतिनिधि फंटूश जायसवाल ने की, वहीं संचालन अजय कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के संयोजक अरविंद गुप्ता चुनमुन ने विस्तार से जिला बनाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। बैठक को मोर्चा के संयोजक सह जिला परिषद प्रतिनिधि फंटूश जायसवाल, पूर्वी जिला परिषद अमित जायसवाल, पप्पू यादव, तनवीर खान, रणजीत गुप्ता, दीपक सिंह, सन्दीप सरकार ने सम्बोधित किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आजादी के बाद से ही छतरपुर एक पिछड़े इलाके के रूप में चिन्हित रहा है, सरकारें बदलती गई, विधायक, सांसद बदलते गए, लेकिन छतरपुर की किस्मत नहीं बदली, यही कारण है की सारी अहताएँ पूरी करने के बाद भी छतरपुर को जिला नहीं बनाया गया नाही इसका अपेक्षित विकास ही हो पाया। मौके पर उपस्थित सैकड़ो लोगों ने एक स्वर में कहा की छतरपुर जिला बनाने की सारी अहताएँ पूरी करता है। अगर राज्य सरकार ने छतरपुर को जिला नहीं बनाया तो छतरपुर, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार, पिपरा, लठेया, सरैडीह, डाली, चेगौना, नावा बाजार के लोग आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे। बैठक की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार चुनमुन ने कहा की छतरपुर भौगोलिक रूप से, जनसंख्या, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, और परिवहन के दृष्टिकोण से भी जिला बनाने के लिए एक आदर्श इलाका है, छतरपुर को जिला बनाकर, सरकार छतरपुर की विकास सुनिश्चित कर सकती है। वहीं मोर्चा के संयोजक जिला परिषद प्रतिनिधि फंटूस जायसवाल ने कहा की संघर्ष मोर्चा के लोग गांव गांव जाएंगे, जन आंदोलन किया जाएगा, कहा कि सारी योग्यताएं रखने वाले छतरपुर को सरकार द्वारा जिला बनाना ही होगा। क्योंकि छतरपुर जिला बनने की सारी योग्यता रखता है उन्होंने मोर्च को हर सहयोग देने की भी बात कही। वहीं पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद अमित जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे पूरी तरह से इस जनआंदोलन के साथ हैं, वे तन मन धन के साथ आंदोलन का समर्थन करते हैं, आगे कहा कि छतरपुर के जिला बनने से इलाके का तेजी से विकास होगा।

आपको बताते चलें कि मोर्चा को धीरे धीरे इलाके के सभी वर्गों और पंचायत प्रतिनिधियों का समर्थन हासिल हो रहा है। दो दशक पूर्व छतरपुर को जिला बनाने की गतिविधियां शुरू हुई थी, लेकिन पहल नहीं होने से वह मामला ठंढे बस्ते में चला गया। आपको यह भी बताते चलें कि छतरपुर को जिला बनाने को लेकर झारखंड के वर्तमान राज्यपाल संतोष गंगवार, पूर्व राज्यपाल सीपी राधकृष्णन को इलाके के सामाजिक कार्यकर्ता और मोर्चा के संयोजक अरविंद गुप्ता चुनमून ज्ञापन भी सौंप चुके हैं।

बैठक में सर्व समिति से तय किया गया कि छठ पूजा के बाद दो नवंबर दिन रविवार को अगली बैठक की जाएगी। जिसमें कमेटी का विस्तार करते हुए, जिला बनाने के रणनीति पर चर्चा होगी।

मोर्चा की दूसरे बैठक में मुख्य रूप से छतरपुर अनुमण्डल के विभिन्न इलाकों से आये प्रसिद्ध कुमार, कविलास मंडल, दीपक सिंह, पप्पू यादव, रंजीत गुप्ता, मनोज गुप्ता, यमुना यादव, मनोहर यादव, पंचम कुमार, नवल कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, चन्दन कुमार, नागेंद्र सिंह, उमेश यादव, सिपाही सिंह, राकेश सिंह, आनंद यादव, यमुना यादव, सुनील कुमार, उपेंद्र प्रसाद, रवि कुमार,सुरेन्द्र महत्तम, अजय चंद्रवंशी, चन्दन कुमार, सोनू विश्वकर्मा, अजय कुमार यादव, प्रह्लाद कुमार राम, नौशाद खान, तनवीर खान, कुंदन जायसवाल, मनोज यादव, इदरीश अब्बासी, अरुण कुमार ठाकुर, राकेश यादव, सरजू बाबा,छोटू कुमार, बसन्त कुमार, हरिनारायण सिंह, अरुण कुमार रवि, अमित विश्वकर्मा, विनोद सिंह, चंद्रदेव सिंह, तेजस कुमार, कामता सिंह, सहित विभिन्न इलाकों से आये सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# व्यय प्रेक्षकों ने बैंकों के जिला समन्वयक के साथ की बैठक, संदिग्ध लेनदेन या बड़े ट्रांजेक्शन रिपोर्ट करने के दिए निर्देश

**दैनिक समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**




समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में व्यय प्रेक्षक श्री दिलीप कुमार राठौड़ एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी द्वारा जिले के बैंकर्स तथा सभी प्रवर्तन एजेसिंयों के साथ बैठक कर विधानसभा उप चुनाव के निमित्त आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों द्वारा धनबल का प्रयोग करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदाताओं को प्रभावित नहीं किया जा सके, इसे लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुसार सभी बैंक किसी खाते में 01 लाख या उससे अधिक का लेन-देन हो, तो इसकी सूचना तुरंत व्यय कोषांग को देंगे। संदेहास्पद लेन-देन पर कड़ाई से निगरानी रखेंगे । बैंक अपने ग्राहकों के सही लेनदेन एवं परिवहन के संबंध में क्यूआर कोड उपलब्ध कराएंगे । बैठक में बैंक प्रतिनिधियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय व व्यय कोषांग को प्रपत्र 12-डी में रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया । प्रत्याशी तथा उनके अभिकर्ता का इलेक्शन संबंधी बैंक खाता खोलने में प्राथमिकता से अपेक्षित कार्रवाई करने की बात कही गई । सभी बैंकों को यह भी निर्देश दिया गया कि अगर उनकी गाड़ियां नकदी लेकर आवागमन करती हैं तो उनके पास पूरे दस्तावेज होने चाहिए । अगर कोई गाड़ी एटीएम मशीन में पैसा डालने जा रही है या एक बैंक से दूसरे बैंक की शाखा में पैसा भेजा जा रहा है, तो ऐसे में वाहन में बैठे बैंक कर्मी के पास पूरे कागजात हों अन्यथा उड़न दस्ता या स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा पकड़े जाने पर वे भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे । बैठक में उपस्थित केन्द्र और राज्य सरकार की प्रवर्तन एजेंसियां जैसे सी.जी.एस.टी, एस.जी.एस.टी, इनकम टैक्स, जी.आर.पी, आर.पी.एफ, नागरिक उड्डयन, उत्पाद विभाग आदि के पदाधिकारियों को भी नकदी, शराब, ड्रग्स के अवैध परिवहन/ कारोबार पर सतत निगरानी रखने एवं कार्रवाई करते हुए समयबद्ध रिपोर्टिंग का निर्देश दिया गया ।

# अवैध अफीम की खेती रोकने हेतु "Pre-Cultivation Drive" के अंतर्गत जन संवाद कार्यक्रम

### किसानों को वैकल्पिक खेती एवं सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए किया गया प्रेरित

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः जिला प्रशासन, सरायकेला-खरसावाँ द्वारा राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 03 अक्टूबर से 17 अक्टूबर, 2025 तक "Pre-Cultivation Drive"चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जिले में अवैध अफीम की खेती को रोकना एवं किसानों को वैकल्पिक आजीविका की ओर प्रेरित करना है। इसी क्रम में आज चांडिल प्रखंड के हेसाकोचा पंचायत सचिवालय में उपायुक्त श्री नितिश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश लुनायत की उपस्थिति में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सुश्री रीना हांसदा, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल श्री विकास राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री अविनाश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी चांडिल, चौका थाना प्रभारी, स्थानीय मुखिया, ग्राम प्रधान, मनकी-मुंडा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**उपायुक्त श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि–**

अफीम की अवैध खेती न केवल गैरकानूनी है, बल्कि यह समाज और युवाओं के भविष्य के लिए अत्यंत घातक है। प्रशासन का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि जागरूकता और आजीविका संवर्धन है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अफीम जैसी अवैध खेती छोड़कर खरीफझ्ररबी फसलों, बागवानी एवं फलझ्रसब्जी की वैकल्पिक खेती अपनाएं। उपायुक्त ने यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा वैकल्पिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग एवं योजनागत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि यह सामाजिक परिवर्तन का सकारात्मक संकेत है और परिवार एवं समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

वहीं पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश लुनायत ने अफीम की खेती से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर जानकारी देते हुए कहा कि – अवैध खेती में संलिप्त पाए जाने पर 20 वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है।

उन्होंने किसानों को चेताया कि अफीम की खेती के कारण न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक और पारिवारिक नुकसान भी होते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जनजागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप कई किसानों ने स्वयं अपनी अवैध खेती नष्ट की थी, जो प्रेरणादायक कदम है।

इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और किसानों को सरसों, चना, मटर जैसी वैकल्पिक फसलों की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम में किसानों के बीच बीज वितरण किया गया तथा चयनित लाभुकों को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना, धोती-साड़ी वितरण योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) सहित अन्य योजनाओं के तहत परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

# सड़क सुधार की मांग को लेकर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद का अनोखा विरोध,

### हल-बैल के साथ सड़क जोतकर प्रशासन को जगाने का प्रयास छह महीने से फरियाद, न सरकार सुन रही न प्रशासन जाग रहा जनता की पीड़ा लेकर सड़क पर उतरे विधायक खराब सड़कों को अब किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा प्रदीप प्रसाद।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबागः शहर की जर्जर सड़कों और अव्यवस्थित शहरी व्यवस्था को लेकर सोमवार को हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद का अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। विधायक ने लेपो रोड स्थित जर्जर सड़क पर हल-बैल और जुआठ के साथ उतरकर सड़क जोत दी।



उनके इस कदम ने प्रशासनिक सुस्ती व सरकार के खिलाफ एक सशक्त संदेश दिया। इन दिनों हजारीबाग की सड़कों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। हर मोहल्ले, हर मार्ग पर गड्ढों और धूल की भरमार है। बरसात के बाद सड़कें पूरी तरह टूट गई हैं, नालियां जाम हैं और जलजमाव की स्थिति आम हो गई है। शहर में चलना दूभर हो गया है। दुर्गा पूजा बीत गई, अब दीपावली और छठ जैसे बड़े पर्व आने वाले हैं, पर मरम्मत कार्य का कोई नामोनिशान नहीं है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पिछले छह महीनों से वे लगातार जिला प्रशासन और राज्य सरकार को सड़कों, नालियों और शहरी मूलभूत सुविधाओं की दयनीय स्थिति से अवगत करा रहे हैं, लेकिन न तो प्रशासन हरकत में आया और न ही महागठबंधन सरकार ने जनता की पीड़ा को समझने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि जनता हर दिन इस लापरवाही की सजा भुगत रही है। सड़कें टूट चुकी हैं, नालियाँ जाम हैं और शहर की हालत बद से बदतर हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी विभाग केवल बैठकों और कागजी योजनाओं तक सीमित हैं। जमीन पर विकास का कोई निशान नहीं दिखता। नगर निगम की लापरवाही के कारण सड़कों का अस्तित्व लगभग खत्म हो गया है, जबकि अधिकारी और सरकार मूकदर्शक बने बैठे हैं। विधायक ने कहा कि यह सरकार विकास नहीं, बल्कि बहानों की राजनीति कर रही है। लेपो रोड पर विरोध प्रदर्शन के दौरान विधायक ने स्थानीय निवासियों से बातचीत की। लोगों ने उन्हें सड़क की खराब स्थिति, जल निकासी की समस्या और पानी की पाइपलाइन में लगातार आ रही गड़बड़ियों से अवगत कराया। मौके पर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार, एनएचएआई के अधिकारी मनीष कुमार और जलापूर्ति विभाग के अभियंता उपस्थित थे। विधायक ने मौके पर ही अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि सड़क मरम्मत, नाली सफाई और वॉटर सप्लाई पाइपलाइन का कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए। विधायक ने कहा कि शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सड़कों की हालत बदहाल है और जनता पूरी तरह से बेहाल है। उन्होंने कहा कि जनता टैक्स देती है ताकि उसे सुविधा मिले, न कि धूल और कीचड़ में चलना पड़े। अब यह स्थिति असहनीय हो चुकी है। हल-बैल के साथ सड़क पर उतरकर विधायक प्रदीप प्रसाद ने यह संदेश दिया कि जब प्रशासन जनता की परेशानी नहीं देख रहा, तब एक जनप्रतिनिधि के रूप में उन्हें यह रास्ता अपनाना पड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क मरम्मत और शहरी सुधार का कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे और आने वाले विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को मुखर रूप से उठाएंगे। इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता प्रकाश झा, बलराम शर्मा, पंडल यादव, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि सुमन राय, नगर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष

विवेक वरियार, महामंत्री उपाध्यक्ष कुलदीप कृष्णा,नगर युवा मौर्चा अध्यक्ष तरूण कसेरा, ओबीसी मौर्चा अमोल शर्मा, शशि कुमार, सुबोध कुमार सिन्हा, अविनाश कुमार, नगर मंत्री सुचीत कुमार, नगर मंत्री दीपक कुमार, लल्लू सिहं, मंदीप यादव, विशाल राय, कुलदीप यादव, रिशु यादव, अभिषेक जायसवाल, पवन गिरि सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

# अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

झारखंड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति द्वारा आज सर्किट हाउस, हजारीबाग में जिला स्तरीय विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के माननीय सभापति सह विधायक, महेशपुर स्टीफेन मरांडी ने की। इस अवसर पर समिति के माननीय सदस्य सह विधायक, कांके सुरेश कुमार बैठा तथा माननीय सदस्य सह विधायक, जामा डॉ लुईस मरांडी उपस्थित थे। बैठक से पूर्व उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने समिति के माननीय सभापति एवं माननीय सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक में वन, नगर निगम, आपूर्ति, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, परिवहन, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, उद्योग केंद्र, उत्पाद, भूमि संरक्षण, कृषि, उद्यान, पशुपालन, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1 एवं 2, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल (यांत्रिक), पथ प्रमंडल, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समिति द्वारा कल्याण विभाग से छात्रावास संचालन, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं




साइकिल वितरण योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई।

आपूर्ति विभाग को खाद्यान्न उठाव में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्रों के बेहतर संचालन का निर्देश दिया गया।

पुलिस विभाग को अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के कर्मियों को थाना प्रभारियों के रूप में पदस्थापित करने पर बल दिया गया, साथ ही इन समुदायों से संबंधित वादों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। परिवहन विभाग से टैक्स कलेक्शन, डीआरडीए से पीएम आवास (ग्रामीण) एवं अबुआ आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित एससी-एसटी परिवारों की जानकारी ली गई। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं एवं पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों की स्थिति पर गहन चर्चा की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी (पूर्वी, पश्चिमी एवं वन्य प्राणी), उप विकास आयुक्त, डीआरडीए निदेशक, एडीओ (सदर एवं बरही), जिला योजना पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी,

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा), पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, परिवहन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। समिति ने सभी विभागों को अनुसूचित जाति

, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग समुदायों तक सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

# विकसित भारत बिल्डाथॉन कार्यक्रम का प्रतापगढ़ जनपद में हुआ भव्य सजीव प्रसारण

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में विकसित भारत बिल्डाथॉन का जनपद प्रतापगढ़ के पी० एम० श्री कम्पोजिट विद्यालय सुखपालनगर सदर प्रतापगढ़ में सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में विधायक विश्व नाथगंज जीत लाल पटेल ने दीप प्रज्जवलन कर सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, उपस्थित बच्चों से संवाद किया तथा प्रदत्त चार थीम में से बच्चों द्वारा संकल्पित कृषि आधारित प्रोटोटाइप के विषय में जानकारी ली। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने आज के बिल्डाथॉन सजीव प्रसारण कार्यक्रम में उपस्थित रहते हुए इसके सन्दर्भ में बताया कि इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज भारत के कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों हेतु प्रत्येक विद्यालय में एक साथ प्रसारित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद प्रतापगढ़ के पी०एम० श्री विद्यालय सुखपालनगर के साथ ही समस्त उच्च प्राथमिक व संविलियन विद्यालयों में उत्सवपूर्वक



इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में प्रत्येक उच्च प्राथमिक व संविलियन विद्यालय से गाइड टीचर के नेतृत्व में 5 बच्चों की टीम बनी है, यह टीम भारत सरकार द्वारा प्रदत्त चार थीम आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत पर कोई एक प्रोटोटाइप/प्रोजेक्ट का निर्माण करेगी। इस प्रोजेक्ट को 30 अक्टूबर तक निर्धारित पोर्टल पर सबमिट किया जाना है, जिनमें से प्रोजेक्ट पुरस्कृत किये जायेंगे। संविलियन विद्यालय सुखपालनगर में आज के जनप दस्तरीय प्रसारण कार्यक्रम में हायर एजुकेशन इंस्ट्रक्टर के रूप में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज प्रतापगढ़ के डॉ० नितेश जौहरी तथा आनन्द प्रताप सिंह, कार्यक्रम का सफल संचालन धर्मेंद्र ओझा ने किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) योगेन्द्र सिंह, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह, एस०आर०जी० आशुतोष, राजीव कुमार सिंह, डॉ० आशुतोष सिंह, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सदर नवीन प्रताप सिंह, विनय डॉ० योगेश प्रताप सिंह, ए०आर०पी० सदर वासुदेव त्रिपाठी अवनीश, विनय, आनंद, रोशन, पुनीत, गुलशन प्रवीण आदि ने उपस्थित रहकर सजीव प्रसारण कार्यक्रम मे सहयोग प्रदान किया।

# #एक सत्य घटना पर आधारित है।

ऐ घटना मैसूर में एक गांव कि है और गांव का नाम #मेलकोटे है हम वही रहते हैं मे देख कर दंग रह गये। एक इलाके में एक भले आदमी का देवाहसान हो गया लोग अर्थी ले जाने को तैयार हुये और जब उठाकर श्मशान ले जाने लगे तो...? एक आदमी आगे आया और अर्थी का एक पाव पकड़ लिया और बोला के मरने वाले ने मेरे 15 लाख देने है, पहले मुझे पैसे दो फिर उसको जाने दूंगा। अब तमाम लोग खड़े तमाशा देख रहे है, बेटों ने कहा के मरने वाले ने हमें तो कोई ऐसी बात नही की के वह कर्जदार है, इसलिए हम नही दे सकतें मृतक के भाइयों ने कहा के जब बेटे जिम्मेदार नही तो हम क्यों दें। अब सारे खड़े है और उसने अर्थी पकड़ी हुई है, जब काफी देर गुजर गई तो बात घर की औरतों तक भी पहुंच गई। मरने वाले कि एकलौती बेटी ने जब बात सुनी तो फौरन अपना सारा जेवर उतारा और अपनी सारी नकद रकम जमा करके उस आदमी के लिए भिजवा दी और कहा के भगवान के लिए ये रकम और जेवर बेच के उसकी रकम रखो और मेरे पिताजी की अंतिम यात्रा को ना रोको।

मैं मरने से पहले सारा कर्ज अदा कर दूंगी। और बाकी रकम का जल्दी बंदोबस्त कर दूंगी। अब वह अर्थी पकड़ने वाला शख्स खड़ा हुआ और सारे लोगो से मुखातिब हो कर बोलाः असल बात ये है मेने मरने वाले से 15 लाख लेना नही बल्के उसका देना है और उसके किसी वारिस को में जानता नही था तो मैने ये खेल किया। अब मुझे पता चल चुका है के उसकी वारिस एक बेटी है और उसका कोई बेटा या भाई नही है।मानव समाज को सन्देशबेटी बोझ नहीं बेटी दुनिया है सृष्टि की अनमोल धरोहर है बेटी वंश की जड़ दो परिवारों का संगम है बेटी बेटी न होती तो यह दुनिया न होती दुनिया की समस्त बेटियों को प्रणाम करती हूँ

# श्री भुइयां बाबा जी के देव स्थल पर दो दिवसीय मेला व रात्रि जागरण मेला का आयोजन किया गया

**विवेक कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र स्थित सिसेंडी मजरा के रानी सुभद्रा खेड़ा गांव में श्री भुइयां बाबा जी के देव स्थल पर दिनांक 11-अक्टूबर-2025 से 12-अक्टूबर -2025 तक दो दिवसीय मेला व रात्रि जागरण मेला प्रबंधक चंद्रशेखर आजाद पुत्र रामसजीवन, नंदकिशोर (पुजारी),शिवचरण उर्फ कल्लू मेला कमेटी व समस्त ग्रामवासियों के द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें पहले दिन के कार्यक्रम में दिन में मेला का आयोजन किया गया जिसमें इस मेले में सभी वर्ग के लोगों ने मेले का आनंद उठाया और बच्चों ने जमकर झूलो के साथ मस्ती की और उसी रात्रि कठपुतली का नाच बहुत ही सुन्दर ढंग से हुआ इसी के साथ दूसरे दिन दिन में विशाल मेला और शाम मेला कमेटी द्वारा ज्योति आगमन के बाद विशाल रात्रि जागरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें गांव के साथ-साथ क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और माता रानी का आशीर्वाद लिया,

मुकेश सांवरिया और अनन्त महाकाल म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियों से सभी भक्तों का मन मोह लिया और गायक कलाकारों में अनंत,अंशुल, अंकित और महिला गायिका में अर्चना जी ने अपने सुंदर गीतों से भक्तों को मस्ती के साथ खूब नचाया और सभी भक्त भी मां भगवती के दरबार में जमकर नाचे और माता रानी की जयकरो से पूरा मेला प्रांगण गूंज रहा था इस मेल पर जागरण कार्यक्रम अतिथि रहे मोहनलालगंज पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर जी,वरिष्ठ नेता नागेश्वर द्विवेदी जी,प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, शिक्षामित्र अध्यक्ष प्रदीप सिंह, सूर्य प्रताप द्विवेदी,अशोक वर्मा राजन वर्मा, दिलशाद अहमद,हरिशंकर रावत, दीपक वर्मा (एडवोकेट) संजय वर्मा ,ललित दीक्षित ( पत्रकार), रोहित दीक्षित ( पत्रकार), दीपक विमल(पत्रकार) आदि के साथ समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे, मेला व जागरण कार्यक्रम में आए सभी भक्तों का मेला कमेटी आभार प्रकट करती है।





# श्री राम फाइनेंस कंपनी शाखा ब्योहारी में बच्चों को किया गया प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र का किया वितरण बड़ी संख्या में बच्चे एवं अभिभावक रहे मौजूद

### जनपद पंचायत अध्यक्ष आकांक्षी सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्री कृष्ण राजन गुप्ता ने किया प्रमाण पत्र का वितरण

**समाज जागरण**

मध्यप्रदेश के शहडोल जिले अंतर्गत श्री राम फाइनेंस कंपनी शाखा ब्योहारी व्दारा मेधावी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र का वितरण जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्री कृष्ण राजन गुप्ता, सेन्ट्रल अकादमी स्कूल के संचालक रवि मिश्रा, समाज सेवी विक्रमादित्य गुप्ता, शत्रुघ्न पटेल, के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ इसमें श्री राम फाइनेंस कंपनी के मैनेजर चंद्र कीर्ति तिवारी ने बताया कि कक्षा सात से कक्षा बारहवीं तक के छात्रों



को जिनका परिक्षा परिणाम 60%सेअधिक रहा एवं उनके माता-पिता ट्रांसपोटिंग का में संलग्न है ऐसे छात्रों को चार हजार रुपए मात्र और कक्षा ग्यारहवीं, बारहवीं के चार हजार पांच सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि141 बच्चों को वितरित की गई जिसकी सराहना करते जनपद पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि श्री राम फाइनेंस कंपनी का सराहनीय कदम है इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे एवं अभिभावक, श्री राम फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे

# पीएम गतिशक्ति के चार वर्ष संपन्न होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा परिवर्तनकारी पहलों का शुभारंभ

एकीकृत, डेटा-आधारित योजना के लिए सभी 112 आकांक्षी जिलों में जिला मास्टर प्लान उत्तरोत्तर लागू किया जा रहा है ज्ञान प्रबंधन प्रणाली मंत्रालयों, विभागों और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में दोहराने की योग्यता, विस्तारणीयता और पारस्परिक शिक्षण को मजबूत बनाती है

एनएमपी डैशबोर्ड और विकेन्द्रीकृत डेटा अपलोडिंग प्रणाली पारदर्शिता, दक्षता और बहु-क्षेत्रीय समन्वय को बढ़ाती है संग्रह खंड-3 बुनियादी ढाँचे, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर सफलता की कहानियों को प्रदर्शित करता है पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने आज उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के लॉजिस्टिक्स प्रभाग की अनेक परिवर्तनकारी पहलों का शुभारंभ किया। इन पहलों का उद्देश्य बुनियादी ढाँचे की योजना को मजबूती प्रदान करके, अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी बढ़ाकर और समग्र विकास में सहायता देने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढाँचा सुनिश्चित करते हुए सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देना है। श्री गोयल ने इस बात को रेखांकित किया कि सरकार ने अक्टूबर 2024 में 28 आकांक्षी जिलों के लिए पीएम गतिशक्ति जिला मास्टर प्लान (पीएमजीएस-डीएमपी) को विकसित और लॉन्च किया।

ये योजनाएँ पीएम गतिशक्ति प्लेटफॉर्म का उपयोग करके स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ियों, सड़कों और पानी की पाइपलाइनों जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढाँचे के लिए भू-स्थानिक-आधारित योजना बनाने में मदद करती हैं। प्रभावी योजना बनाने की प्रकिया को सक्षम बनाने के लिए स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ियों, सड़कों और पानी की पाइपलाइनों के लिए पाँच क्षेत्र-विशिष्ट उपकरण विकसित किए गए। जिला टीमों के लिए व्यापक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण दिसंबर 2024 में बीआईएसएजी-एन, गांधीनगर, गुजरात में आयोजित किया गया। इसके बाद जिलों और राज्यों के अधिकारियों के लिए नियमित क्षेत्रीय कार्यशालाएँ और ऑनलाइन सत्र आयोजित किए गए। जिलों ने क्षेत्र के विकास के लिए व्यावहारिक उपयोग के तरीके तैयार करना शुरू कर दिया है

# देश की सबसे बड़ी लाइव स्कूल नवाचार प्रतियोगिता में 3 लाख से अधिक स्कूलों की भागीदारी ऐतिहासिक

श्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के सबसे बड़े स्कूल नवाचार आंदोलन - विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 का उद्घाटन किया श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा - हमारे प्रतिभाशाली स्कूली छात्र विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण करेंगे केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में विकसित भारत बिल्डथॉन (वीबीबी) 2025 का उद्घाटन किया। स्कूली छात्रों के लिए भारत के सबसे बड़े समन्वित नवाचार हैकाथॉन- विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 में 3 लाख से ज्यादा स्कूलों ने एक साथ भाग लिया। श्री धर्मेंद्र प्रधान ने उद्घाटन सत्र के दौरान, ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित खोरदा के पीएम श्री गवर्नमेंट हाई स्कूल के छात्रों के साथ बातचीत की।

श्री प्रधान ने अपने संबोधन में इस विशाल स्कूल नवाचार पहल में उत्साहपूर्वक भागीदारी के लिए देश भर के 3 लाख से अधिक स्कूलों और प्रतिभागी छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यहां से निकले नवोन्मेषी विचार नए वैश्विक मॉडल बनाने और घरेलू एवं वैश्विक चुनौतियों के समाधान खोजने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे प्रतिभाशाली स्कूली छात्र एक विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत का सपना वीबीबी जैसे परिवर्तनकारी प्रयासों के माध्यम से साकार होगा। केन्द्रीय मंत्री ने छात्रों से देश के भविष्य को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।



शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव श्री संजय कुमार ने अपने संबोधन के दौरान इस पहल में देश भर के छात्रों की भागीदारी और प्रयासों की सराहना की। श्री कुमार ने यह भी कहा कि यह अनूठा अभियान छात्रों की सीखने की क्षमता को बढ़ाएगा और उनके नवोन्मेषी दृष्टिकोण को मजबूत करेगा। श्री कुमार ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान को उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया।

अटल नवाचार मिशन के मिशन निदेशक श्री दीपक बागला ने वीबीबी के बढ़ते महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बिल्डथॉन नवाचार को एक जन आंदोलन बना देगा। उन्होंने यह भी कहा कि इससे दूरदराज के गांवों के स्कूलों को महानगरों के स्कूलों से जुडेंगे।

श्री प्रधान ने छात्रों और शिक्षकों से बातचीत करने के लिए मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल और दिल्ली कैंट स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नम्बर- 2 का भी दौरा किया। श्री प्रधान ने छात्रों की कई नवीन परियोजनाओं का अवलोकन किया और उनकी सीखने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्रों की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें जिज्ञासु बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में सक्रिय योगदान के लिए आवश्यक उनकी असाधारण रचनात्मकता की सराहना भी की। उद्घाटन सत्र के बाद 120 मिनट का लाइव (नवाचार प्रतियोगिता) इनोवेशन चैलेंज का आयोजन हुआ। दो घंटे लंबे इस लाइव टिंकरिंग सत्र में 1 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने 3-5 की टीमों में काम करके चार विषयों - आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्धि विषय पर आधारित प्रोटोटाइप तैयार किए। इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण स्कूल स्पॉटलाइट्स रहा और इसमें दूरदराज के क्षेत्रों, आकांक्षी ज़िलों, पहाड़ी राज्यों और सीमांत क्षेत्रों के 150 से ज्यादा स्कूल अपनी प्रगति और अपने अनुभव साझा करने के लिए सीधे जुड़े।

# जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह अक्टूबर 2025 में संचालित किये जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्मतर्गत प्रथम सप्ताह की समीक्षा बैठक आयोजित।

अजय कुमार यादव / (समाज जागरण)

कासगंजः जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह अक्टूबर 2025 में संचालित किये जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत प्रथम सप्ताह की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी कासगंज एवं समस्त ग्राम विकास अधिकारियों को को उथले हैण्डपम्पस के चिन्हीकरण की प्रगति कम होने पर यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी द्वारा कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपकी जागरूकता गोष्ठियों की प्रगति कम है अतः इन्हें यथाशीघ्र पूर्ण करायें। स्वास्थ्य विभाग की बी0एच0एस0एन0सी0 बैठकों की प्रगति एवं शिक्षा विभाग के स्कूलों में सपथ एवं संचारी रोगों हेतु जागरूकता रैलियों की संख्या कम पाये जाने पर दोनों विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त दोनो गतिविधियों को यथाशीघ्र पूर्ण करायें। जिलाधिकारी द्वारा नगर विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नगरीय क्षेत्रों में एण्टी लार्वा दवा का छिडकाव एवं फॉगिंग शतप्रतिशत नियमित करायें। बैठक के अन्त में जिलाधिकरी द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया कि इस सप्ताह में सभी विभाग आपसी समन्वय से सभी गतिविधियों को शतप्रतिशत पूर्ण कर लें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संजीव सक्सेना, जिला परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिखा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# थाना पटियाली पुलिस द्वारा सट्टे की खाईबाड़ी करते हुये 01 अभि0 को किया गिरफ्तार, कब्जे से 2150/- रुपये नकद एवं सट्टा पर्चा बरामद ।

समाज जागरण

कासगंज केपटियाली पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध जुआ/सट्टा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी पटियाली संदीप वर्मा के नेतृत्व में थाना पटियाली पुलिस द्वारा दिनांक 12.10.2025 की देर शाम अभियुक्त राजकिशोर पुत्र नत्थूलाल निवासी बीच थोक भरगैन थाना पटियाली जनपद कासगंज को रेलवे फाटक के पास बने यात्री प्रतीक्षालय से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिसके कब्जे से 2150/- रुपये नगद व सट्टा पर्चा बरामद हुए हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पटियाली पर मु0अ0स0 385/25



धारा 13 जी एक्ट (सट्टा) पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई है ।

गिरफ्तार* राजकिशोर पुत्र नत्थूलाल निवासी बीच थोक भरगैन थाना पटियाली जनपद कासगंज 2150/- रुपये नगद व सट्टा पचार्पुलिस लोकेश सिंह भाटी, प्रभारी निरीक्षक थाना पटियाली जनपद कासगंज मय पुलिस टीम

# कासगंज में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

समाज जागरण

कासगंज, 13 अक्टूबर 2025। उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की स-ुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए आज जनपद कासगंज में व्यापक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन और नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में किया गया।



इस अभियान के तहत महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने स्कूल-कॉलेज, गांव, कस्बा, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं और बालिक-ाओं को सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर, कल्याणकारी योजनाएँ, महिला हेल्पडेस्क और कानूनी प्रावधान की जानकारी दी। साथ ही पम्पलेट वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया।

अभियान में साइबर अपराध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के फायदे और नुकसान, घरेलू हिंसा, गुड टच-बैड टच जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा की गई। महिलाओं और बालिकाओं के साथ स्थानीय लोगों को भी शामिल कर सुरक्षित और सशक्त वातावरण बनाने का प्रयास किया गया।

इस प्रकार मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद में महिला और बालिकाओं के कल्याण एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सौजन्यः पुलिस अधीक्षक कार्यालय,

# मिशन शक्ति फेस 5 कार्यक्रम में छात्राओं को किया जागरूक

समाज जागरण

सहावर। कस्बा के विद्या मंदिर विद्यालय में सोमवार को मिशन शक्ति फेस 5 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को नारी सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान को समर्पित था। कोतवाल चमन कुमार गोस्वामी ने महिलाओं तथा विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता मिश्रा अध्यापक प्रवीण बेसन रूबी पचौरी पर प्रवीण हरिवंश गौरव कुमार अभिषेक तोमर संध्या देवीस्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी किसी भी आपात स्थिति या छेड़खानी होने पर महिलाएं और छात्राएं हेल्पलाइन नंबर 1090 या 112 पर कॉल कर सकती हैं। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने सभी से निर्भीक होकर अपने घरों से स्कूल, कॉलेज या अन्य आवश्यक कार्यों के लिए जाने का आग्रह किया। इस अवसर पर महिला आरक्षी पार्वती और दीपा ,अलका सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# कासगंजः स्कूल बस सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने आहूत की बैठक

समाज जागरण

कासगंज, 13 अक्टूबर 2025। जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद कासगंज के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों (कक्षा 1 से 8) में अध्ययनरत छात्रों के विद्यालय आवागमन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की गई।



बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में छात्रों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करना होगा। छात्रों को प्रार्थना सभा में रोड सेफ्टी शपथ दिलाई जाएगी और सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, गोष्ठी और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिए किः आवागमन के लिए केवल उठऋ वाहनों का प्रयोग किया जाए। वाहन क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए।

ई-रिक्शा का उपयोग न किया जाए। प्रत्येक बस में GPRS सिस्टम, चाइल्ड हेल्पलाइन और वूमेन हेल्पलाइन नंबर, और दो टीचरों की व्यवस्था हो।

**ड्राइवर और क्लीनर का पुलिस सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।**

**स्कूल बस पर संपर्क विवरण स्पष्ट अंकित हों।**

**वाहन चालक नशा न करें और ओवरस्पीड से वाहन न चलाएँ।**

**प्रत्येक विद्यालय में मुख्य द्वार पर उउळश कैमरा लगाया जाए।**

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, क्षेत्राधिकारी (यातायात), सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, कासगंज

# पश्चिम कार्बी आंगलांग जिले के हावाईपुर में हुए छठ पूजा बेदी तोड़ने को लेकर तनाव ।

## राज्य सरकार करे हस्तक्षेप ----भोजपुरी परिषद के महासचिव गणेश पासवान, ट्रीपल इंजन भाजपा की सरकार उसके वावजूद ऐसी घटनाएं।

दैनिक समाज जागरण। पश्चिम कार्बी आंगलांग के खेरोनी थानांतर्गत हवाईपुर में हुए छठपूजा घाट क्षतिग्रस्त मामले को लेकर अखिल असम भोजपुरी परिषद का निंदा। परिषद के केंद्रीय समिति के महासचिव ने एक प्रेस वार्ता के जरिये घटना की कड़ी सब्दो में निंदा करते हुए मामले से जुड़े दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगो से मिली जानकारी उक्त स्थान में पिछले कई दशकों से ग्रामीण छठपूजा का आयोजन करते है मगर इस बार अचानक कुछ लोग उक्त जमीन को अपना बताकर बिना किसी अग्रिम जानकारी के पवित्र छठ पूजा के बेदी कैसे तोड़ सकते है। अगर उक्त जमीन किसी भी व्यक्ति का है तो इतने सालों तक वो कहा थे और गांव वालों से पहले इस बात की जानकारी क्यू साझा नही की गई कि जमीन उनका है और इसबार उक्त तालाब में छठपूजा का आयोजन नही करने दिया जाएगा। भोजपुरी समाज कभी किसी जाति धर्म और किसी के सांस्कृतिक का खिलाफ नही जाता और न ऐसा कोई कार्य करता ये जिसके किसी को ठेस पहुंचे मगर बार बार इस समुदाय को कुछ लोग टारगेट कर लेते है और विभिन्न प्रकार से इनपर अत्याचार किया जाता रहा है। इसबार छठपूजा को लेकर यह पहली घटना नही है कुछ महीने तिनसुकिया में हमारे पवित्र पर्व को लेकर विवाद किया गया । हम असम के मुख्यमंत्री और केंद्रीय सरकार से पूछना चाहते हैं कि आखिर हमारे साथ ऐसा सौतेला व्यवहार क्यू किया जा रहा है। छठपूजा लोकआस्था का महापर्व है और बार बार छठपूजा को लेकर इसप्रकार विवाद कहा तक जायज है। हम असम सरकार और प्रशासन से निवेदन करते है कि छठपूजा से पहले सभी जिला में छठ व्रतियो की सुरक्षा सुनिश्चित करे और शांति पूर्वक छठपूजा का आयोजन करने में हमारी मदत करे। कार्बी आंगलांग और असम के जनता से भी हम अपील करते है कि सभी जाति धर्म के लोग अपना अपना उत्सव बड़े धूमधाम से मनाते हैं ऐसे में भोजपुरी लोगो का महापर्व छठपूजा को भी शांतिपूर्ण तरीके से मनाने दे।कुछ लोग छठपूजा को लेकर कई प्रकार के विवादास्पद बयान देते हैं हम उनसे भी अनुरोध करते है कि छठपूजा के महत्व को जाने बिना इसप्रकार का मंतव्य न दे जिसे हमारे बीच भेदभाव बढे। छठपूजा हिन्दू धर्म का एक अनोखा और पवित्र त्योहार है। छठपूजा का शुरू रामायण और महाभारत काल से भी जुड़ा है मगर आज के दौर में कुछ लोग सोशल मीडिया में बिना किसी जानकारी के छठपूजा केवल भोजपुरी, हिंदीभाषी लोग करते है सोचके कई प्रकार के अभद्र टिप्पणी करते है जिस्से हमारी आस्था को ठेस पहुंचती हैं। असम में कई बार भोजपुरी लोगो को विभिन्न कारणों से नीचा दिखाया जाता है मगर अब कुछ लोग हमारे पवित्र पर्व को लेकर अगर इसप्रकार के कार्य करेंगे तो यह सहन नहीं किया जाएगा। हम किसी का विरोध नही करते उसका यह अर्थ नही है कि कोई भी हमारे पवित्र पर्व को लेकर कुछ भी कह दे और हम चुपचाप बैठे देखते रहगें। हम राज्य सरकार से आग्रह करते हैं कि इस मामले की गंभीरता को समझते हुए पूरे असम में छठपूजा को लेकर किसी प्रकार का कोई विवाद न हो इसपर ध्यान रखें और प्रशासन को आदेश दे कि छठपूजा के घाटों में और पवित्र छठ बेदी तोड़ने से घटनाओं में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कारवाई करे ताकि राज्य में सभी जाति जनजाति धर्म के लोगो के बीच एकता और भाईचारा बरकरार रहे। गौरतलब बात यह है कि वर्तमान केन्द्र में तथा राज्य में भाजपा की सरकार है वह हिन्दूत्व की बात करती है और भाजपा शासन में यह घटनाक्रम भारतीय जनता पार्टी को कटघरे में खड़ी करती है। लोगों का कहना है कि जहां असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा चुनाव प्रचार हो हिन्दू धर्म कि बात करते हैं क्या छठ पर्व हिन्दू धर्म के लोगों का पर्व नहीं है क्या ।असम में छठ को लेकर तथा बराबर बिहारीयो हिन्दी भाषी को निशाना बना कर जलील किया जाता है और सरकार मुकदर्शक बन तमाशा देख रही है।

# दिव्या के वायरलेस ग्रास कटर मॉडल का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन दिव्या ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर बढ़ाया जनपद का गौरव

समाज जागरण

कासगंज : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत आज दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ के कॉलेजिएट पब्लिक स्कूल रुचि खंड में किया गया। जिसमे द्रौपदी देवी जाजू सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा दिव्या के मॉडल को राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया है।



जानकारी देते हुए इंस्पायर मानक योजना के नोडल प्रभारी एवं समन्वयक जिला विज्ञान क्लब डॉ जयंत कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2023 24 में इंस्पायर योजना के अंतर्गत जनपद एटा में आयोजित हुई विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में दिव्या के मॉडल को राज्य स्तर के लिए चयन किया गया था।

आज लखनऊ में राज्य स्तर पर आयोजित मॉडल प्रदर्शनी दिव्या ने अपने मॉडल मेकिंग ऑफ वायरलेस ग्रास कटर का प्रदर्शन किया। दिव्या ने पूरे प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया है।उसके मॉडल को राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया।

राज्य स्तर पर पूरे प्रदेश के 150 छात्र /छात्राओं ने अपनेअपने मॉडलों का प्रदर्शन किया, जिसमें 9 मॉडलों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया है।

इससे पूर्व कल दिनांक दिव्या को टीम लीडर विद्यालय की एस्कॉर्ट शिक्षिका रूप लता त्रिपाठी के साथ लखनऊ के लिए रवाना किया गया।

छात्र की इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी प्रणय सिंह, सीडीओ सचिन, एडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह,एसडीएम न्यायिक सुशांत सांवरे,डीआईओएस डॉ इंद्रजीत, बीएसए सूर्य प्रताप सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्य सोमवती शर्मा, एचपीएन दुबे, डी एस पाल, आलोक कुमार दुबे, अभिषेक पांडे आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा को शुभकामनाएं दी हैं।

# एक बालिका ही मां,बहन, बेटी और भविष्य की जननी है -:देवता दीन पाण्डेय

## सशक्त नारी सशक्त समाज अभियान के तहत अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया

समाज जागरण

जनपद बलरामपुर उत्तर प्रदेश कोएलिशन टू एम्पावर गर्ल्स ने "सशक्त नारी, सशक्त समाज" अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया। वढउएऋ उत्तर प्रदेश राज्य के 50 से अधिक संस्थाओं का एक नेटवर्क है, जो किशोरियों के सशक्तिकरण और उनके समान अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए काम करता है।



भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान , जो वढउएऋका सदस्य है, ने आज श्रावस्ती बलरामपुर ज़िले में कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस अवसर पर किशोरियों को उनके कौशल, समान अवसर और सशक्त निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाओं और नीतियों के साथ समन्वय कर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन प्रयासों के माध्यम से न केवल किशोरियों को लाभ मिला, बल्कि राज्य की सामाजिक और शैक्षिक प्रगति में भी योगदान सुनिश्चित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान, कार्यशाला, सामुदायिक बैठकें आयोजित किए गए। किशोरियों ने इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी दिखाई और समुदाय के लोग भी इस प्रयास में शामिल हुए। कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रिंसिपल कन्या इंटर कालेज हर्रइया सुमन यादव रही । इस अवसर पर भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान के मुख्य कार्यकारी देवतादीन पाण्डेय ने कहा कि एक बालिका ही माँ, बहन, बेटी और भविष्य की जननी है। वह समाज की वह कड़ी है जो परिवार और संस्कृति को जोड़ती है। लेकिन दुख की बात है कि आज भी अनेक स्थानों पर बालिकाओं को भेदभाव, बाल विवाह, शिक्षा की कमी और हिंसा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।हमारा कर्तव्य है कि हम इस सोच को बदलें।अगर एक बालिका शिक्षित होती है, तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। अगर एक बालिका सशक्त होती है, तो पूरा समाज सशक्त होता है।सरकार और समाज मिलकर ॾबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओॾ जैसी योजनाओं के माध्यम से बेटियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। परंतु असली परिवर्तन तभी आएगा जब हम सभी अपने घर, अपने मोहल्ले और अपने स्कूल में बालिकाओं को समान अवसर देंगे।

वढउएऋके दृष्टिकोण को साझा करते हुए, मिलान बी द चेंज की प्रोग्राम अधिकारी अंजलि सिंह ने कहा, ॾउत्तर प्रदेश कोएलिशन टू एम्पावर गर्ल्सॾ मिलान की एक सुदृढ़ पहल है, जो किशोरियों के साथ काम करते हुए उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करती है। इस अभियान के तहत, अगले 6 महीनों तक ॾउत्तर प्रदेश कोएलिशन टू एम्पावर गर्ल्सॾ के विभिन्न एनजीओ सदस्य एकजुट होकर बच्चियों के हक, अधिकार और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता फैलाएंगे।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर, सरकार द्वारा चलाई जा रही उन सभी योजनाओं की जानकारी प्रदेश की बच्चियों को दी जाएगी जो उनके हित में हैं, ताकि वे इनका लाभ उठाकर अपना जीवन संवार सकें।ॾ

छह महीने चलने वाले इस अभियान इस अभियान का उद्देश्य है कि लगभग 25,000 से अधिक किशोरियों तक पहुँच बनाई जाए। उन्हें सरकारी योजनाओं और अवसरों की जानकारी दी जाएगी और उनके सशक्तिकरण के जरिए समुदाय और राज्य की सामाजिक प्रगति में योगदान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अभियान ॾसशक्त नारी, सशक्त समाजॾ के माध्यम से, मिलान उन किशोरियों तक पहुँचना चाहते है जो उत्तर प्रदेश के सबसे वंचित क्षेत्रों में रहती हैं और सामूहिक प्रयास व सतत वकालत के जरिए उनके समुदायों में स्थायी परिवर्तन लाना चाहते है। प्रिन्सिपल कन्या इंटर कालेज हर्रइया सुमन यादव ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि हर बालिका को सम्मान, शिक्षा और सशक्तिकरण का अधिकार है।बालिकाएँ हमारे समाज की शक्ति हैं और हमारे राष्ट्र का गौरव हैं।परंतु आज भी कई बालिकाएँ बाल विवाह, शिक्षा की कमी और लैंगिक भेदभाव जैसी समस्याओं से जूझ रही हैं।यह हमारा कर्तव्य है कि हम इस स्थिति को बदलें। बाल कल्याण अधिकारी श्री हरीश शुक्ला ने बाल विवाह , बाल श्रम ,बाल तशकरी को जड़ से मिटाने के लिए सभी साथ आएँ । श्री शिवराम शुक्ला ने बालिकाओ के स्वास्थ्य ,शिक्षा व उनके अधिकार के बारे मे विधिवत बताया । इस अवसर पर ओमप्रकाश जिला विधिक प्राधिकरण के सदस्य , कौसल यादव , अरबिन्द यादव ,अभिमन्यु यादव ,विजय विश्वकर्मा , पुलिस विभाग , महिला आरक्षी पूजा पासवान ,अल्का राजभर व योगिराज पाण्डेय ने अपना अपना बक्तब्य दिया। कार्यक्रम मे 300 बालिकाओं ने भाग लिया ।

# कभी हो सकता है बड़ा हादसा, निजी स्थान पर स्थापित ट्रांसफार्मर

समाज जागरण

कासगंज के कस्बाभ भार्गोनविद्युत विभाग की ओर से कस्बा भरगैन के मोहल्ला रोशन महल के बाशिंदा के आवासीय परिसर में ट्रांसफार्मर स्थित करने से स्वजन परेशान हैं। गृह स्वामी का आरोप है खुले स्थान पर खड़े ट्रांसफार्मर से आए दिन विद्युत चिंगारियां उठने से अफरा तफरीह का माहौल बन जाता है।उक्त ट्रांस फॉर्मर से मोहल्ला लाल बाग, जहानी थोक,हसन थोक,शीशम थोक को भेजी जाती है विद्युत सप्लाई।मोहल्ला रोशन महल निवासी रियासत अली पुत्र अब्दुल हमीद का कहना है कस्बा के मोहल्ला रोशन महल के मुख्य मार्ग के निकट मेरे आवास पर विद्युत विभाग की ओर से स्थापित कर दिया गया है।बार बार शिकायत करने की बाद भी ट्रांसफार्मर का स्थान न बदला गया। घेरा बंदी कर सुरक्षित भी नहीं किया गया।खुले आसान के नीचे संचालित विद्युत चलित ट्रांसफार्मर से कभी हो सकता है बड़ा हादसा।



# कासगंजः ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चोरी व सड़क दुर्घटना के आरोपी दोषी ठहराए गए

समाज जागरण

कासगंज, 13 अक्टूबर 2025। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार गंगा प्रसाद के पर्यवेक्षण में कासगंज पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन टीम ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की।

इसके परिणामस्वरूप 13 अक्टूबर 2025 को ACJ (JD)/JM कोर्ट ने थाना सहावर में पंजीकृत चोरी और सड़क दुर्घटना के मामलों में दो अभियुक्तों को दोषी ठहराया और उन्हें अर्थदण्ड से दंडित किया।

**दंडित अभियुक्त और विवरणः**

राजू उर्फ हासिम खान, पुत्र कासिम खान, निवासी मोहल्ला रामप्रसाद गौड़, थाना अलीगंज, जनपद एटा। मामलाः मु0अ0सं0 237/2004, धारा 379/411 भादवि सजाः न्यायालय उठने तक की सजा और 4,000 रुपये अर्थदण्ड

बच्चू सिंह, पुत्र अनार सिंह उर्फ मुन्नलाल शाक्य, निवासी इतवारपुर, थाना सहावर, जनपद कासगंज मामलाः मु0अ0सं0 161/2019, धारा 279/338 भादवि

सजाः न्यायालय उठने तक की सजा और 2,000 रुपये अर्थदण्ड : इस कार्रवाई से पुलिस ने न्याय सुनिश्चित करने और अपराधियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।

# सीएम को खुला पत्रः 69 दिन बीतने के बाद भी सीवर जाम की समस्या जस की तस — अनिल भारती

समाज जागरण संवाददाता – रमेशचंद्र द्विवेदी

नई दिल्ली। राष्ट्रवादी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल भारती ने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता को एक खुला पत्र लिखकर दिल्ली जल बोर्ड की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के नागरिक पत्रकार सुशील खन्ना (ए-11, ग्राम सभा सेवक पार्क, मेट्रो पिलर 770, नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली) ने 5 अगस्त 2025 को 1916 पर सीवर जाम की शिकायत दर्ज करवाई थी – शिकायत संख्या ऊखइ003002930।

इसके बाद 19 अगस्त को भी संबंधित विभाग को सूचित किया गया, लेकिन 69 दिन बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। अनिल भारती ने बताया कि शिकायतकर्ता ने लगभग 30 बार जेई को फोन किया, लेकिन उन्होंने कभी कॉल रिसीव नहीं किया। वहीं, 13, 15 और 17 अगस्त को 9650291021 नंबर पर भी बार-बार संपर्क करने पर केवल इतना जवाब मिला –

ॾरिमाइंडर भेज दिया गया है, कृपया इंतजार करें।"

**उन्होंने पत्र में लिखा —**

ॾयह इंतजार अब जनता के धैर्य की परीक्षा बन चुका है। दिल्ली जल बोर्ड की लापरवाही ने जनता का भरोसा प्रशासन से हिला दिया है।ॾ

**अनिल भारती ने मुख्यमंत्री से तीन प्रमुख मांगें रखीं —**

संबंधित अधिकारियों के खिलाफ तत्काल जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।

दिल्ली जल बोर्ड की शिकायत प्रणाली को तकनीकी रूप से मजबूत और पारदर्शी बनाया जाए।

जनता की मूलभूत सुविधाओं को "रिमाइंडर" के सहारे न छोड़ा जाए।

# बालश्रम करना व करवाना दंडनीय अपराध है

समाज जागरण

जनपद बलरामपुर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बलरामपुर के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) के निर्देशन मे थाना प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत राव थाना ए0एच0टी0 मय सयुंक्त टीम के साथ सुवाव पुल के पास थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर मे कृपाराम चौरसिया होटल फुलवरिया बाईपास - के यहाँ से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराते हुए अभिभावक को चेतावनी /निर्देश दिए गए तथा बाल तस्करी से आजादी 3.0 अभियान के अर्न्तगत बालश्रम,बालभिक्षावृत्ति, बाल विवाह,बचपन बचाओ आन्दोलन - एक युद्ध नशे के विरुद्ध आदि के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया। गया 1- थाना प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत राव ,2- हेड कांस्टेबल रूपेश कुमार ,3- का असलम सिद्दीकी 4 - महिला आरक्षी डाली द्वारा अभियान के दौरान मौके पर मौजूद जनता को जागरूक किया गया होटल ढाबा वर्कशॉप मालिकों को हिदायत दी गई कि बाल श्रम करना व कराना दंडनीय अपराध है।

# श्रीभूमिः दुल्लभछड़ा क्लब आर्यभट्ट की कालीपूजा तैयारी में जुटी समिति

श्रीभूमि, संवाददाता दैनिक समाज जागरण।

श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा स्टेशन रोड स्थित 1973 में स्थापित क्लब आर्यभट्ट की कालीपूजा की तैयारियाँ पूरी जोरों पर हैं। पूजा को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए नई समिति का गठन भी किया गया है। समिति में अध्यक्ष पद पर राजीव दास, उपाध्यक्ष में देवार्घ सेनगुप्ता और दिवाकर कुमार, सचिव में दीपक देवनाथ, सह-सचिव में दीपांजन दास और अभिजीत विश्वास, और कोषाध्यक्ष में ऋषभ दास चुने गए हैं। सलाहकार मंडल में शुभेंदु दास, चंदन पाल, दीपक दास, बाबुल भौमिक, अशोक सेनगुप्ता, सुजय राय, देवाशीष सेनगुप्ता, कृष्णपद मालाकार, दीपरदीप दास सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।



दीपावली महोत्सव और कालीपूजा के अवसर पर आगामी 20 अक्टूबर (सोमवार) को समिति द्वारा निर्मित पंडाल का उद्घाटन लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम रात 8 बजे स्थानीय कलाकारों के साथ शुरू होगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कालीपूजा में प्रसाद ग्रहण करने और पंडाल में उपस्थित होने का विनम्र अनुरोध किया है।

# बालिका के हत्यारे को 22 दिनों में आजीवन कारावास

समाज जागरण

फिरोजाबाद। न्यायालय ने 10 वर्षीय बालिका की रस्सी से गला दबाकर हत्या करने की दोषी को मात्र 22 दिन में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने उस पर अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना राजावली के गढ़ी पाण्डेय निवासी देवेंद्र सिंह अपनी दस वर्षीय पुत्री के साथ 27 अगस्त 25 को बकरिया चराने गया था। वह सड़क किनारे बनी बाउंड्री में बकरियों को छोड़ घर पर चाय पीने घर चला गया। बेटी को मोबाइल फोन देकर वही बिठा आया।
कुछ देर के बाद वह लौट कर वहा पहुंचा तो उसकी बेटी नहीं मिली। फोन भी स्विच ऑफ था। काफी तलाश के बाद बालिका का शव बाजरे के खेत में मिला। पिता ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर विवेचना के आधार पर अभियुक्त ध्यानपाल उर्फ पप्पू को 30 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। वह भी गांव का ही रहने वाला था। वह गलत नियत से बच्ची को ले गया था। बालिका के चिल्लाने पर उसकी रस्सी से गला घोंट कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने उसके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पोक्सो मुमताज अली की अदालत में चला।
अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक अवधेश भारद्वाज ने ने की। मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने मात्र 22 दिनों में उसे 103(1), 137(2),238, बीएनएस तथा 11/12 पोक्सो एक्ट का दोषी माना।
न्यायालय ने ध्यानपाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उस पर 62,000 रुपया। अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# व्यापार मंडल ने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक नगर को सोपा ज्ञापन!

समाज जागरण- ब्रजमोहन सिंह



फिरोजाबाद,! व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष पंडित रविंद्र लाल तिवारी के दिशा निर्देशन में महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में आने वाले पावन पर्व दीपावली पर्व, धनतेरस, भैया दूज ,गोवर्धन पूजा के लिए शहर में व्यवस्था की तैयारियो के संबंध में एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद , तथा नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे तथा सीओ सिटी प्रवीन तिवारी को ज्ञापन दिया गया। सात सूत्रीय ज्ञापन के माध्यम से निम्नबत समस्याओं को रखा गया।
1.धनतेरस से गोवर्धन पूजा तक स्थानीय सेंट्रल चौराहे से छोटा चौराहे तक ई रिक्शा पूर्ण रूप से प्राप्त है 9:00 बजे से लेकर रात्रि 12:00 बजे तक प्रतिबंधित किए जाएं जिसमें बर्फ खाने से निकासी कटरा पठान होते हुए लोहा मंडी की तरफ की जाए एवं बर्फ खाना चौराहे से शिवाजी मार्ग होते हुए सर्कुलर रोड की तरफ की जाए जिसमें गंज चौराहा से दूध वाली गली बजरिया से नाल बंधन से पूर्ण रूप से सदर बाजार की तरफ आने वाले ई रिक्शा प्रतिबंधित किये जाएं।
2.धनतेरस एवं दीपावली पर पर सरार्फा बाजार में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदर बाजार, गंज चौराहा, कृष्णपाड़ा, चंदवार गेट ,कोटला रोड आगरा गेट, रामनगर सहित अन्य बाजारों में रात्रि कालीन तक पुलिस फोर्स की उचित व्यवस्था की जाए।
3. दीपावली पर दीपावली से संबंधित विक्रय वस्तुओं की फड़ की दुकान जिसमें मिट्टी की मूर्ति, माला एवं साज सज्जा की तथा खील बतासेआदि की दुकानों को पूर्व निश्चित स्थान पर जैसे फ्रेंड्स ग्लास रानी वाला मार्केट, पुरानी तहसील के अंदर, थाना दक्षिण के पीछे तथा रामलीला चौराहे पर एवं गांधी पार्क में लगवाना सुनिश्चित करें जिससे अन्य दुकानदारों को परेशानी ना हो ।
4. फिरोजाबाद जनपद के संबंधित क्षेत्रीय थानों में व्यापारियों की समस्या को फिरोजाबाद व्यापार मंडल के पदाधिकारी द्वारा रखी जाती है उसको प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाए ।
5. संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया जाए की पांच दिवसीय दीपावली पर्व पर विद्युत आपूर्ति बाजारों में 24 घंटे सुचारू रूप से संचालित की जाए ।
6. फिरोजाबाद नगर निगम के सक्षम अधिकारियों को निर्देशित किया जाए की दीपावली के पर्व के त्योहार पर कलई, प्रत्येक चौराहे पर रंगोली ,सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से की जाए एवं प्रमुख बाजारों में जैसे सेंट्रल चौराहे से लेकर घंटाघर चौराहे तक नगर निगम के द्वारा आकर्षक सजावट कराई जाए। जिससे बाजार सुसज्जित लगे एवं आगरा गेट से लेकर नाल बंदान चौराहे तक गंज मोहल्ला से लेकर कोटला रोड होते हुए नगला करन सिंह तक बजरिया से लेकर चंदवार गेट होते हुए रामनगर बाजार तक जलेसर रोड आदि की खराब पड़ी लाइटों को तत्काल प्रभाव से ठीक कराई जाए अन्यथा बदलवाई जाएं ।
7. यातायात प्रभारी को निर्देशित किया जाए शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक के जवानों की उचित व्यवस्था की जाए जिससे कि शहर वासियों को जाम की समस्या से न जूझना पड़े क्योंकि त्यौहार की वजह से शहर में खरीदारी के लिए आवागमन ज्यादा मात्रा में रहेगा। नगर मजिस्ट्रेट साहब तथा एसपी सिटी साहब ने सभी समस्याओं को बिंदुवार ध्यानपूर्वक सुना तथा सबका निराकरण अभिलंब करने का आश्वासन दिया। संचालन महानगर वरिष्ठ महामंत्री रामबाबू झा ने किया । ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष रविंद्र लाल तिवारी महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल , महिला महानगर अध्यक्ष नीतू शर्मा राजेश अग्रवाल अरजेश उपाध्याय , परसराम लालवानी , दिनेश यादव , विजय भमानी , नवीन उपाध्याय , राकेश बाबू शर्मा , मुफीद खान , देशराज ,जाकर पहलवान, फैजल कुरेशी , इंद्रजीत अतीक भाई ,दीपक गुप्ता , पंकज यादव पार्षद , गौरव जैन , नदीम खान फैजल कुरैशी , सहित दर्जन व्यापारी मौजूद रहे!

# थाना बादलपुर क्षेत्र में नकली शराब के खिलाफ अभियान, संदिग्ध वाहनों की जांच

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। @DCPCentralNoida के निर्देशन में एसीपी-2 सेक्टर नोएडा के नेतृत्व में थाना बादलपुर प्रभारी एवं आबकारी निरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों पर नकली/अवैध शराब की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन जांच की तथा दुकानों पर स्टॉक एवं लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की भी जांच की। संबंधित दुकानदारों और कर्मियों को कानूनी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
पुलिस ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

# गरीब विधवाओं दिव्यांगजनो और नट जाति को मिलेंगे आवास

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! सोमवार को मुख्यमंत्री द्वारा निराश्रित गरीब विधवाओं दिव्यांगजनों और भ्रमणशील नट्जन जाति को आवास उपलब्ध कराने की एक मानयोचित पहल की गई है, जिससे उनके जीवन को सुरक्षित और उन्नतशील बनाया जा सके, इसी क्रम में जनपद फिरोजाबाद के प्रशासन द्वारा भी मुख्यमंत्री के इस मानयोचित कार्य को पूरा करने हेतु जिलाधिकारी के नेतृत्व में अपने को कृत संकल्पित कर लिया है, जिले में दिव्यांग जनों को 596 आवास, निराश्रित महिलाओं को 560 आवास, जबकि नट जनजाति को 15 आवास आवंटित




किए गए हैं, साथ ही साथ प्राकृतिक अथवा देवीय आपदा के कारण जो आवास विहीन हो गए है, उन्हें 9 आवास आवंटित किए गए हैं, अगर हम ब्लॉक अनुसार प्रगति की बात करें तो अरांव ब्लॉक में 132 के सापेक्ष अभी तक 51 आवासों का रजिस्ट्रेशन हुआ है, एका ब्लॉक में 156 के सापेक्ष 65 का रजिस्ट्रेशन हुआ है, जबकि फिरोजाबाद में 175 के सापेक्ष 175 आवासों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, जबकि जसराना में 119 के सापेक्ष 71 का रजिस्ट्रेशन हुआ है, खैरगढ़ में 29 के सापेक्ष 21 का रजिस्ट्रेशन हुआ है, जबकि मदनपुर में 134 के सापेक्ष 134 का रजिस्ट्रेशन हुआ है, जबकि नारखी में 203 के सापेक्ष 85 का रजिस्ट्रेशन, शिकोहाबाद में 131 के सापेक्ष 76 का, टूंडला में 161 के सापेक्ष 48 का रजिस्ट्रेशन हुआ है, ब्लॉक नारखी में परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी द्वारा समीक्षा की गई जहां पर सबसे अधिक स्थिति खराब पाई गई, जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने यहां रजिस्ट्रेशन के कार्य को शीघ्र पूरा कर लें, जिससे निराश्रित लोगों को आवास समय पर उपलब्ध कराए जा सके।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में उत्साहपूर्वक मनाया गया विकसित भारत बिल्ड्थोन कार्यक्रम

समाज जागरण

सिरसागंज! नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य संदीप कुमार जैन एवं विद्यालय के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में विकसित भारत बिल्ड्थोन-2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद, सिरसागंज की अध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय द्वारा भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। तदुपरांत मंगलाचरण श्रीमती प्रीती जैन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान श्रीमती साधना मोडवेल द्वारा तैयार विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इसके साथ ही इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों द्वारा देखा गया।



कार्यक्रम में जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन द्वारा विज्ञान के चमत्कार दिखाए गए, इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान के विभिन्न प्रयोग भी किए गए। श्रीमती रंजना सिंह ने विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना करते हुए विकसित भारत की संकल्पना पर विस्तृत व्याख्या की। धीरेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को बताते हुए उन्होंने 2047 की कल्पना को साकार करने के बिन्दु प्रदान किए।आशीष पाण्डेय ने विद्यार्थियों के द्वारा किए गए विज्ञान के प्रयोगों एवं उनके मॉडलों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रयोग के माध्यम से मॉडल प्रस्तुत किए। जिनमें नव्या ने ज्वालामुखी परीक्षण, रितिक ने प्रिज्म द्वारा विचलन, प्रभात ने अमीटर तथा वोल्टमीटर की सहायता से विशिष्ट प्रतिरोध, वासु देव ने इलेक्ट्रिक प्लर सिस्टम, सचिन ने गणितीय प्रमेय, दिव्या ने मानव हृदय, विशाल और गुलशन ने व्हीट स्टोन सेतु, विराट और मनीष ने रॉकेट परीक्षण, रोहित ने लेंसों के उपयोग, निखद ने दीपक, माइक्रो स्कोप आदि प्रमुख रहे। सभी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संजय कटारा, राजकुमार, संजीव जैन, अंजय जैन, नितिन जैन, मनोज जैन, विपुल जैन, राजीव जैन, नितिन मिश्रा, विष्णुमणि, ध्रुव कान्त झा, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, सत्यपाल सिंह, निर्भय जैन, शैलेन्द्र जैन, नितिन जैन, सुनील जैन, संतराम, मनोज शाक्य, कीर्ति जैन आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी पुलिस अभिरक्षा जिला अस्पताल से हुआ फरार पुन: मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

समाज जागरण

फिरोजाबाद! थाना रसूलपुर पुलिस ने फतेहाबाद रोड से मुठभेड़ के बाद दुष्कर्म का आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था जिसे उपचार के लिए सरकारी जिला अस्पताल लेकर आए जहां सोमवार की भोर में पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया पुलिस ने उसे थाना नारखी क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया पुलिस उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है!



थाना लाइन पार क्षेत्र के ओम कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र लाल सिंह के खिलाफ एक नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास का मुकदमा थाना रसूलपुर में लिखाया गया था! जिसे रविवार की रात पुलिस ने फतेहाबाद रोड से मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी थी और उसके पास से एक तमंचा एक खोखा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए थे! उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए जहां डॉक्टर ने उपचार के द्वारा उसे जिला अस्पताल के वार्ड नंबर 2 में रेफर कर दिया तीन पुलिसकर्मी उसकी अभिरक्षा में थे सोमवार की भोर में वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमें मैं हड़कंप मच गया अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया उसे गिरफ्तार करने के लिए तीन टीमों को गठित किया गया था सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के अनुसार वह जलेसर रोड के आसपास जाता हुआ दिखाई दिया पुलिस उसको तलाशते हुए थाना नारखी के क्षेत्र के दाऊ दयाल कॉलेज के समीप पहुंची ही थी तभी नारखी पुलिस भी वहां पहुंच गई पुलिस को देख संतोष ने फायर कर दिया पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आत्म रक्षार्थ गोली चलाई जिसमें संतोष घायल हो गया पुलिस उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई है! जहां उसका उपचार जारी है! पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा तीन खोखा चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया लापरवाही बरतने को लेकर तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है!

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से हर घर में गूंजेगा 'घर-घर स्वदेशी' का संदेश – सांसद अतुल गर्ग

समाज जागरण




गाज़ियाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता में आज नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय में एक विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर सदर विधायक संजीव शर्मा एवं मुख्य वक्ता सांसद अतुल गर्ग उपस्थित रहे।
प्रेस वार्ता में "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान (25 सितम्बर – 25 दिसम्बर 2025)" के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों एवं आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को "हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशीह्न के संदेश से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का लक्ष्य भारत को सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। इसके अंतर्गत देशभर में विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाएँ, प्रतियोगिताएँ, सम्मेलन, संवाद एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।
सांसद गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रदेश एवं जिला स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर दी गई है। उन्होंने बताया कि–

1 से 5 अक्टूबर तक वक्ता कार्यशालाएँ आयोजित की गईं तथा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर "स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम" संपन्न हुआ।
9 से 18 अक्टूबर तक सभी प्रशासनिक जिलों में "स्वदेशी मेले" का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय उत्पादों एवं स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
नवंबर माह में भाषण, निबंध, क्विज प्रतियोगिताएँ तथा महिला एवं युवा सम्मेलन आयोजित होंगे।
1 से 25 दिसम्बर तक घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से हर घर और दुकान तक "घर-घर स्वदेशी" का संदेश पहुँचाया जाएगा।
सांसद ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के "मन की बात" (28 सितम्बर) में दिए गए स्वदेशी अपनाने के आह्वान को घर-घर तक पहुँचाने की जिम्मेदारी भाजपा कार्यकताओं ने निभाने का संकल्प लिया है।
विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि "आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन है।"
उन्होंने बताया कि गाज़ियाबाद महानगर में टीमें गठित की जा चुकी हैं, जो मंडल एवं बूथ स्तर पर बैठकों के माध्यम से जन-जागरूकता का कार्य कर रही हैं।
अंत में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत गाज़ियाबाद में पहले चरण में स्वदेशी जनजागरण रैली, बूथ बैठकों, और कार्यशालाओं का सफल आयोजन किया जा चुका है।
उन्होंने कहा कि–
प्रधानमंत्री मोदी जी के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने में गाज़ियाबाद अग्रणी रहेगा। हमारा लक्ष्य है कि हर घर तक ह्यघर-घर स्वदेशीह्न का संदेश पहुँचे और हर नागरिक अपने स्तर पर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे।"

उन्होंने आगे कहा कि अभियान से जुड़ी सभी गतिविधियाँ सोशल मीडिया पर #GharGhar Swadeshi और #AtmanirbharBharat हैशटैग के माध्यम से साझा की जाएँगी, ताकि जनसहभागिता अधिकतम हो सके। अंत में मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने सभी पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "मीडिया के सहयोग से आत्मनिर्भर भारत का यह अभियान गाज़ियाबाद को नई पहचान देगा।"

प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से अभियान संयोजक सुशील गौतम, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, कामेश्वर त्यागी, नवनीत मित्तल, पुष्पेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# राजा का ताल स्थित आर.के. कैंपस में शांति आगार मैरिज होम का शुभारंभ

समाज जागरण

फिरोजाबाद। राजा का ताल चमेली बाग स्थित आर.के. कैंपस में शांति आगार मैरिज होम का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शहर विधायक मनीष असीजा एवं महापौर कामिनी राठौर ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि शांति आगार मैरिज होम आ धु नि क सुविधाओं से युक्त है, जो प्राकृतिक सौंदर्य और विशाल



परिसर के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। आयोजकों ने बताया कि यहां विवाह समारोह, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।
कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शुभारंभ के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। मैरिज होम के संचालक नरेश चंद्र बंसल ने बताया आज भागदौड़ भरी जिंदगी मे आपकी खुशियों कों यादगार बनाने के लिए इस मैरिज होम कों आधुनिक साज सज्जा के साथ प्राकृतिक सौन्दर्य से सजाया गया है.जो अब सेवाए देने के लिए तैयार है.!

# निर्भय रहें बेटियां , पुलिस है आपके साथ - कल्पना राजौरिया

### - मेडिकल कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण

समाज जागरण फिरोजाबाद। मेडिकल कॉलेज जलेसर रोड कैंपस में सोमवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग और



पैरामेडिकल की 160 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. योगेश गोयल ने शुभारंभ किया। मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी कल्पना राजौरिया ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, अधिकार और आत्मनिर्भरता से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, महिला शक्ति केंद्र, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 1090, 181, 112 और 108 सेवाओं की उपयोगिता समझाई।
उन्होंने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में महिला हेल्पलाइन 1090 या 181 पर तुरंत संपर्क करें। सार्वजनिक स्थानों पर सतर्कता बरतने, मोबाइल में सुरक्षा ऐप्स डाउनलोड करने, देर रात अनावश्यक आवागमन से बचने और विश्वसनीय परिवहन साधनों का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार की उत्पीड़न की घटना होने पर पुलिस से सीधे संपर्क करने या कॉलेज प्रशासन को सूचित करने में झिझक न करें। उन्होंने बताया कि यदि कहीं फंस जाए रात में तो 181 डायल करके पुलिस की मदद ले सकते हैं।
कल्पना राजौरिया ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं और सुरक्षा उपायों की जानकारी समाज की अन्य महिलाओं तक भी पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार भी रखे और कहा कि ऐसे आयोजन उन्हें आत्मविश्वास, साहस और जागरूकता प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में कॉलेज का स्टाफ और शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं।

# संविधान और लोकतंत्र की चोरी नहीं होने देगी कांग्रेस इसके लिए चाहे जितना भी संघर्ष क्यों न करना पड़े पीछे नहीं हटेगी पार्टी!

समाज जागरण

फिरोजाबाद! उक्त विचार कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने बस स्टैंड फिरोजाबाद , हाजीपुरा , जनपद न्यायलय आदि स्थानों पर " वोट चोर - गद्दी छोड़ " जन आंदोलन के अंतर्गत करायें जा रहे हस्ताक्षर अभियान में व्यक्त करते हुए कहा कि वोट चोरी कर सत्ता हासिल करके मोदी सरकार



लोगों के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त करने का काम कर रही है और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को पूरी तरह से तहस नहस किया जा रहा है! लोग त्राहि - त्राहि कर रहे हैं मोदी सरकार केवल चंद्र पूंजीपतियों के लिए समर्पित होकर काम कर रही है! कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी दिशा में बर्दाश्त नहीं करेगी और इस जन आंदोलन के द्वारा जन-जन को यह बताया जा रहा है कि भाजपा सरकार जनता के हितों और सुविधाओं की अनदेखी कर रही है ' कार्यक्रम में वरिष्ठनेता हाजी सईद पटेल , जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी , लक्ष्मी प्रकाश गुप्त , जहीर खाकसर , बाबू राम निशंक , किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव , जिला महासचिव अनिल यादव , सुरेश चन्द्र कौशल , सलीम अहमद जिलाध्यक्ष दिव्यांग , डॉ आसिम , अशोक कुमार , हरिओम ,आशिफ शेख , मोहसिन, उवेदुला सहित अनेकों लोग मौजूद रहे '

# विधायक संजीव शर्मा ने वार्ड 22 में विधायक निधि से विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया

समाज जागरण

**क्षेत्र की जनता ने विधायक संजीव शर्मा का किया जोरदार स्वागत**

**आज के निर्माण कार्य की अनुमानित लागत करीब 25 लाख है**



गाजियाबाद। गाजियाबाद शहर को आदर्श शहर बनाने की मुहिम में जुटे विधायक संजीव शर्मा ने रविवार को वार्ड 22 सूर्या एन्क्लेव में मैन गेट से लेकर अजय चौधरी के मकान तक इंटरलाकिंग टाइल्स व नाली का निर्माण कार्य का लोकार्पण किया जिसकी अनुमानित लागत लगभग 25 लाख है।
विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जनता ने उन्हें जिस भरोसे से अपना प्रतिनिधि चुना है, उस भरोसे पर खरा उतरना ही उनकी प्राथमिकता है। शहर की जनता उनका परिवार ही है और परिवार के प्रत्येक सदस्य की समस्या के समाधान के लिए वे दिन रात तत्पर हैं। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपडा ने बताया कि विधायक बनने के बाद से ही विधायक संजीव शर्मा एक जनसेवक के रूप में शहर में विकास कार्य कराने के लिए जुटें हैं और हर रोज विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य व विकास कार्य करा रहे हैं। विकास कार्यो का यह सिलसिला इसी प्रकार जारी रहेगा और जल्द ही गाजियाबाद शहर एक आदर्श शहर के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

# देश को विकसित करने में वोकल फॉर लोकल बहुत बड़ी भूमिका निभा सकता है - संजीव शर्मा

मनीष कुमार त्यागी/समाज जागरण

गाजियाबाद। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विजयनगर में आए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत Buildathon 2025 के अंतर्गत आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ विभा चौहान, शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने ऑडियो वीडियो के माध्यम से दिए गए लिंक की सहायता से प्रोग्राम का सजीव प्रसारण देखा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर विधायक संजीव शर्मा एवं क्षेत्र के पार्षद एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, इस अवसर पर संजीव शर्मा ने अपने संबोधन ने कहा कि देश को विकसित करने में वोकल फॉर लोकल बहुत बड़ी भूमिका निभा सकता है, प्रत्येक व्यक्ति अपना योगदान करें तथा अपने सुझाव प्रदान करें। उन्होंने बताया कि उत्तर



प्रदेश में जितना विकास गाजियाबाद जिले में हुआ है उतना प्रदेश में किसी भी जिले में नहीं हुआ है, गाजियाबाद में हवाई अड्डा, मेट्रो रेल, रैपिड रेल, दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरीफेरल आदि सब गाजियाबाद के विकास की झलक है।
उन्होंने यह भी बताया की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के हर जिले को अपना उत्पाद विकसित करने की योजना दी है जिससे हर जिले की अपनी एक विशेष पहचान हो और वह उत्पादन देश की प्रगति में और देश को 2047 तक विकसित करने में अपना योगदान करेगा।
इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं खुशी यादव और रितिक द्वारा वोकल फॉर लोकल पर अपने विचार व्यक्त किए गए एवं 2047 में विकसित भारत की संकल्पना पर डॉ विभा चौहान प्रधानाचार्य द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए, इस अवसर पर छात्रों द्वारा प्रोजेक्ट भी प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।